ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 21 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 198 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

गैंगस्टर बिश्नोई ने सलमान खान को मारने की... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### लद्दाख हादसे पर सीएम हेमंत ने जताया दुख

**रांची।** लद्दाख में सड़क दुर्घटना में भारतीय सेना के नौ जवानों के सर्वोच्च बलिदान पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है। शनिवार रात मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर शोक संदेश में कहा- लद्दाख में लेह के पास सेना के ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से नौ जवानों के बलिदान के दुखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा दिवंगत जवानों की आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। उन्होंने घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### एटीएस ने भोला पांडेय गिरोह के सक्रिय सदस्य को किया गिरफ्तार

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस ) ने भोला पांडेय गिरोह के सक्रिय सदस्य नरुद्दीन उर्फ नरुद्दीन हसन



उर्फ चरका को गिरफ्तार किया है। इसके पास नाइन एमएम का पिस्टल एक, एक मैग्जीन नाइन एमएम का पांच जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। झारखंड पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने रविवार को बताया कि संगठित अपराधिक गिरोहों के फंडिग और अपराध से अर्जित किये हुए संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के खिलाफ ठोस कर्रवाई करने का पुलिस मुख्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है।

### नक्सलियों ने की पुलिस मुखबिरी के शक में बुजुर्ग की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूम।** नक्सलियों ने पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के गितिलपी चौक में शनिवार देररात पुलिस मुखबिरी के शक में एक बुजुर्ग की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद सड़क पर शव फेंक कर भाग गए। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। ग्रामीणों के अनुसार मौके पर भाकपा माओवादी कई पर्चे मिले हैं।

### गैंगस्टर अमन साहू को प. सिंहभूम जेल में किया गया शिफ्ट

**रांची।** दुमका जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जेल शिफ्ट कर दिया गया है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार जेल से गैंग को संचालित करने की बात सामने आने के बाद जेल आइजी स्तर पर हुई बैठक में अमन साहू को शिफ्ट करने का प्रस्ताव आया था। उसके बाद उसे शिफ्ट किया गया है। इसके साथ ही जमीन कारोबारी कमल भूषण और उनके एकाउंटेंट संजय कुमार हत्याकांड का आरोपित डबलू कुजूर और उसका पुत्र राहुल कुजुर को भी शिफ्ट करने का प्रस्ताव आया था। प्रस्ताव एसएसपी ने जेल आइजी उमाशंकर सिंह को भेजा था।

## चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग का 23 को होगा सीधा प्रसारण : इसरो

**एजेंसी। बेंगलुरु**

अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के प्रयास को 23 अगस्त को तब उल्लेखनीय सफलता मिल जाएगी जब इसका चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा की सतह पर साफ्ट लैंडिंग करेगा और इसका कई मंचों पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि यह उपलब्धि भारतीय विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी और उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगी, जो अंतरिक्ष



अन्वेषण में भारत की प्रगति का प्रतीक होगी। पूरा देश चंद्रयान-3 को सॉफ्ट लैंडिंग में सफल होते देखना चाहता है।

इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम का सीधा प्रसारण 23 अगस्त, 2023 को भारतीय समयानुसार शाम 17:27 बजे शुरू किया जाएगा। सॉफ्ट-लैंडिंग का सीधा प्रसारण इसरो की वेबसाइट, इसके यूट्यूब चैनल, इसरो के फेसबुक पेज और डीडी नेशनल टीवी चैनल सहित कई मंचों पर उपलब्ध होगा। इसरो ने कहा, चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग एक यादगार क्षण होगी जो न केवल जिज्ञासा को बढ़ाती है, बल्कि हमारे युवाओं के मन में अन्वेषण के लिए जुनून भी जगाती है। इसने कहा, यह गर्व और एकता की गहरी भावना पैदा करता है क्योंकि हम सामूहिक रूप से भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति की खुशी मनाते हैं। यह वैज्ञानिक जांच और नवाचार के माहौल को बढ़ावा देने में योगदान देगा। इसरो ने कहा कि इसके आलोक में, देशभर के सभी विद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों को छात्रों और शिक्षकों के बीच इस कार्यक्रम को सक्रिय रूप से प्रचारित करने और अपने परिसरों में चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग का सीधा प्रसारण करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## झारखंड में 26 अगस्त तक बारिश की संभावना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के कई जिलों में 26 अगस्त तक हर दिन रूक-रूककर बारिश होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। रांची मौसम केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, 21 से 23 अगस्त तक पलामू , गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा के कुछ इलाकों में तेज बारिश हो सकती है। वहीं राज्य के ज्यादातर जिलों में मॉनसून की स्थिति कमजोर नजर आ रही है। बात करें पिछले 24 घंटे की तो कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश रिकॉर्ड की गई। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक वर्षा पश्चिमी सिंहभूम के मंझारी (28.0 एमएम) में दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस गोड्डा का रहा। वहीं रांची में सबसे कम 23.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# 510 प्लस टू स्कूलों में 1033 शिक्षकों की होगी बहाली

### फिलहाल प्लस टू स्कूलों में 11 विषयों की होती है पढ़ाई

### 5610 पद स्वीकृत, लेकिन कार्यरत हैं सिर्फ 2490

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सरकारी स्कूलों में मानविकी, क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई जल्द शुरू करने को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। राज्य के सभी 510 प्लस टू स्कूलों में इन भाषाओं की पढ़ाई शुरू करने के लिए सबसे पहले शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए विभाग ने मानविकी, क्षेत्रीय और जनजातीय विषय के 1033 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक (पीजीटी) का पद सृजन करने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह प्रस्ताव प्रशासी पदवर्ग समिति को भेज दिया गया है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी। हाईकोर्ट में दायर पीआईएल नंबर 3547/2016 में कोर्ट द्वारा पारित आदेश के तहत विभाग ने नये पदों के सृजन और अप्रासंगिक हो चुके पदों को सरेंडर करने की अनुशंसा के लिए एक समिति का गठन किया था। इसी समिति ने 1033 नये पदों के सृजन का प्रस्ताव तैयार किया है। राज्य के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू



**मुख्यमंत्री** रोजगार सृजन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग झारखंड ने इस संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसके तहत आरक्षित वर्ग (एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग) के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, साथ ही कहा गया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऐसे में सभी जिलों के जिला कल्याण पदाधिकारी के स्तर से कहा गया है कि रोजगार सृजन योजना के लिए योग्य कैंडिडेट केवल ऑनलाइन ही आवेदन करें। इसके लिए वेबसाइट www.cmegp.jharkhand.gov.in की मदद लेनी होगी। किसी प्रकार की जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, संबंधित बीडीओ, संबंधित प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

## ऑपरेशन डबल बुल केस में एनआईए ने 16 माओवादियों पर की चार्जशीट

### हथियार जब्ती केस में एक महिला माओवादी भी बनी आरोपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनआईए ने भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन डबल बुल के मामले में 1 महिला समेत 16 माओवादी कैडरों पर पूरक चार्जशीट दायर किया है। एनआईए ने रांची की विशेष अदालत में 16 आरोपियों पर चार्जशीट दायर किया है। अबतक इस केस में कुल 25 आरोपियों पर चार्जशीट दायर हो चुका है। एनआईए ने आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट व यूएपी एक्ट के तहत बलराम उरांव उर्फ बाली, शैलेश्वर उरांव उर्फ मनदीप उर्फ कसाई, दशरथ सिंह खेरवार, शैलेंद्र नागेशिया, मारकुश नागेशिया, मुकेश कोरबा, बीरेन कोरबा, शीला खेरवार, संजय नागेशिया, बालक गंझू, सूरज नाथ खेरवार उर्फ गुड्डू, नंदकिशोर भारती उर्फ सुदर्शन भूईंया, अमन गंझू, जतरू खेरवार, टाना खेरवार, मुनेश्वर गंझू, और गोविंद बिजरिया के खिलाफ चार्जशीट दायर की है।

**प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का भी लेना चाहते थे बदला :** एनआईए ने जांच में पाया है कि अगस्त-सितंबर 2022 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### डबल बुल से माओवादी हुए थे कमजोर

झारखंड पुलिस ने भाकपा माओवादियों के कमांडर रवींद्र गंझू के खिलाफ लोहरदगा, लातेहार सीमा पर बड़ा अभियान चलाया था। ऑपरेशन डबल बुल नाम के इस अभियान के दौरान लोहरदगा के पेशरार जंगल में भारी मात्रा में आर्म्स व कारतूस की बरामदगी हुई थी। इस मामले में 21 फरवरी 2021 को लोहरदगा के पेशरार में केस दर्ज हुआ था। बाद में हथियार बरामदगी के इस केस में एनआईए ने 14 जून 2022 को केस टेकओवर कर नए सिरे से जांच शुरू की थी। एनआईए की शुरूआती तफ्तीश में इस बात का खुलासा हुआ था कि बुलबुल जंगल में भाकपा माओवादियों के रीजनल कमांडर रवींद्र गंझू ने अपने साथियों बलराम उरांव, मुनेश्वर गंझू, बालक गंझू, दिनेश नागेशिया, अघनू गंझू, लाजिम अंसारी, मारकुश नागेशिया, संजय नागेशिया, शीला खेरवार, ललिता देवी समेत 40- 60 अज्ञात कैडरों के साथ मिलकर पुलिस बलों व बॉक्साइड माइंस पर हमले की साजिश रची थी। माओवादियों के गतिविधि की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाया था।

## कमल भूषण हत्याकांड का मुख्य आरोपी हुआ गिरफ्तार

### जाल बिछाकर पुलिस ने छोटू को पकड़ा

### 15 महीने से फरार चल रहा था छोटू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेवनगर थाने की पुलिस ने जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्या के मामले के आरोपी छोटू कुजूर ने रविवार को गुमला के भरनो थाना के जूरा गांव से गिरफ्तार कर रांची लायी है। आरोपी छोटू अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपकर रह रहा था। इसकी जानकारी मिलने के बाद सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस की टीम के साथ जूरा गांव पहुंचे और छापेमारी कर छोटू को पकड़ लिया। हालांकि न्यायालय के आदेश के बाद रविवार को कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम पंडरा ओपी क्षेत्र के हेसल जतरा मैदान के पास स्थित छोटू कुजुर के घर का कुर्की जब्ती करने के लिए पहुंची थी। पुलिस की टीम ने जब कुर्की



की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान टीम को उसकी गिरफ्तारी की खबर मिली। जिसके बाद पुलिस की टीम ने कुर्की की कार्रवाई बंद करते हुए वापस हो गयी।

आरोपी छोटू कुजूर को पकड़ने के लिए एसएसपी किशोर कौशल ने पूरी प्लानिंग की थी। पुलिस यह जानती थी कि जैसे ही छोटू कुजूर को अपने घर के कुर्क होने की जानकारी मिलेगी वह किसी न किसी को जरूर फोन करेगा। आरोपी ने ऐसा ही किया। पुलिस को यह खबर मिली कि आरोपी छोटू कुजूर के जूरी के आसपास में छुपा हुआ है। लेकिन वह कहां छुपा हुआ है यह पता नहीं चल पा रहा था। पुलिस के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## बारिश-बाढ़ के प्रकोप के पीछे ग्लोबल वार्मिंग

### हर मौसम का चरम पर पहुंचना चिंताजनक : विशेषज्ञ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देशभर में इस वर्ष भारी बारिश और बाढ़ के कहर के पीछे ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेदार है। विशेषज्ञों के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग का असर हिमालय क्षेत्र में 'अनियंत्रित' तापमान पर भी देखा गया, जिसकी वजह से हाल ही में बाढ़ ने कहर बरपाया है। यूके के नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक साइंस और यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के मौसम विज्ञानी और अनुसंधान वैज्ञानिक अक्षय देवरस बताते हैं कि ब्रेक-मानसून स्थितियों के दौरान ग्लोबल वार्मिंग के कारण हवा में नमी की क्षमता बढ़ने से वर्षा में वृद्धि होती है।

विशेषज्ञ इस बात पर जोर देते हैं कि भले ही अनुकूल परिस्थितियों ने भारी वर्षा में योगदान दिया हो, लेकिन जलवायु परिवर्तन ऐसी घटनाओं की तीव्रता को काफी हद तक बढ़ा देता है। हाल ही में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन, जिसके परिणामस्वरूप जानमाल की हानि हुई, यह ग्लोबल



वार्मिंग का स्पष्ट उदाहरण हैं। एक अन्य विशेषज्ञ ने कहा, हर मौसम अपने चरम पर पहुंच रहा है, यह चिंताजनक है। 2023 का मानसून इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि अनियंत्रित ग्लोबल वार्मिंग हिमालय क्षेत्र को कैसे प्रभावित कर सकती है, जैसा कि क्लाइमेट ट्रेंड्स द्वारा संकलित एक रिपोर्ट में जोर दिया गया है।"

उत्तराखंड के श्रीनगर में गढ़वाल विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर ने कहा कि मलबे, बलुआ पत्थर और शेल चट्टान से बने होने के कारण शिवालिक रेंज को भारी वर्षा, वनों की कटाई और अनियमित निर्माण से खतरा है।

2023 के मानसून सीजन में भारत के कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वर्षा हुई। जुलाई से अगस्त तक बाढ़ देखी गई, जिसने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। जहां कुछ क्षेत्र अत्यधिक बारिश से जूझ रहे थे, वहीं अन्य को लंबे समय तक शुष्क स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बारिश के रिकॉर्ड टूट गए, जबकि कई क्षेत्रों में बारिश में कमी देखी गई। वैश्विक वैज्ञानिक मौसम की बदलती गतिशीलता के लिए ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार मानते हैं। एक वैज्ञानिक ने कहा, ह्लमौसम संबंधी मानदंडों में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है, जिससे यह असाधारण मौसम परिदृश्य सामने आया है। जुलाई के महीने में बारिश में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो अपेक्षित मानदंडों से अधिक है।" भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मौसमी पूर्वानुमान में सामान्य मानसून की स्थिति का संकेत दिया गया है, जिसका अनुमानित स्तर लंबी अवधि के औसत (एलपीए) के 96 प्रतिशत से 104 प्रतिशत के बीच है।

मानसून पर अल नीनो का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। सकारात्मक हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) और यूरेशियन क्षेत्र में बर्फ का आवरण भी ग्रीष्मकालीन मानसून को आकार देने में भूमिका निभाता है, जबकि यूरेशियन बर्फ आवरण की सीमा भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून वर्षा पर विपरीत प्रभाव डालती है।

## सरकारी शिक्षक 9 सितंबर तक ट्रांसफर के लिए कर सकेंगे आवेदन

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षक अब वे नौ सितंबर तक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस मामले को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल प्राथमिक शिक्षा निदेशक नेहा अरोड़ा से मिला था। संघ के प्रतिनिधिमंडल प्राथमिक शिक्षा निदेशक से सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतारण की विसंगति, उसमें सुधार और विकल्प चुनने की समय सीमा विस्तारित करने और प्रोन्नति के लिए जल्द ही डेट शीट जारी करने की मांग रखी थी। सरप्लस शिक्षकों की सूची में सुधार, डाटा सुधार, मानव संपदा में सुधार आदि में लगने वाले समय को देखते हुए संबंधित शिक्षकों को विकल्प चुनने की समय सीमा 18 अगस्त से विस्तारित करने की मांग की थी। निदेशक ने इसे बढ़ाने का आश्वासन दिया था। संघ की मांग पर शिक्षक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को बढ़ाकर नौ सितंबर कर दिया गया।

### मिशन 2024: भाजपा काट सकती है 65 से ज्यादा सांसदों का टिकट

# सांसदों की लोकप्रियता-सक्रियता का ले रही फीडबैक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले साल होने वाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। विपक्षी एकता और एकजुटता की संभावनाओं के बीच भाजपा देशभर में अपने वर्तमान सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार कर फिर से चुनाव जीत सकने वाले सांसदों की लिस्ट को अंतिम रूप देने में जुटी है।

दरअसल, 2019 के पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा को 303 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। वर्तमान में लोक सभा में भाजपा के पास 301 सांसद हैं लेकिन सूत्रों की मानें तो इनमें से 65 से ज्यादा सांसदों की रिपोर्ट कार्ड बहुत अच्छी नहीं है। ऐसे में एंटी-इनकंबेंसी से बचने के लिए भाजपा इन सीटों पर अपने




उम्मीदवार बदलने यानी वर्तमान सांसदों का टिकट काटने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

आपको याद दिला दें कि मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा ने इसी वर्ष 30 मई से 30 जून तक देशभर में एक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया था, जिसमें पार्टी के सभी सांसदों को जुट जाने को कहा गया था। पार्टी के कई सांसदों ने इस कार्यक्रम में पूरे मन से भाग नहीं लिया, जिसकी वजह से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को वर्चुअली बैठक कर उन सांसदों को फटकार भी लगानी पड़ी थी।

उत्तर प्रदेश की बात करें तो, संघ नेताओं से बहुत करीबी रिश्ते रखने वाले पार्टी के एक पूर्व केंद्रीय मंत्री अगर अपना प्रदर्शन नहीं सुधार पाते हैं तो इस बार पार्टी उनका टिकट भी काट सकती है।

2019 के लोक सभा चुनाव में विपक्ष के हाई प्रोफाइल नेताओं को हराने वाले कई सांसदों को भी इस बार अपने-अपने संसदीय क्षेत्र में जाकर लोगों से संपर्क करने और स्थानीय संगठन के नेताओं से बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा गया है।

उत्तर प्रदेश से जिन सांसदों पर टिकट कटने की तलवार लटक रही है, उसमें कई ऐसे सांसद भी हैं जो वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री हैं। बिहार की बात करें तो पार्टी अपने बयानों से चर्चा में रहने वाले एक वर्तमान केंद्रीय मंत्री का टिकट भी 2024 के लोक सभा चुनाव में काट सकती है। हालांकि वह अपना संसदीय क्षेत्र बदलने की गुहार आलाकमान से लगा रहे हैं। बिहार से टिकट कटने वाले सांसदों की लिस्ट में तीन पूर्व केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। वहीं झारखंड की बात करें तो सूबे की 14 लोकसभा सीटों में से 12 पर भाजपा का कब्जा है। इस आंकड़े को बरकरार रखना या पार करना, दोनों ही पार्टी के लिए चुनौती है। ऐसे में भाजपा वर्तमान सांसदों के परफॉरमेंस को तौल रही है। एक-एक सांसदों के कामकाज का आकलन हो रहा है। पार्टी केंद्रीय नेतृत्व इन सांसदों की लोकप्रियता से लेकर क्षेत्र में सक्रियता का फीड बैक ले रही है।

इसको लेकर समय-समय पर सर्वे भी कराया गया है। सांसदों के क्षेत्र में उनकी जमीनी स्तर पर पकड़ का हिसाब-किताब जुटाया गया है। इसके साथ ही सांसदों ने विकास कार्यों को अपने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## डबल मर्डर : एक और आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बरियातू थाना क्षेत्र के चिरौंदी में आठ दिन पहले हुए डबल मर्डर मामले के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम विकास महतो उर्फ कल्लू है। मूलरूप से यूपी के अलीगढ़ का रहने वाला कल्लू वर्तमान में वह एदलहातू में रह रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी कल्लू ने हत्या वाले दिन जूस काउंटर के संचालक मुकेश साहु की रेकी की थी। बताया जा रहा है कि 12 अगस्त की रात जब मुकेश साहु जूस काउंटर बंद कर अपने कर्मी रोहन के साथ घर जा रहा था। काउंटर बंद करने से लेकर पल-पल की जानकारी कल्लू ने ही आरोपी अशोक गुप्ता और धर्मेंद्र को फोन पर दी थी। पुलिस को मिले



सीसीटीवी फुटेज में चिरौंदी इलाके में बाइक से घूमते हुए दिखा है। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को रविवार को एदलहातू से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। बता दें कि 12 अगस्त को अपराधियों ने मुकेश और रोहन की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस ने 18 अगस्त को छापेमारी कर आरोपी धर्मेंद्र उसके भाई अशोक, विजय उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सिल्ली में कांग्रेस जनों ने स्व. राजीव गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**सिल्ली।** रविवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 79 वीं जयंती के अवसर पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में स्व. राजीव गांधी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के वरीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, अंसारी, मनीराम दास, पिनाकी बनर्जी, सदानंद सोनार, घासिराम पातर, तापस पोद्दार इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### 103 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का किया गया आयोजन

# श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान का लिया आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को 103 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्या नन्दिनी अग्रवाल के जन्मदिवस के सुअवसर रक्सौल निवासी उनके माता-पिता नरेश रेशम अग्रवाल पुत्र चिराग एवं साहित्य अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। आज संस्था के उपाध्यक्ष ने नरेश जी अग्रवाल एव उनकी धर्म पत्नी रेश्मा अग्रवाल को अन्नापूर्णा भंडारे का स्मृति चिन्ह एव अंग वस्त्र प्रदान कर अन्नापूर्णा माता और राज श्यामा जी(राधा-कृष्ण) भगवान का आशिर्वाद प्राप्त किया। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। संस्था के सदस्यो एवं समाज के



सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 102 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर चुके हैं। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के सदस्य नरेश अग्रवाल विशाल जालान, ओ अनुप अग्रवाल एव चिराग अग्रवाल, साहित्य अग्रवाल समिति की रेश्मा अग्रवाल,नंदिनी अग्रवाल विशाखा जालान एव वंदना जालान के द्वारा वहां के जरूरतमंद एव अभावग्रस्त ग्रामीणों मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 103 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यो ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित 7 पुजारियों को भोजन खिलाकर दक्षिणा देकर मंदिर परिसर में आये हुए महिलाओं और पुरूषों श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक कर व भजन संकीर्तन कर आज के 103 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में संस्था ने 1300 श्रद्धालुओं ने भोजन के प्रसाद में विभिन्न प्रकार के साउथ इन्डियन लजीज व्यंजनों इडली, सांम्भर बडा,नारियल की चटनी, भेज बिरियानी, खीर, केसरिया जलेबी एव समोसा का प्रसाद ग्रहण किया। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा की जाती है।

## जमीन कारोबारी हत्याकांडः आरोपी राहुल चाईबासा व डब्ल्यू साहिबगंज जेल शिफ्ट

**रांची।** जमीन कारोबारी कमलभूषण और उसके एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मुख्य आरोपी राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर को रांची से चाइबासा और साहिबगंज जेल शिफ्ट कर दिया गया है। रांची पुलिस के आग्रह पर राहुल कुजूर को चाइबासा और डब्ल्यू को साहिबगंज जेल भेजा गया है। दोनों रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद थे। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी जेल से ही एक्टिव थे। संजय की हत्या की पूरी प्लानिंग दोनों ने मिलकर जेल में ही बनायी थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी है। बता दें कि 30 मई 2022 को रांची के पिस्का मोड़ के पास कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद इस महीने पांच जून को उनके अकाउंटेंट संजय सिंह की भी हत्या कर दी गई।

### विधायक डॉ. इरफान अंसारी के बयान की निंदा

# ‘हिंदुओं की भावना को ठेस पहुंचाने का कार्य’



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के झारखंड प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने झारखंड के विधायक डॉ. इरफान अंसारी के द्वारा प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को ढोंगी और उनके बारे में की गई अशब्द टिप्पणी की कड़ी शब्दों में निंदा की है। संजय सर्राफ ने कहा है कि बाबा धीरेंद्र शास्त्री सनातनी धर्म का प्रचार कर रहे हैं तथा हनुमंत कथा, राम कथा, दिव्य दरबार के जरिए हिंदुओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक कर रहे हैं। किंतु इरफान अंसारी सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ओछी हरकतें कर करोड़ों हिंदुओं की आस्थाओं एवं सद्भावना को ठेस पहुंचने का कार्य कर रहे हैं जो कि ठीक नहीं है। सनातन धर्म के विरोध करने वाले कितने भी खड़े हो जाएं ना कोई सनातन को मिटा सकता है ना झुका सकता है। अधर्मी कितना भी बलवान क्यों ना हो धर्म के आगे नहीं टिक पाता, बाबा धीरेंद्र शास्त्री को साधना के माध्यम से दिव्य शक्तियां प्राप्त हुई है। जिनके माध्यम से बाबा लोगों के शारीरिक, आर्थिक, मानसिक और समाजिक पीड़ाओं का निदान करते हैं। उनके दरबार में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है। हम सबों का सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री नवंबर माह में रांची आएंगे। डॉ इरफान अंसारी विवादित बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा कर माहौल बिगड़ने का कार्य कर रहे हैं। जो कि कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## शराब पीने के विवाद में फोड़ दिया सुतली बम एक युवक हुआ घायल

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में शनिवार की आधी रात शराब पीने को लेकर हुए विवाद में एक युवक के द्वारा सुतली बम फोड़ दिया गया ,इस वारदात में रोहित तिर्की नाम का एक युवक घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूड़ी गली में रहने वाले दो परिवार के कुछ युवक हर दिन शराब पीकर घर देर से लौट कर नशे में हंगामा भी करते थे। शनिवार को भी दोनों परिवार के कुछ युवक **शराब पी कर घर लौटे,इस दौरान दोनों परिवारवालों :** ने घर लौटे युवकों को डांटना शुरू कर दिया ,लेकिन मामला इतना बढ़ा की दोनों परिवार के कुछ लोग आपस मे भीड़ गए ,इसी बीच बिट्टू नाम के एक युवक ने गुस्से में आकर गुल के डिब्बे से बनाए सुतली बम को जमीन पर पटक दिया। सुतली बम के फटने पर एक धमाका हुआ ,धमाके में रोहित तिर्की नाम का एक युवक घायल हो गया। बम फटने की सूचना पर सुखदेवनगर थाना प्रभारी आनन फानन में चूड़ी गली पहुंचे और तुरंत घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। घायल रोहित के बांह और छाती पर बम के स्पलिंटर लगे हैं, जिस वजह से उसका दोनों जगह का चमड़ा जल गया है। रिम्स में ही उसका इलाज किया जा रहा है। सुखदेवनगर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि शराब पीकर हंगामा करने के विवाद में दो परिवार वालो के बीच ही झगड़ा हुआ था ,जिसमे बिट्टू नाम के एक युवक के द्वारा सुतली बम फोड़ा गया ,उसी के विस्फोट में रोहित घायल हुआ है। बिट्टू फरार है उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।सुतली बम को लेकर भी जांच की जा रही है।

## सीतामढ़ी से सीआईपी में इलाज कराने आया युवक कांके से हुआ लापता

**कांके।** सीआईपी में इलाज कराने आए ग्राम कनावा थाना बेला जिला सीतामढ़ी निवासी मो श्मशाद (35वर्ष) रविवार को दिन के 11 बजे से लापता है। उसकी बड़ी बहन अंगूरी बेगम ने थाने को दिए आवेदन में कहा है कि परिवार के अन्य लोगों के साथ वह भाई का इलाज कराने सीआईपी पहुंची थी। रविवार को अस्पताल का ओपीडी बंद रहता है इसकी जानकारी हमें नहीं थी। सीआईपी ओपीडी के पास मरीज को बैठाकर पूछताछ कर रहे थे इसी क्रम में वह गायब हो गया। अपने भाई को सीआईपी चौक, ब्लॉक चौक, कांके चौक स्थित ऑटो स्टैंड, रातू रॉड बस स्टैंड, खादगढ़ा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित आसपास काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि मरीज के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी मिले तो कांके थाना को सूचित करें।

## समाजसेवी शिव कुमार दूबे का निधन

**रांची।** समाजसेवी और दवा व्यवसायी सह पलामू मेडिकल हॉल (मेडिकल चौक) के संचालक शिव कुमार दूबे का निधन रविवार को हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। अंतिम संस्कार हरमू घाट पर किया गया। वह पलामू के लेसलीगंज के दुगिला गांव के रहने वाले थे। वे अपने क्षेत्र सहित अन्य जगहों से आने वाले गरीब मरीजों की मदद किया करते थे। उनके निधन पर बरियातू के लोगों ने शोक व्यक्त किया। बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। वे अपने पीछे पुत्र विश्वजीत, अभिजीत, पुत्री सुरभि सहति भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## विहिप की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद रांची महानगर की बैठक महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी की अध्यक्षता में हरमू रोड स्थित विहिप प्रांत कार्यालय में रविवार को हुई। बैठक का प्रारम्भ तीन बार प्रणवोच्चार, एकात्मता मंत्र एवं तेरह बार विजय महामंत्र से हुआ। बैठक में चल रहे संगठन विस्तार और आगामी विभाग बैठक पर चर्चा हुई तथा दो नगरों की घोषणा भी हुई। इनमें बाल्मिकी नगर सहमंत्री पिंटू ठाकुर, विवेकानंद नगर सहमंत्री वी. एम. पांडेय का उपस्थित सभी लोगों ने अपनी दोनों भुजाएं उठाकर ओंकार ध्वनि से घोषणा की गई। इसमें नौ नगरों के कार्यकर्ताओं के साथ साथ विभाग एवं प्रांत के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### रातू चट्टी में सड़क किनारे अतिक्रमण के खिलाफ हुई कार्रवाई

# होटलों, झुगी-झोपड़ी व गुमटियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

जिले में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के नियंत्रण को लेकर हेडक्वार्टर टू के डीएसपी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में रविवार को जमीन दलालों एवं अवैध तरीके से अतिक्रमण कर आपराधिक छवि वाले लोगों के अड्डाबाजी करा रहे होटलों, झुग्गी-झोपड़ी व गुमटियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अवैध तरिके से संचालित सभी होटलों एवं गुमटियों पर बुलडोजर चला कर हटा दिया गया। कई दिनों से चल रहे इस अभियान में थाना क्षेत्र के रातू हाई स्कूल मैदान से चट्टी तक सड़क किनारे संचालित सभी दुकानों में कार्रवाई करते हुए



डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर दिया। इसके अलावा कई दुकानदारों को स्वयं हटाने का निर्देश भी दिया। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि ज्यादातर आपराधिक घटनाएं जमीन विवाद या फिर जमीन कारोबार से जुड़े लोगों के साथ ही घट रही है। ऐसे में अंचल कार्यालय व स्थानीय थाना के गतिविधियों पर भी पूरी निगरानी रखी जाएगी। अंचल कार्यालय एवं थाना परिसर में नाजायज तरीके से मजमा लगाने वाले जमीन कारोबारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। डीएसपी प्रवीण सिंह ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जायेगा। दुकानदारों के द्वारा दुबारा दुकान लगाने पर सामान को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जायेगी। अभियान में डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, एसआई अमरनाथ सोनी, विष्णु कुमार, सुधीर कुमार सहित दर्जनों पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## लूटकांड के सभी अपराधी गिरफ्तार

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के लापा मोड़ के पास गत 11 अगस्त की रात को बोलेरो पिकअप वैन और उस पर लदी पीवीसी पाइप और राशन सामग्री की लूट के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने सभी पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जरियागढ़ थाने में रविवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में शेख रिजवान उर्फ राजू (24 ) ,शेख तनमीर (27) , शेख जावीर (25) , मो हम्जा मीर (24) और शेख सलीम (19) शामिल हैं। सभी अपराधी बेड़ो थाना के चचकोपी गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से एक देसी कट्टा, कार्बाइन नुमा पिस्टल, तीन जिंदा गोलियां, चार मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लूटा गया बोलेरो पीके वैन, पीवीसी पाइप और नकद 22 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। एसडीपीओ ने बताया कि लूटकांड के दौरान अपराधियों द्वारा हवाई फायरिंग भी की गई थी।

# संकल्प यात्रा के चौथे दिन सरकार पर जमकर बरसे बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के चौथे दिन रविवार को महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के यज्ञ मैदान, पाकुड़िया में जनसभा को संबोधित किया। मरांडी ने आज फिर राज्य संपोषित भ्रष्टाचार, खान, खनिज, बालू घाट की लूट, सोरेन परिवार द्वारा आदिवासियों के जमीन की लूट एवं संथाल के लोगों के पलायन को मुद्दा बनाया। मरांडी ने कहा कि झारखंड राज्य अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। वाजपेयी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से गांव, गरीब को विकास की मुख्य धारा में जोड़ा। संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ना अटल सरकार की देन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश में आठ आदिवासी कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। मोदी ने पहली संथाली



आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों को बड़ा सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन झारखंड में आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने वाले झामुमो के मुखिया नाम बदलकर आदिवासियों की ही जमीन लूट रहे। हेमंत सरकार में आदिवासी बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं। उनकी हत्या हो रही। राज्य के खान खनिज बाहर के लोग आकर लूट रहे और झारखंड के लोग आदिवासी, गरीब रोजगार के लिए हिमाचल प्रदेश जा रहे। हेमंत सरकार गरीबों के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो अनाज को भी बेच दे रही है। मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार की जांच के लिए ईडी ने मुख्यमंत्री को समन किया है।

## साहिबगंज में डेंगू के मरीजों में होने लगा इजाफा एक की मौत, 87 पॉजिटिव

**साहिबगंज।** जिले में स्वास्थ्य विभाग हर दिन डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में कैंप कर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रहा है। जिले में डेंगू मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। उधवा के अलावा साहिबगंज सदर, राजमहल और बोरियों में डेंगू पांव पसारने लगा है। अब तक एक मरीज की मौत डेंगू से हुई है।जिले में 87 पॉजिटिव मरीजः डेंगू के केस की बात करे तो उधवा प्रखंड में 73, साहिबगंज में 12, राजमहल में एक और बोरियो में एक मरीज पॉजिटिव मिले हैं। इस तरह जिले में 87 मरीज पॉजिटिव पाया गया है। जिनका इलाज डाक्टर की देखरेख में घर पर या निजी अस्पतालों में चल रहा है। हालांकि सरकारी स्तर पर राजमहल और साहिबगंज सदर अस्पताल में डेंगू वार्ड खोलकर अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। जिले में 321 मरीज का सैंपल लिया गया है जो संदिग्ध हैं।

# केसीसी ऋण वितरण शिविर का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

यूनियन बैंक की ओर से सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में किसानों के बीच केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश कुमार महतो एवं जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, बीडीओ पावन आशीष लकड़ा, जिप सदस्य लक्ष्मी कुमारी तथा विभिन्न पंचायतों के मुखिया आदि ने विभिन्न गांवों के कुल 172 किसानों के बीच केसीसी ऋण स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उपस्थित यूनियन बैंक के डिप्टी जोनल हेड आलोक कुमार ने बताया कि इसके माध्यम से किसानों को चार करोड़ 85 लाख रुपए के ऋण दिए जाएंगे। इस मौके पर चीफ मैनेजर (आरएबीडी) राजीव रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी कमला कांत महतो, मुरी शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार, सिल्ली शाखा प्रबंधक अमूल कुमार, आरडीओ सिल्ली रिशा वरण, आरडीओ मुरी रवि रंजन, सोमरी देवी मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, लालू उरांव, हरिपद मांझी, समेत प्रखंड के मुखिया, पंसस एवं किसान मौजूद थे।

### मांग | सिविल जज जूनियर डिविजन नियुक्ति में भेदभाव कर रही है जेपीएससी

# ‘नियुक्ति में ओबीसी को उम्र सीमा में मिले छूट’

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सिविल जज जूनियर डिवीजन नियुक्ति परीक्षा में ओबीसी समुदाय के साथ जेपीएससी भेदभाव कर रही है। जेपीएससी द्वारा निकाली गई विज्ञापन संख्या 22/2023 में ओबीसी समुदाय के लिए उम्र में कोई छूट नहीं दी है।14अगस्त को निकली गई विज्ञापन में जनरल कैटेगरी के बराबर ओबीसी को उम्र समय सीमा समान 22 से 35 वर्ष कर दिया गया है। रविवार को प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने उपरोक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 85,86 में स्पष्ट है की जो बिहार में नियम है वही नियम झारखंड में भी लागू होंगे। बिहार में ओबीसी समुदाय को उम्र में 5 वर्ष




की छूट दी जाती है। सिर्फ बिहार ही नहीं देश के कई राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा,पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड आदि में भी ओबीसी समुदाय को जूनियर डिविजन न्यायिक सेवा में 5 वर्ष की उम्र सीमा में छूट दी जाती है। झारखंड स्थापना से लेकर अब तक मात्र चार बार ही न्यायिक सेवा का परीक्षा हुई है जबकि बिहार में 8 बार हो चुकी है। पिछली बार 2018 में झारखंड न्यायिक सेवा का परीक्षा हुई है। जेपीएससी द्वारा 2018 के बाद 2023 में विज्ञापन निकाल गई है। कट ऑफ डेट 31.01.2023 निर्धारित किया गया है। 2018 के बाद अब 2023 में परीक्षा आयोजित हो रही है ऐसे में उम्र सीमा में छूट देना विधिक तौर पर उचित प्रतीत होता है क्योंकि 5 सालों तक परीक्षा आयोजित नहीं हुई है। जबकि इस परीक्षा में ओबीसी की को उम्र में कोई छूट भी नहीं दी गई है ऐसे में सभी को अवसर नहीं मिल पाएगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करती है कि कट ऑफ डेट 2018 से होनी चाहिए तथा एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त में छूट मिले। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इस संदर्भ मे मुख्य सचिव सहित,सत्ताधारी दलों के अध्यक्षों को भी मांग पत्र सौंप कर उन इसमें उम्र सीमा और ओबीसी को 27% आरक्षण देकर न्याय करने की मांग की गई है। अगर इसमें यथाशीघ्र सुधार कर पुनः विज्ञापन नहीं निकल जाती है तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होगी। इसकी सारी जवाब दे ही जेपीएससी सहित सरकार की होगी। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता जगत प्रसाद सोनी, प्रवीण कुमार, बालेश्वर ठाकुर, कार्यालय प्रभारी संतोष शर्मा, राम लखन साहू, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## निशिकांत दुबे और प्रदीप यादव में जुबानी जंग शुरू

**रांची।** सांसद निशिकांत दुबे और विधायक प्रदीप यादव के बीच बयानबाजी जारी है। अपने तीखे बयानों से दोनों एक-दूसरे पर खूब वार-पलटवार कर रहे हैं। इस बयानबाजी में शब्दों की मयार्दा भी टूट रही है। विधायक प्रदीप यादव ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता का तेल है और जनता का पैसा, पूर्व मुख्यमंत्री की सुख सुविधा। ऐसे में बेचारे बाबूलाल जी करेंगे क्या घूम रहे हैं। वहीं बाबूलाल मरांडी के भ्रष्टाचार के आरोपों पर उन्होंने कहा कि आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने खुद को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी से अलग क्यों कर लिया। सभी गड़बड़ी की जांच हो जाती। ये दुनिया जानती है कि जांच एजेंसियों का उपयोग केंद्र किस तरह विपक्ष को परेशान करने के लिए करता है। ईडी और सीबीआई की खबर पहले निशिकांत दुबे और बाबूलाल मरांडी के पास होती है।

### रांची में जुटे देश के पर्वतारोहियों ने कहा

# एवरेस्ट की फतह के लिए जोश से अधिक आत्मविश्वास की है जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के सीसीएल दरभंगा हाउस सभागार में रविवार को देश के 13 पर्वतारोहियों का जुटान हुआ। सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया। पर्वतारोहियों ने कहा कि बात जीवन के एवरेस्ट की हो या वास्तविक एवरेस्ट की, यदि आप फतह हासिल करना चाहते हैं तो आप में जोश से ज्यादा जरूरी खुद पर भरोसे का होना है। उन्होंने कहा कि मोटिवेशनल कहानियां सुनकर, वीडियो देखकर आप में एवरेस्ट फतह करने का जोश तो आ सकता है लेकिन इस सफलता के लिए आपका खुद पर भरोसा जरूरी है। सफलता तभी मिलती है जब भीतर आत्मविश्वास होता है। पर्वतारोहियों ने कहा कि अब तो एवरेस्ट फतह करने वालों की बाढ़ सी आ गयी है लेकिन इसमें अधिकांश को मौका नहीं मिलता।



साथ ही कहा कि अब पर्वतारोहण के नाम पर पहाड़ गंदे हो रहे हैं। पहाड़ों के प्रति सम्मान में कमी आयी है। हमें इसका भी ध्यान रखना होगा। इन पर्वतारोहियों में जैमलिंग तेनजिंग नोर्गे, मेघा परमार, अरुणिमा सिन्हा, सत्यरूप सिद्धांत, मनीषा वाघमारे, कुंतल जोइशर, अनुजा आनंद वैद्य, भगवान चावले, हेमंत गुप्ता, अदिती वैद्य, कर्नल रणवीर जामवाल, विनीता सोरेन, रुद्र प्रसाद हलधर, प्रियंका मोहिते, प्रेमलता अग्रवाल शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि साल 1953 में न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और दार्जिलिंग के तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट पर फतह हासिल की थी। इस सफलता को आज 70 साल पूरे हो चुके हैं। इसी मौके पर रांची में एवरेस्ट समिट आयोजित किया गया। सीसीएल, साइबर पीस फाउंडेशन और आइडियेट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब 13 पर्वतारोहियों ने एक मंच से अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड बचाओ मोर्चा का 23 को राजभवन पर धरना

**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक लोबिन हेम्ब्रम के नेतृत्व अपनी आठ सूत्री मांग के समर्थन में 23 अगस्त को राजभवन के समक्ष एक धरना का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठन के नेता कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे भाग लेंगे। झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने यह जानकारी देते हुए यह बताया कि धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से भेंट कर उन्हें आठ सूत्री मांग के समर्थन मे एक ज्ञापन भी सौंपेगा।

### रूक्का-हटिया लाइन में लीकेज होने से लोगों को नहीं मिला पानी

**रांची।** रविवार को रूक्का से आपूर्ति होने वाले शहर के करीब 50 हजार से अधिक की आबादी को पानी नहीं मिला। रूक्का से निकलने वाली रूक्का-हटिया लाइन में सैंफोर्ड अस्पताल के पास लीकेज हो गया। इसे दुरूस्त करने के लिए सुबह 10 से शाम के 5 बजे तक लाइन को बंद रखा गया। इसके कारण इस लाइन से पानी रूक्का से छोड़ा नहीं गया। शाम तक मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है। रूक्का डिविजन के सहायक अभियंता प्रभु शंकर ने बताया कि काम को पूरा कर लिया गया है। सोमवार से जलापूर्ति शुरू हो जाएगी। रूक्का-हटिया लाइन से आपूर्ति होने वाले कांटा टोली, सिरम टोली, चर्च रोड, अशोक नगर, डोरंडा और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को वाटर सप्लाई पूरी तरह से ठप रहा।

### डीसी ने दी 7 अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सात अपराधियों के खिलाफ रविवार को मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। डीसी ने जिन अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी है, उसमें सुखदेवनगर थाना की पुलिस के द्वारा 28 जून को गिरफ्तार किए गए विनय तिग्गा, आकाश कुमार सिंह और अजय नायक है। इसके अलावा पिठौरिया थाना की पुलिस द्वारा 27 जून को गिरफ्तार किए गए सूरज कुमार राम, कृष्णा कुमार तांती, गुंजन कुमार और सुमित कुमार सिंह शामिल हैं। यहां बता दें कि गिरफ्तार हुए इन सभी सातों अपराधियों के खिलाफ जांच के दौरान घटना सत्य पाया गया। जिसके बाद डीसी ने सभी के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी।

### निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की बैठक आयोजित

**रांची।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन के राज्य शाखा की बैठक रविवार को हुई। दुर्गा बाड़ी में आयोजित इस बैठक में रांची के अलावा जमशेदपुर, हजारीबाग, घाटशिला, चाईबासा, टाटानगर, राउरकिला के सदस्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता डॉ शिप्रा भट्टाचार्य ने की। संचालन डॉक्टर शुभ्रा चटर्जी ने किया। बैठक में आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। राज्य समिति के सचिव आशीष गुप्ता ने संस्था की ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### झारखंड में जदयू ने पार्टी की मजबूती को लेकर की समीक्षात्मक बैठक

# कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी का बढ़ायें जनाधार : अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में जनता दल यूनाइटेड अपने संगठन को मजबूत करने में लगातार प्रयासरत है। इसी को लेकर रविवार को राजधानी रांची में पुराने विधानसभा भवन में एक कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे प्रदेश से आए कार्यकर्ता शामिल हुए।

**पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाने का निर्देशः** इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं सभी जिलों के अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में सांसद खीरू महतो ने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में जाकर लोगों से मिलने का निर्देश दिया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी लेने की भी बात कही।

**गांव में रहने वाले लोगों से ही जेडीयू का बढ़ेगा जनाधारः** बैठक का नेतृत्व कर रहे सांसद खीरू महतो ने कहा कि आज भी झारखंड की आधी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। सरकार की नजर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर के सभी नेता संबंधित क्षेत्र के नेताओं के साथ समन्वय बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों से रूबरू हो ताकि जदयू का जन आधार ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ सके।

**प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और जिला अध्यक्षों को सांसद ने दिया निर्देशः** उन्होंने कहा कि पहली बार सभी प्रकोष्ठ और जिला स्तर के नेताओं के साथ उन्होंने बैठक की है। उन्होंने बताया कि आगामी चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड अपने आप को इतना मजबूत कर लेगा कि सभी सहयोगी पार्टी को जेडीयू के बगैर जीतना मुश्किल हो जाएगा।

#### कार्यकर्ता टीम बनाकर करें काम : विनय भरत

कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश प्रवक्ता विनय भरत ने कहा कि इस मीटिंग में सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिया गया है कि ज्यादा से ज्यादा अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में चलाएं। क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के वोट से ही राज्य की सरकारों का गठन होता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमंडल और विधानसभा में कार्यकर्ता अपनी-अपनी क्षेत्रों में टीम बनाकर आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं।

**प्रदेशस्तर के नेताओं को मॉनिटरिंग करने का दिया निदेर्शः** रविवार को हुई बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को कई नई जिम्मेदारियां भी दी गई हैं, साथ ही प्रदेशस्तर के नेताओं को मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारियां प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद के द्वारा बैठक में दी गई। अब देखने वाली बात होगी कि नई जिम्मेदारियां के साथ आगामी चुनाव में जेडीयू सदन में अपना कितना स्थान बना सकता है।

### अजीत सक्सेना ने मेकॉन के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**रांची।** एमओआईएल लिमिटेड के सीएमडी अजीत कुमार सक्सेना ने मेकॉन लिमिटेड के सीएमडी पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। उनके पास प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से धातुकर्म में बी-टेक की डिग्री है और उन्होंने एमबीए की डिग्री भी हासिल की है। उनके पास तकनीकी, परिचालन और परियोजना प्रबंधन क्षेत्रों में व्यापक अनुभव के साथ इस्पात क्षेत्र में 36 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने 1986 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में करियर शुरू किया। सेल में उन्होंने विभिन्न पदों पर काम किया। इससे पहले उन्होंने आरआईएनएल-विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के निदेशक (संचालन), मिल्स, आईआईएससीओ, बर्नपुर, सेल के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में काम किया है। उन्हें इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार से वर्ष 2000 के लिए यंग मेटलर्जी ऑफ द ईयर अवार्ड प्राप्त हुआ है।

### सुदेश महतो ने प्रधानमंत्री से सिल्ली हादसे के पीड़ित परिवारों को मदद करने की अपील की



**रांची।** रांची के सिल्ली में कुआं में फंसे बछड़े को निकालने के दौरान हुए हादसे में छह लोगों की मौत पर आजसू सुप्रीमो और सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने प्रधानमंत्री को एक्स (पूर्व ट्वीट) में संदेश भेजा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद की गुहार लगाई है। सुदेश महतो ने शनिवार रात यह संदेश किया है। उन्होंने कहा है- दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सिल्ली के पिस्का गांव में हुए इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल भी है। यह लोग साधारण और किसान परिवार के हैं। आप इन पर दया करें।

### पहाड़ी मंदिर में बाल कांवड़ियों ने भगवान भोलेनाथ को चढ़ाया जल



**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति के बैनर तले रविवार को रांची में बाल कावड़ यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा में 150 से भी अधिक पांच से 12 वर्षीय बच्चों ने भाग लिया। यात्रा की शुरूआत नक्षत्र वन से हुई, जहां बाल कांवरियों को कांवड़ में जल देकर संकल्प करा कर रवाना किया गया। यात्रा रातू रोड होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां बाल कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ पर जल अर्पण किया। यात्रा में शिव पार्वती की झांकी भी निकाली गयी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश साहू ने बताया कि यह आयोजन दूसरी बार किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों में शुरूआत से ही सनातन धर्म के बारे में बताना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ यह यात्रा निकाला गया। इस दौरान बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया।

### पांच लाख रंगदारी नहीं देने पर बदमाशों ने किया दो लोगों पर हमला, छह नामजद

**रांची।** थाना क्षेत्र के मंदरो डहूटोला गांव में खरीदी हुई जमीन पर रविवार की सुबह काम कराने गए दो लोगों पर गांव के छह लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। दोनों घायल शमीम अंसारी और साबिर अंसारी आनंदी गांव के निवासी हैं। उन्होंने मारपीट करनेवालों पर पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। इस संबंध में साबिर अंसारी ने मंदरों गांव के छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपियों में सज्जाद अंसारी, आजाद अंसारी, लियाकत अंसारी, सद्दाम अंसारी और अफरोज अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद रिम्स भेज दिया। थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आनंदी गांव निवासी साबिर अंसारी ने मंदरो डहूटोला गांव में ओरमांझी के बारीडीह गांव निवासी असगर अंसारी से 12 डिसमिल जमीन खरीदी थी। कुछ दिन पहले वह जमीन पर काम करने के लिए गया था। इसी बीच सज्जाद अंसारी ने कहा कि कि पांच लाख रुपये रंगदारी देने पर काम करने देंगे, उस दिन साबिर लौट आया था। 20 अगस्त की सुबह साबिर अंसारी और शमीम अंसारी कुछ लोगों को लेकर मंदरो गया था, जहां सज्जाद ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों पर हमला कर दिया। दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

### बाबा आम्रेश्वर धाम के भोलेनाथ का किया गया भव्य श्रृंगार

**रांची।** पवित्र सावन महीने के मध्य में लगे पुरुषोत्तम मास की समाप्ति के बाद श्रावण शुक्ल पक्ष की प्रथम सोमवारी से पूर्व रविवार की देर शाम बाबा आम्रेश्वर धाम के स्वयंभू शिवलिंग का श्रृंगार पूजन विधिवत संपन्न हुआ। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक श्रृंगार पूजन कार्यक्रम में प्रबंध समिति के लोग शामिल हुए। विधि विधान से संपन्न श्रृंगार पूजन के दौरान पवित्र शिवलिंग सहित बाबा के दरबार को रंग बिरंगे फूलों से सुंदर ढंग से सजाया गया है। तड़के से ही बाबा आम्रेश्वर धाम में जलार्पण के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। रविवार को पूरे दिन यहां जलार्पण व पूजन अर्चन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक के आद पूजा-अर्चना की। श्रावणी महोत्सव को लेकर उपायुक्त और एसपी के निर्देश पर मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए समुचित संख्या में पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

### झारखंड कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

# राजीव गांधी आधुनिक भारत निर्माण के जनक थे : ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 79वीं जयंती रविवार को प्रदेश कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इससे पूर्व चेशायर होम, बरियातु में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रांची जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ दिव्यांगजनों से मुलाकात की एवं उनके बीच प्रेम एवं भाईचारा का संदेश देते हुए आवश्यक सामग्री प्रदान की। राजेश ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के साथ संचार क्रांति के जनक थे। गांधी ने एक ओर भारत को संचार क्रांति के माध्यम से आधुनिक बनाने का पहल किया, वहीं भारत की आत्मा गांवों को पंचायती राज देकर मजबूत बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज के माध्यम से ग्रामीण भारत सशक्त हुआ। गांधी ने देश के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मतदान का अधिकार 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने का काम किया। राजीव गांधी ने पंजाब के समस्याओं का समाधान, दलबदल कानून पर नियंत्रण, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे देश कभी भुला नहीं सकता है। गांधी का हर प्रयास भारत को दुनिया के सामने मजबूत बनाने का रहा है। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने भारत में दूरसंचार क्रांति लाई। आज जिस डिजिटल इंडिया की चर्चा है, उसकी संकल्पना राजीव गांधी अपने जमाने में कर चुके थे। राजीव गांधी की एक बड़ी उपलब्धि नवोदय विद्यालय की स्थापना भी है। मौजूदा समय देश में खुले 551 नवोदय विद्यालयों में लगभग 1.80 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अमानत अली, केशव महतो कमलेश, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा अमूल्य नीरज खलखो, डॉ एम तौसीफ सहित अन्य नेता शामिल थे।

# अवैध शराब के कारोबार में शामिल छह लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ टाटीसिलवे, कांके और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस क्रम में उत्पाद विभाग की टीम ने अवैध शराब के कारोबार में शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने अवैध चुलाई शराब 600 लीटर,जावा महुआ 12000 किलो, विदेशी शराब 243 लीटर, भारी मात्रा में कॉर्क, ढक्कन और विदेशी शराब का खाली बोतल बरामद की है। उत्पाद विभाग की टीम ने टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के होराब में छापामारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जबकि कांके थाना क्षेत्र के आइटीबीपी रिंग रोड में छापेमारी कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा आइटीबीपी रिंग रोड स्थित साहू होटल में छापेमारी कर एक, जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 2 बॉस्को नगर में छापेमारी कर एक और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रेमनगर सिंह मोड़ में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। टीम में शामिल विभाग के अधिकारी ललित सोरेन ने रविवार को बताया कि सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर शनिवार रात से रविवार सुबह तक छापेमारी की गई। इस दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है।

# चित्रगुप्त पूजा समितियों की मदद करेगी कायस्थ महासभा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से राजधानी में भगवान चित्रगुप्त पूजा में आयोजकों को सहयोग करेगा। इस मसले पर चर्चा के लिए अशोकनगर में माहेश्वरी स्कूल सभागार में बैठक हुई। बैठक में रांची जिला महानगर पूजा समिति से संबद्ध 29 पूजा समिति के लोग शामिल हुए। कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोधकांत की अध्यक्षता में हुई बैठक में भव्य पूजा पर चर्चा हुई। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सीबी सहाय के नेतृत्व में पूजा समितियों की समस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं इस बार भगवान चित्रगुप्त की पूजा में अन्य धर्म एवं जाति के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने और विधि-विधान से होने वाले अनुष्ठान समेत प्रसाद ग्रहण करने को लेकर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। महासभा के प्रदेश महामंत्री निकेश लाल ने बताया कि बैठक में प्रदेश कमेटी में नए पदधारियों को मनोनयन पत्र सौंपा गया। इनमें बालमुकुंद लाल और सुशील लाल को कार्यकारी अध्यक्ष, प्राची नारायण को महिला प्रकोष्ठ का और मनीष सिन्हा को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

### प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित



**रांची।** रविवार को सिप अबेकस नगर टोली में दसवां वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना मंत्र के साथ किया गया। वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि दीपक कुमार राय ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर किया। समारोह में बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कियूब बनाओ प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए भी कई तरह की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सफल प्रतिभागियों को दीपक कुमार राय ने पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक कुमार राय ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रजत आनंद ने सभी अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद रोशनी खलखो,डी.एस.पी दीपक कुमार,मो. फरीद,परम जी, रजत आनंद,शशांक पाठक,प्रवीण दीक्षित उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका अफशा तबस्सुम, निरंजन कुमार साहू,प्रभा ने अहम भूमिका निभाई।

### मिली सहायता | किसानों के बीच कृषि उपकरणों का किया गया वितरण

# वैज्ञानिकों ने दलहन की खेती को बढ़ाने पर दिया जोर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गुमला क बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) समर्थित भरनो ब्लाक 4एस4आर किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड (एफपीओ) द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय, भरनो, गुमला में कृषि उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएयू के निदेशालय अनुसंधान तहत संचालित आईसीएआर-एआईसीआरपी मुल्लार्प टीएसपी परियोजना के अधीन बीएयू वैज्ञानिकों के द्वारा कुल 32 एफपीओ सदस्यों को सीड ड्रील, नैपसैक स्प्रेयर एवं स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का वितरण किया गया। सह परियोजना अन्वेंषक (एफपीओ) डॉ. बीके झा ने बताया कि एफपीओ के कार्यो को पुरे देश में सराहना मिल रही है। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन में गुमला जिले में एफपीओ स्थापित किया गया है। इसके सफल कार्यो को देखते हुए गुमला जिले के भरनो ब्लाक 4 एस 4आर एफपीसी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक देवी चरण गोप को लाल किले में आयोजित 77 वे स्वतंत्रता दिवस में भागीदारी का अवसर मिला। उन्हें खुशी है कि बीएयू समर्थित एफपीओ के काम को सरकार ने मान्यता दी। कहा कि जन भागीदारी से किसानों की समस्यायों का समाधान में आसानी होगी। मौजूद किसानों एवं एफपीओ सदस्यों को संबोधित करते हुए परियोजना अन्वेंषक (आईसीएआर - दलहन) डॉ. सीएस महतो ने बताया कि सीड ड्रील मशीन से खेतों में नमी का फायदा उठाते हुए रबी दलहनी, तेलहनी एवं गेहूं की खेती आसानी से की जा सकती। क्षेत्र में उरद, मुंग, मटर, चना एवं अरहर की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि कार्य में उपयोगी उपकरण का वितरण किया जा रहा है। स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के उचित उपयोग से किसान कम सिंचाई में भी बेहतर फसल उगा सकते है। मौके पर आईसीएआर-एआईसीआरपी (अरहर) के परियोजना अन्वेंषक डॉ नीरज कुमार ने बताया कि वर्त्तमान विषम मौसम की स्थिति में किसान टांड़ भूमि के खाली खेतों में देर से बोयी जाने वाली लंबी अवधि की उन्नत प्रभेदों जैसे बिरसा अरहर झ 1, आईपीए झ 15-2 तथा आईपीए झ 203 आदि की सफल खेती कर सकते है। बढ़िया उपज के लिए इस खेती में बीज की अधिक मात्रा का उपयोग और कतार से कतार बोवाई की दुरी अधिक रखनी होगी। डॉ नीरज ने बताया कि झारखंड की मुख्य दलहनी फसल अरहर है।

### सुदेश महतो टांग-टांग मोड़ से स्टूडेंट बस सेवा का आज करेंगे शुभारंभ

**रांची।** गूंज परिवार के तत्वावधान में छात्र- छात्राओं के लिए सोमवार की सुबह 8:00 बजे सोनाहातू प्रखंड के टांग-टांग मोड़ से स्टूडेंट बस सेवा का शुभारंभ पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो करेंगे। इसको लेकर स्थानीय छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया है। बस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। स्टूडेंट्स के माता-पिता घर से बच्चों की मानिटरिंग कर सकेंगे। बता दें कि यह बस सेवा टांग टांग मोड़ से शुरू होते हुए बारेंदा,जाड़ेया, जामुदाग, सोनाहातू, बुंडू होते हुए सीधे रांची तक चलेगी। बस में महिला गार्ड दिया गया है। जिन्होंने नामांकन कराया है, उन्हें आई-कार्ड भी दिया जायेगा। इसमें छात्र- छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। गूंज परिवार ने स्टूडेंट बस सेवा शुभारंभ के मौके पर सोनाहातू प्रखंड के सभी केंद्रीय समिति, जिला समिति, प्रखंड समिति, पंचायत समिति, ग्राम समिति, ग्राम प्रधान समेत अन्य लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

# आईआईएम ने जर्नल आईआरजेएमएस के प्रिंट संस्करण का किया लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने आईआईएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईआरजेएमएस) के प्रिंट संस्करण का लोकार्पण किया। यह अंतरराष्ट्रीय दायरे का एक ओपन-एक्सेस जर्नल है। आईआरजेएमएस एक द्वि-वार्षिक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका है, जिसमें प्रबंधन के सभी क्षेत्रों और अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान जैसे संबंधित विषयों पर आलेख हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु मौजूद थे। इसी के साथ आईपीएम पाठ्यक्रम के नए सत्र के विद्यार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। औचारिक रूप से आईआईएम रांची जर्नल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रिंट संस्करण का लोकार्पण किया गया। पद्म भूषण डॉ जगदीश शेठ ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से संस्थान को अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने आईआईएम रांची के अनुसंधान प्रयासों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की सराहना की और पत्रिका की दृश्यता बढ़ाने के तरीकों का सुझाव दिया। वहीं, मुख्य अतिथि सुरेश प्रभु ने वर्तमान में सही निर्णय लेकर भविष्य को आकार देने, अनिश्चितता और अशांति से निपटने के महत्व के बारे में बात की और बताया कि युवाओं को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए कैसे तैयार किया जा सकता है। उन्होंने रोजगार सृजन और उद्यमिता जैसे विषयों पर आधुनिक शोध के दायरे के बारे में बात की। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने आईपीएम सत्र 2023-28, के विद्यार्थियों को इस पाठ्यक्रम के दौरान उन्हें मिलने वाले 3 अवसरों- सामाजिक संवेदनशीलता, जीवन कौशल और समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बताया। मौके पर आईपीएम इंडक्शन के दौरान आयोजित दो दिवसीय प्रबंधन मैराथन कार्यक्रम के उपविजेताओं और विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# जयंती पर स्व. राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को कांग्रेस भवन, चाईबासा में कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस दौरान उनके कार्यों और व्यक्तित्व को कोई याद किया. कांग्रेसियों ने कहा कि राजीव गांधी ने ही भारत को आधुनिकता की दौड़ में शामिल करवाने का कार्य किया. संचार क्रांति उन्हीं की देन है. देश के कम्प्यूटरीकरण और टेलीकम्युनिकेशन क्रांति तथा जवाहर नवोदय विद्यालय का सृजन का श्रेय भी राजीव गांधी को ही जाता है. स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण और मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार दिलवाने का कार्य भी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ही अपने कार्यकाल में किया था. उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था लागू करके पंचायतों को मजबूत करने का काम किया. राजीव गांधी लोगों के दिलों में आज भी जिंदा है और हमेशा रहेंगे. राजीव गांधी का बलिदान राष्ट्र के लोगों के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा. मौके पर कांग्रेस के रंजीत यादव, त्रिशानु राय, दिकु सावैयां, जितेन्द्र नाथ ओझा, सुनित शर्मा, संतोष सिन्हा, जहांगीर आलम, राकेश कुमार सिंह, प्रताप सिंह सावैयां, राजू रजक, जगदीश सामड, कार्तिक बोस, सुशील कुमार दास आदि उपस्थित थे.

## बोकारो में कांग्रेस ने वृद्धाश्रम में बांटे कपड़े

**बोकारो।** बोकारो जिले के चास में कांग्रेसियों ने 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई. पार्टी के चास स्थित कार्यालय में नगर अध्यक्ष गौरव राय की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में कार्यकताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इस विशेष मौके पर चास के सोलागीडीह स्थित वृद्ध सेवा आश्रम में रहने वाले बुजुर्ग महिला-पुरुषों के बीच साड़ी व धोती का वितरण किया गया. नगर अध्यक्ष गौरव राय ने कहा कि कि स्व. गांधी ही भारत मे कंप्यूटर को लाने वाले थे. नई संचार प्रणाली और टेक्नोलॉजी उन्हीं की देन है. उनके दिखाए रास्ते पर चलकर युवा नई ऊंचाइयां छू रहे हैं. युवाओं व महिलाओं के प्रति उनका नजरिया स्पष्ट था. युवाओं को उनके बताए रास्ते पर चल कर देश को मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए.

## फर्जी नाती बनकर जमीन बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद।** 65 वषीर्या जीवित महसन निशा उर्फ मेहरुन निशा को फर्जी वंशावली में मृत घोषित कर व फर्जी नाती बनकर उनकी जमीन बेचने के मामले में गोविंदपुर पुलिस ने खड़काबाद निवासी शहजाद हुसैन को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया. पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में कांड के अनुसंधानकर्ता असलम अंसारी व पुलिस बल ने शुक्रवार रात उसके आवास में छापेमारी की व पकड़ लिया. उसके खिलाफ निरसा थाना अंतर्गत भमाल गांव निवासी महसन निशा ने गोविंदपुर थाना कांड संख्या 370 /22 9 अक्टूबर 2022, धारा 420 , 406, 467, 468, 469 व 120 बी के तहत प्राथमिक की दर्ज कराई थी. मृत घोषित कर जालसाजी पूर्वक जमीन बेचने के षड्यंत्र में डीड के गवाह मो परवेज खड़खाबाद, फिरोज आलम नगरीकला, तेतुलमारी, अब्दुल खलिक अंसारी, रहीमडीह चंदनकियारी तथा शकील अंसारी वासेपुर को भी अभियुक्त बनाया गया था. फर्जी वंशावली में शहजाद हुसैन महसन निशा की पुत्री का पुत्र बन गया था, जबकि वास्तव में उसका उनसे कोई नाता रिश्ता नहीं है.

# बाहरी व्यक्तियों को झारखंड में लोस व विस का प्रत्याशी न बनाएं : राजेंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा , गृह मंत्री अमित शाह ,कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को अलग-अलग पत्र लिखकर मेल के माध्यम से भेजा है और मांग की है कि झारखंड में बाहरी व्यक्तियों को लोकसभा और विधानसभा का प्रत्याशी नहीं बनाने का आग्रह किया है। प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है राज्य में तीन तरह के लोग वास करते हैं, पहला मूलवासी सदान जिनकी आबादी 65% है जो राज्य के सबसे पुराना वाशिंदे हैं दूसरा जनजातीय हैं जिनकी आबादी 26% है और तीसरी आबादी प्रवासी की है जो 9 से 10% है। प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है। सदान कोई जाति नहीं एक समुदाय है जिसमें हिंदू ,मुस्लिम अगड़ी, पिछड़ी , दलित सभी आते हैं।मूलवासी सदानों की भाषा संस्कृति रहन-सहन खान -पान जनजातियों की तरह ही है। इसको देखते हुए ही जनजातियों और मूलवासी सदानों के उत्थान और विकास के लिए अलग राज्य का निर्माण श्रद्धेय स्वर्गीय अटल वाजपेई पूर्व प्रधानमंत्री जी ,द्वारा झारखंड राज्य का निर्माण किया गया था। उन्होंने लिखा है कि जनजाति वर्ग को तो संवैधानिक संरक्षण प्राप्त है। जिसके कारण उन्हे उनका अधिकार मिल जाता है। लेकिन मूलवासी सदानों को अलग से कोई संरक्षण सरकार की ओर से नहीं है मिला है। जिसके कारण गैर आदिवासी की श्रेणी में ही मूलवासी सदानों आते हैं, और इसका लाभ प्रवासी ले लेते हैं ।जिससे मूलवासी सदानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। राज्य में पिछड़ी जातियों की आबादी करीब 55%है। जिसमें तेली, कुर्मी जाति एक बहुत बड़ी आबादी है और जनजाति घोषित कराने के लिए आंदोलित है। प्रसाद ने पत्र में लिखा है पहले से ही लोकसभा और विधानसभा की सीटों के आरक्षित होने के कारण चुनाव लड़ने से सदान वंचित रहे हैं और बाद में झारखंड के 112 प्रखंडों के सभी पंचायत को मुखिया, प्रमुख ,जिला परिषद अध्यक्ष को जनजातीय समुदाय के लिए पूरी तरह आरक्षित कर दिया गया है। लोकसभा और विधानसभा में भी जो अनारक्षित सीटें हैं उसमें बाहरी व्यक्तियों को लोकसभा और विधानसभा का प्रत्याशी बनाया जाते रहा है, जिससे सदान आक्रोशित हैं। प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है हम कोई बाहरी -भीतरी की बात नहीं कर रहे हैं, हम सिर्फ मूलवासी सदानों की उपेक्षा से दुखी हैं और उनके अधिकारों के लिए चिंता कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अगले शीतकालीन सत्र में लोकसभा की 14 सीटों को बढ़ाकर 28 करने और विधानसभा की 81 सीटों को बढ़ाकर 160 करने का प्रस्ताव पास करने का आग्रह प्रधानमंत्री से किया है। जिससे मूलवासी सदानों को भी लोकसभा और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

# रेलवे अस्पताल में इलाजरत रेलकर्मी लापता, परिजन परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में इलाजरत एक मरीज लापता हो गया. बताया जाता है कि चक्रधरपुर रेल मंडल की डोंगापोसी के सिंगनल एवं टेलिकॉम विभाग में कार्यरत 26 वर्षीय रेलकर्मी सचिन गोप को तबियत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि को वह अस्पताल से लापता हो गया. वह डोंगापोसी के कलाइया गांव का निवासी हैं. इसे लेकर रेलकर्मी के परिजन काफी परेशान है. सचिन गोप को इलाज के लिए 9 अगस्त को रेलवे अस्पताल में भर्ती किया गया था. शनिवार देर रात लगभग 1.30 बजे अस्पताल से व ह अचानक लापता हो गया. अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में रात 1.30 बजे वह अस्पताल के मुख्य गेट से निकलते दिखाई दे रहा है. उसके बाद से वह कहां गया है, यह पता नहीं चल पाया है. जबकि रात के समय उसके साथ उसका साला सोना राम गोप तथा पत्नी भारती देवी भी मौजूद थी. रात में दोनों गहरी नींद में सोए थे जिस कारण उन्हें यह पता ही नहीं चल पाया कि सचिन कब मेल वार्ड के बेड नंबर 14 से उठकर बाहर निकल गया. हालांकि परिजनों ने अपने तमाम जान-पहचान वालों से संपर्क कर उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला.

# सड़क हादसे में घायल की मौत, विरोध में रोड जाम

## रांची में हो रहा था इलाज, शव पहुंचते ही आक्रोशित हुए परिजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह गुरुद्वारा के पास 14 अगस्त को सड़क दुर्घटना में घायल धर्मवीर यादव उर्फ प्रमोद यादव की मौत इलाज के दौरान शनिवार को रांची में हो गई. रविवार को संध्या शव पहुंचने पर परिजनों और आसपास के लोगों ने मुआवजा राशि को लेकर भागा गाड़ीवान पट्टी मोर्ड के पास झरिया सिंदरी मुख्य मार्ग को शाम चार बजे से जाम कर दिया है. लोगों ने विरोध में जगह जगह सड़क पर टायर जला दिया है. राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि 14 अगस्त को भागा गाड़ीवान पट्टी के असंगठित मजदूर धर्मवीर यादव गोशाला स्थित एसएसएफसी खाद्यान्न गोदाम से काम समाप्त कर अपनी मोटरसाइकिल संख्या जेएच 10बीडब्ल्यू 5030 से घर लौट रहे थे. तभी डिगवाडीह गुरुद्वारा के पास तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक संख्या खल02 3671 कीचपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए रांची में भर्ती कराया और पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया था.परिजनों ने बताया कि इलाज में लाखों रुपये खर्च हुए. कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है. ट्रक मालिक रामचन्द्र जायसवाल ने किसी तरह का सहयोग नहीं किया. शव के आने के बाद सड़क मार्ग पर मृतक की पत्नी सेवती देवी, एक पुत्री सरिता कुमारी, दो पुत्र सोनू व सनी सहित परिवार व आसपास के लोगों ने सड़क जाम कर दी है. झरिया पुलिस के आस्वासन के बाद जाम हटाया गया है. ट्रक मालिक ने मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये नगद दिये. पुलिस ने बताया है कि इंश्योरेंस का पैसा भी दिलाया जाएगा. जाम 4 बजे से लेकर 6 बजे तक रहा.



## सर्पदंश से महिला की हालत गंभीर, रेफर

**चाईबासा।** रविवार को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सर्पदंश से पीड़ित एक महिला को गंभीर हालात में भर्ती कराया गया. वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए राऊरकेला रेफर कर दिया. पीड़ित महिला 45 वर्षीय तारामनी तोपनो मनोहरपुर के इचापीड़ गांव की रहने वाली है. इस घटना के बारे मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात को तारामनी अपने घर में सोई हुई थी. उसे सोई अवस्था में रविवार सुबह करीब 3 बजे एक जहरीले पहाड़ी चित्ती सांप ने उसके गर्दन पर काट लिया. सर्प के काटने से महिला कि हालात गंभीर हो गई, इसके बाद परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे. वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए राउरकेला रेफर कर दिया गया है.

## सड़क हादसे में बीसीसीएलकर्मी की मौत

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द मोड़ पर बैंक ऑफ इंडिया के समीप रविवार 20 अगस्त की सुबह 8 बजे ट्रक की चपेट में आने से बीसीसीएल कर्मी सुरेंद्र पासवान की मौत हो गयी. परिजनों के अनुसार सुरेंद्र पासवान पुटकी कोलियरी में कार्यरत था. रात्रि ड्यूटी समाप्त कर रविवार की सुबह अपने घर भूली जा रहा था. तभी करकेंद मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आ गया. आनन फानन में उसे बीसीसीएल के कुस्तौर हॉस्पिटल ले जाया , जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पुटकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गयी. इधर परिजनों व स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी. मुआवजा की मांग को लेकर धरना पर बैठ गए. देरतक परिजनों व पुलिसकर्मियों के बीच नोक झोंक होती रही. परिजन शव को पीबी क्षेत्र कार्यालय तक ले गए और नियोजन व मुआवजा की मांग करने लगे.

## वृद्ध महिला की धारदार हथियार से निर्मम हत्या

**गिरिडीह।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर पंचायत के छाताबाद गांव में सो रही एक वृद्ध महिला के चेहरे में धारदार हथियार से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गयी. घटना 19 अगस्त की देरात की बताई जा रही है. महिला की पहचान 80 वर्षीय एनपी देवी के रूप में हुई है. घटना की सूचना पर बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है. मृतिका की बहू कौशल्या देवी ने बताया कि उसकी सास लंबे समय से घर के बगल स्थित स्कूल के बरामदे में ही रहती थी. रोज की तरह वे शनिवार को वहीं सोई थी. रविवार की सुबह छह बजे जब वे सास के पास पहुंची तो देखा कि उसके चेहरे में कुल्हाड़ी से कई बार प्रहार कर उसकी हत्या कर दी गयी है. घटना को किसने अंजाम दिया, इसका पता नहीं चल पाया है. इधर, बेंगाबाद थाना प्रभारी शशि सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गए हैं. पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है, हर एंगल से जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

## पेड़ से लटका मिला युवक को शव

**बोकारो।** बोकारो रेलवे कॉलोनी के चौधरी चरण सिंह मोड़ पर पुरानी पानी टंकी के पास पेड़ से एक युवक का शव लटकता हुआ मिला है. मृतक की पहचान शंकर साव के 21 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार के रूप में हुई है. घटना 19 अगस्त रात की है. रात में ही पुलिस ने शव को जब्त कर बीजीएच की मोर्चरी में रखवा दिया था. वहीं रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया है. परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात करीब 9 बजे सूरज भोजन करने के बाद दोस्तों से मिलकर आने की बात कह कर घर से निकला था. जब काफी देर तक नहीं लौटा, तो परिजन उसे खोजने निकले. इस बीच जानकारी में मिली कि एक युवक का शव पेड़ से लटक रहा है, तब जाकर देखा तो वह प्रदीप ही था. इधर, पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण सामने आ सकेगा. युवक के मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है कि उसने अंतिम बार किससे बात की थी. वही परिजनों ने पुलिस से मामले की गहन जांच की मांग की है.

## युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जमशेदपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र के कालचिति पंचायत अंतर्गत छतरडांगा गांव निवासी जुपू सबर (27) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. शनिवार को उसका शव घर से लगभग 500 फीट दूर पहाड़ के ऊपर केद पेड़ पर साड़ी के सहारे लटका मिला. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से पूछताछ की. पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला अनुमंडल अस्पताल भेजा. पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया. घटना के संबंध में जुपू सबर की पत्नी सोमवारी सबर ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से खेत में काम करने जा रही थी. उसका पति घर में ही रहता था. वह कब घर से निकलकर पहाड़ पर चला गया और फांसी लगा ली इसकी जानकारी उसे नहीं है. मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे भी है. हालांकि यह मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जुपू सबर ने फांसी क्यों लगाई. जबकि उनकी पत्नी आर्थिक तंगी होने की बात कह रही है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## लायंस क्लब ने किया पौधरोपण

**बोकारो।** लायंस क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की ओर से 20 अगस्त को गुरु गोबिंद सिंह सोसायटी इंजीनियरिंग कॉलेज के कांड्रा कैंपस में पौधरोपण किया गया. मौके पर क्लब के अध्यक्ष जसवीर सिंह सलूजा ने कहा कि लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई कर रहे हैं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ता ही जा रहा है. इससे अत्यधिक गर्मी पड़ रही है. इसलिए लोग अपना दायित्व निभाते हुए कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं. टेक्निकल कैंपस के अध्यक्ष सरदार तरसेम सिंह ने लायंस क्लब के पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम की प्रशंसा की. मौके पर डॉ मिथलेश कुमार, डॉ केके सिन्हा, मधुकर सिन्हा, मानस मुखर्जी, दिनेश चड्ढा, भूषण गुलाटी, नंद विनायक, सुधा किरण, मनोरमा चड्ढा, मंजू गुलाटी, गायत्री सिन्हा, मंजीत सलूजा आदि उपस्थित थे.

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने जलवे दिखा कर मोहा मन



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** ऑल इंडिया हेल्प ऑर्गेनाईजर स्वयंसेवी संस्था गोमो के सौजन्य से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 20 अगस्त रविवार को चमडा गोदाम मैदान में किया गया. स्कूली बच्चों ने कई ग्रुपों में भाग लिया. बच्चों ने देश भक्ति गीत स्पीच एवं नृत्य प्रस्तुत किए. बच्चों की मनमोहक कला ने कार्यक्रम को चार चांद लगा दिया. ज्यूरी द्वारा चयनित नृत्य प्रतियोगिता में सुहाना एंड ग्रुप को प्रथम स्थान, सहनाज ग्रुप को द्वितीय एवं वकील उर रहमान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में प्रदीप कुमार, छोटू साह, मुशर्रफ प्रवीण, आकिब साह, अमन अंसारी आदि शामिल थे. मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य हीरामन नायक ने बच्चों को कप एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया.

## डुमरी उपचुनाव को लेकर स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

**गिरिडीह।** डुमरी उपचुनाव निर्वाचन आयोग की ओर से प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. टीजी विनय व पुलिस प्रेक्षक सतीश कुमार गजभिए ने 20 अगस्त रविवार को स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना केंद्र व ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया. इस दौरान दोनों प्रेक्षकों ने अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपेट के वेयर हाउस की सुरक्षा दुरुस्त करने का निर्देश दिया. चुनाव प्रेक्षकों ने बाजार समिति स्थित स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना केंद्र में उपचुनाव से संबंधित चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की. वहां मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थल पर सुरक्षा समेत सभी जरूरी व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा. साथ ही मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों के ठहरने से लेकर पेयजल व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

# दूधपनिया में झारखंड एकता स्पोर्टिंग क्लब का फुटबाल टूर्नामेंट शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड के दूधपनिया गांव में झारखंड एकता स्पोर्टिंग क्लब दूधपनिया की ओर से आयोजित चार दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का 20 अगस्त को उद्घाटन किया गया. टूर्नामेंट का उद्घाटन खिजुरी मुखिया निर्मला बेसरा ने फीता काटकर, जबकि तिसरी बीडीओ संतोष प्रजापति फुटबॉल को किक मारकर किया. उद्घाटन में अतिथियों का पारंपरिक आदिवासी नृत्य से स्वागत हुआ. बीडीओ संतोष प्रजापति ने कहा कि फुटबॉल सबसे लोकप्रिय खेल है. इससे शारीरिक और मानसिक विकास होता है. इस तरह का आयोजन सराहनीय है, यह हर साल होनी चाहिए जिससे लोगों में उत्साह बनी रहे. जिला परिषद सदस्य राम कुमार राउत ने कहा कि फुटबॉल खेल से युवाओं का मानसिक व शारीरिक दोनों विकास होता है और युवाओं का मनोबल भी ऊंचा रहता है. थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें इससे प्यार और भाईचारा भी बढ़ता है. भाजपा नेता सोनू हेंब्रम ने कहा कि इस छोटे से गांव में 10 वर्षों से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. इस फुटबाल टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 35000, द्वितीय पुरस्कार 25000, तृतीय पुरस्कार 20000, चतुर्थ पुरस्कार के रुप में 15000 रुपए की नगद राशि रखी गई है. इसके अलावा सभी टीमों को ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी. टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें झारखंड और बिहार दोनों राज्य की टीम शामिल है. मौके पर सत्यनारायण यादव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल, उप प्रमुख बैजू मरांडी, तिसरी मुखिया किशोरी साव, खिजुरी उपमुखिया अनिल यादव, विकास सिंह, पंकज सिंह, अध्यक्ष दिनेश बास्के, सचिव, एंथोनी हेमब्रोम, संचालक राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।

**फैसला** — मुंडाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों की विशेष बैठक

# 29 से आर्थिक नाकेबंदी करेंगे सारंडा के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सारंडा के छोटानागरा स्थित सप्ताहिक हाट-बाजार मैदान में रविवार को सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम की अध्यक्षता में विभिन्न गांवों के मुंडाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों की विशेष बैठक हुई. बैठक में सर्वसम्मति से सेल की किरीबुरू एवं मेघाहातुबुरु खदान में 29 अगस्त से अनिश्चितकालिन माल ढुलाई कार्य को ठप करने का फैसला लिया गया. सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम ने कहा कि उक्त आर्थिक नाकेबंदी का फैसला इसलिए लिया गया, क्योंकि सेल की झारखंड खान समूह ने किरीबुरू, मेघाहातुबुरु, गुवा एवं चिड़िया खदान के लिये आईटीआई पास बेरोजगारों की नौकरी हेतु साक्षात्कार आयोजित किया था. इस साक्षात्कार में सारंडा के दर्जनों बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया था. इन युवाओं को सेल प्रबंधन ने ही आईटीआई का प्रशिक्षण दिलाया था. लेकिन दुःख की बात है कि बहाली में सारंडा के एक भी बेरोजगारों को नौकरी नहीं दी गई. साक्षात्कार के बाद उपायुक्त से लेकर तमाम खदान प्रबंधनों से मिलकर साक्षात्कार देने वाले बेरोजगारों की सूची सौंपी गई थी. सभी जगह से आश्वासन दिया गया था. लेकिन एक को भी नौकरी नहीं मिली. उपस्थित लोगों का कहना था कि सेल प्रबंधन की तमाम खदानें आसपास के गांवों में सिर्फ प्रदूषण फैला रही है, खेतों को बंजर बना रही है, तरह-तरह की बीमारियां दे रही है, लेकिन कोई सुविधा नहीं दे रही है. चतुर्थ श्रेणी की बहाली में बाहरी लोगों को नौकरी देने का कार्य किया जा रहा है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अब अपने हक व अधिकार के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी. प्रबंधन यह बहाली को रद्द करे, क्योंकि इसमें चयनित लोगों को पैसा व पैरवी से नियुक्त किया जा रहा है. सेल का लिज सरकार द्वारा रोका गया है, इसी को क्लियरेंस हेतु विशेष समझौता के तहत यह खेल खेला जा रहा है. इस बैठक में मानकी लागुड़ा देवगम, मुखिया मुन्नी देवगम, बिनोद बारीक, जामदेव चाम्पिया, मसीह चरण तोपनो, डेनिश तोपनो, पिरती सुरीन, बुधराम बहंदा, कुशो देवगम आदि शामिल थे.

## शादी के एक माह बाद ही प्रेमी संग भागी पत्नी थाने में प्राथमिकी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुंइयाडीह कल्याण नगर निवासी राकेश पोद्दार की पत्नी जूही पाल शादी के एक माह बाद ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई. इस संबंध में राकेश पोद्दार ने अपनी पत्नी जूही पाल और उसके प्रेमी ऋतिक के खिलाफ सीतारामडेरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. राकेश की शादी बोकारो के बालीडीह स्टेशन रोड निवासी गणेश पाल की बेटी जूही पाल से 24 जुलाई को ही हुई थी. राकेश ने पुलिस को बताया कि शादी के बाद से ही पत्नी के साथ विवाद चलता रहता था. पत्नी कभी सही से बात नहीं करती थी और ना ही उसे प्यार करती थी. 17 अगस्त की सुबह जब उसकी नींद खुली तो पाया की जूही घर पर नहीं है. घर की जांच करने पर पता चला की शादी में मिलने वाला गहना और कुछ नकद गायब है जिसका मूल्य एक से डेढ़ लाख रुपये होगा.

# डीएवी स्कूल : अक्षय ऊर्जा दिवस पर याद किए गए स्व. राजीव गांधी




नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** डीएवी पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम युवा प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 78वीं जयंती अक्षय ऊर्जा दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. जिसकी शुरूआत प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन के साथ किया. जिसका संचालन निर्मल प्रसाद ने किया. कार्यक्रम में बोलते हुए संचालनकर्ता ने पेट्रोलियम आदि जैसे क्षय ऊर्जास्त्रोतों के संरक्षण के पर जोर दिया. साथ ही अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों के प्रयोग पर जोर दिया. विद्यार्थियो ने भी कोयला, केरोसिन, डीजल आदि जैसे ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण पर अपने विचार रखे. प्राचार्य श्री सिंह ने भी गैर परंपरागत ऊर्जा के प्रयोग की बात कही. उन्होने बताया कि हम सबों को सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, हाइडल ऊर्जा आदि जैसे बार बार प्रयोग में आने वाले और समाप्त नहीं होने वाले ऊर्जा स्त्रोतों के उपयोग की बात कही. उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा प्रदूषण रहित है जो प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक नही है. सरकार को इस दिशा में बढ़चढकर कार्य करने की आवश्यकता है. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने एनडी ग्रोवर हाउस के नवम वर्ग की छात्रा विद्यारानी को प्रथम, नवम की ही शीतल कुमारी को द्वितीय और इसी हाउस के कक्षा दशम की पल्लवी कुमारी और विवेकानंद हाउस के रति जैन को तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ने भी स्व गांधी के चित्र पर पुष्पार्चन कर नमन किया.

## 21 को भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगी विधायक अंबा प्रसाद

**रामगढ़।** समूचे राज्य सहित बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में खुशहाली की कामना को लेकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद पवित्र श्रावन मास की सप्तम सोमवारी पर 21 अगस्त की शाम 4 बजे प्राचीन शिव मंदिर कैथा रामगढ़ में भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगी। विधायक अंबा प्रसाद सावन मास के अंतिम सोमवारी तक अनेकों प्राचीन मंदिरों में रुद्राभिषेक में भाग लेगी। इस दौरान साधु-संतो के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना कराया जायेगा। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि आदि देव महादेव की पा सभी पर बरसे और क्षेत्र समेत राज्यवासियों का कल्याण हो इसके लिये शिवालयों में पूजा-अर्चना का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सहिष्णुता कायम हो और शोषण मुक्त समाज का निर्माण हो इसकी कामना को लेकर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है।

## दो दिनों से लापता युवक का अब तक नहीं मिला सुराग



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी 22 वर्षीय युवक पिंटू कुमार पिता बासुदेव प्रसाद पिछले दो दिनों से लापता है. जानकारी देते हुए पीड़ित पिता ने बताया कि शुक्रवार की संध्या सात बजे से उनका पुत्र लापता है. इस संबंध में स्थानीय थाना में सनहा दर्ज करवाई गई है. परंतु अब तक कोई सुराग नहीं मिला है. जिससे सभी चिंतित है. मामले को लेकर रविवार को स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अगुवाई में पीड़ित परिवार एसडीपीओ नाजिर अख्तर से मिलकर युवक की बरामदगी की गुहार लगाई है. एसडीपीओ से मिलने वालो में अनिल कुमार, महेश प्रसाद, बबलू कुमार, आदित्य कुमार, मीणा देवी, किरण देवी और शांति देवी शामिल है.

## डिजिटल इंडिया की आधारशिला राजीव गांधी ने रखी थी: सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड पोटमदगा स्थित कैलाश कोचिंग सेंटर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गई ।साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर 100 बच्चों के बीच किताब, कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर, स्लेट, पेंसिल, स्टांप बाक्स आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक थे। राजीव गांधी आज इस दुनिया में नही है लेकिन लोकप्रिय जननेता और प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकास पथ पर ले जाकर अंतराष्ट्रीय जगत में उन्होंने भारत को आधुनिक खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने मे विशेष भूमिका निभाई। राजीव गांधी ऐसे भगीरथ थे जो विकास गंगा की अविरल धारा को हिमालय से कन्याकुमारी तक ले जाना चाहते थे उनहोंने अपनें निष्कंटक सार्वजानिक और राजनीतिक जीवन में जिस भूमिका का निर्वहन किया उसमें वे पूर्ण रूप से कुन्दन की तरह खरे उतरे। राजीव गांधी भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के सूत्रधार थे। आज जिस डिजिटल इंडिया की बात पूरा देश कर रहा है। उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी। उन्होंने संचार क्रांति का शंखनाद किया और देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक बने। उन्होंने जन मानस में सर्वप्रिय जन नेता की अमिट छाप छोड़ी। मौके पर उत्तम कुमार, दुधेश्वर, कैलाश कुमार,रोशन कुमार,बबलू कुमार आदि उपस्थित थे ।

## हजारीबाग होमियोपैथी चिकित्सकों ने बनाया नया संघ

**हजारीबाग।** इंडियन होम्योपैथिक ऑर्गेनाइजेशन (आईएचओ) की हजारीबाग जिला इकाई की बैठक रविवार को डॉ. गणेश शंकर की अध्यक्षता में उनके विष्णुपुरी आवास में की गई. इसमें मौजूद चिकित्सकों ने प्रस्ताव पारित कर आईएचओ जिला इकाई को भंग कर दिया. समिति भंग कर उपस्थित चिकित्सकों की सहमति से द होमियोपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएमएआई) की हजारीबाग जिला इकाई का गठन किया गया. इसमें सर्वसम्मति से डॉ. गणेश शंकर को अध्यक्ष चुना गया. वहीं उपाध्यक्ष के पद पर डॉ. राजेश मिश्रा और डॉ. शैलेंद्र कुमार रॉय को जिम्मेवारी सौंपी गई. वहीं सचिव की जिम्मेवारी डॉ. आनंद शाही को सौंपी गई.

# कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बने गौरी शंकर, ग्रामीणों ने किया स्वागत




नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित पंचायत भवन में नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष गौरी शंकर चौधरी का स्वागत व अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष डॉ प्रकाश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिलाल चौधरी उपस्थिति थे। मौके प्रकाश कुमार ने कहा कि बरकट्ठा प्रखंड के जनता में कांग्रेस की विचारधारा एवम राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा से सन्निकटता रखते हैं। बरकट्ठा के लोग प्रेम, सौहार्द में विश्वास करते हैं। यहाँ के लोग विकास चाहते हैं। गौरी शंकर चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मुझे अध्यक्ष बना कर जो सम्मान दिया है,उसके लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवम जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव का धन्यवाद करता हूँ। पार्टी की सेवा करना मेरा परम कर्तव्य होगा। कार्यक्रम में मंच संचालन शमसुद्दीन अंसारी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मणिलाल चौधरी, मो सरफराज ,अनिल पासवान,सफीक अंसारी,जिला सचिव नारायण प्रसाद उर्फ मिठू जी,यमुना प्रसाद, धनी पंडित, जुगलाल पंडित, युगेश्वर पंडित, लेखों राणा, मो हैदर, सब्बीर अंसारी, याकूब मियाँ, मकसूद अंसारी, सुजीत पासवान, मनोज चौधरी, जानकी साव, लिटरी साव, मनी पासवान, लोकन प्रसाद, जिबलाल लाल पंडित, अजय कुमार चौधरी, अकबर मियां, मुकेश दास, राजू प्रसाद, दीपक कुमार, विकास कुमार, राजेश कुमार इत्यादि सभा में उपस्थित थे।

# हजारीबाग : बीएसएफ मेरू कैंप में प्रहरी संगिनियों ने मनाया हरियाली तीज




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** सीमा की सुरक्षा करने वाले बल के जवानों की लंबी उम्र के लिए उनकी पत्नियों ने रविवार को हरियाली तीज व्रत रखा. सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप हजारीबाग में हरियाली तीज के अवसर पर परिवार कल्याण केन्द्र में बावा अध्यक्षा नीतू बन्याल की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान मेहंदी, ड्रेस, नृत्य एवं लोकगीत आदि कई प्रतियोगिता हुई. इस अवसर पर बावा सदस्य, प्रहरी संगिनी, बच्चे एवं उनके परिजन उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. चेतना खैंची एवं अन्य बावा सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर की. कार्यक्रम में प्रहरी संगिनियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मेहंदी प्रतियोगिता में प्रहरी संगिनियों ने अपनी कला की प्रस्तुति कर हाथों में सुंदर मेहंदी रचाई. साथ ही ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मनोहारी पोशाक पहनकर हरियाली तीज मनाया. बावा सदस्यों एवं प्रहरी संगिनियों ने झूला झूलकर, नृत्य एवं लोकगीत गाकर इस पर्व का भरपूर आनंद उठाया. साथ ही मौके पर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान डॉ. चेतना खैंची और बावा अध्यक्षा नीतू बन्याल ने सभी को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि हरियाली तीज पवित्र त्योहार है. इसे महिलाएं खुशी से मनाती हैं और अपने पति की दीघार्यु के लिए व्रत रखती हैं. उन्होंने कहा कि फौजी सीमा की सुरक्षा करते हैं और उनकी लंबी उम्र के लिए यह त्योहार मनाती हैं.

## थम नहीं रही है करियातपुर में चोरी की घटना, फिर हुई बर्तन दुकान में चोरी

**बरही।** करियातपुर में चोरी की घटना थम नहीं रही है. आए दिन दुकान या मकान में चोरी के वारदात सामने आ रहे है. बीते शुक्रवार की रात सपरिवार वैष्णो देवी गए करियातपुर निवासी कैलाश प्रसाद केसरी के मकान में ताला तोड़कर चोरो ने लाखो के समान के भागे है. संबंधित मामले में भुक्तभोगी के भाई संजय प्रसाद केसरी ने बरही थाना में आवेदन देकर चोरी की गिरफ्तारी और समान बरामदगी की गुहार लगाई है. दिए आवेदन के आधार पर भुक्तभोगी परिवार 15 अगस्त को सपरिवार मां वैष्णो देवी गए है. घर में ताला लगा था. जिसे शुक्रवार को तोड़कर घर के अंदर रखे लाखो रुपए के गहने, नकद, बेशकीमती कपड़े और दुकान से कांसा, पीतल के बहुमूल्य बर्तन चोरी कर लिया गया है. जिसका बाजार मूल्य 25 लाख रुपए बताए जा रहे है. चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से दुकानदार सहित स्थानीय लोग स्तब्ध है. आवेदनकर्ता ने बताया कि पिछले कई महीनों से करियातापुर में चोरी की घटना घट रही है. कुछ ही दिन पूर्व उनके मोबाइल दुकान सहित कई होटलों में चोरी कर लिया गया है. पुलिस को कई साक्ष्य भी बताए गए है, बाबजूद अपराधी गिरफ्त से बाहर है.

## उपमुखिया ने किया सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत गैड़ा के मिथिलेश रविदास और युगल पासवान के जन वितरण प्रणाली दुकान पर सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी धोती लूंगी का वितरण गैड़ा पंचायत के उप मुखिया चन्द्रदीप पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया। मौके पर उपमुखिया ने पीडीएस दुकानदारों को निर्देश दिया कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन तथा अन्य मिलने वाले लाभ लेने से लाभुक वंचित नहीं रहे। इसका ध्यान रखें साथ ही सभी लाभुकों को शत प्रतिशत लाभ मिले इस पर भी ध्यान रखना जरूरी है। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे योजना पर प्रशंसा जाहिर करते हुए कहा कि गरीब परिवार को इस योजना से काफी मदद होता है और लाभुकों को लाभ दिलाना हम सबों का कर्तव्य है इसलिए कर्तव्य का पालन अनिवार्य रूप से और ईमानदारी से करें। मौके पर बंधु साव, नागेश्वर साव, अशोक राम, सुभाष ठाकुर,लखरु सिंह समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## फेरीवाला लापता, भाई ने पुलिस को दिया आवेदन



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** कोनरा के शाकरी मुहल्ले में रहकर फेरी का काम करने वाला मो इरफान पिता मो कलाम शनिवार से गायब है. मामले को लेकर गुमशुदा युवक के भाई मो इकबाल ने बरही थाना में मामला दर्ज करवा कर पुलिस से शीघ्र बरामदगी की गुहार लगाई है. दिए आवेदन के आधार पर युवक लाल चौक थाना कसाई मोहल्ला जिला वर्द्धमान बंगाल रहने वाला है. जो पिछले नौ वर्षो से कोनरा में रहकर कपड़े बेचने का काम करता था. शनिवार की सुबह करीब नौ बजे फेरी के लिए चौपारण की ओर गया परंतु अब तक घर नहीं लौटा है. उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है. कई जगहों पर खोज बिन किया गया परंतु कुछ भी पता नही चल सका है.

## हजारीबाग में छठा नमो फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

### 50 टीमों के करीब 1000 खिलाड़ी ले रहे भाग



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमदाग मैदान में रविवार को छठा नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज हो गया. इसमें कटकमदाग प्रखंड की 50 टीमों के करीब 1000 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं. उद्घाटन समारोह के दौरान मैदान में फुटबॉल प्रेमियों का महाकुंभ लग गया. बैलून और कबूतर उड़ाकर, खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबॉल में किक मारकर सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित अन्य लोगों ने टूर्नामेंट का शुभारंभ किया. मैदान में आतिशबाजी भी की गई. खिलाड़ियों ने नमो जर्सी और अपने क्लबों की पहचान के साथ अतिथियों को सलामी दी. मौके पर विधायक ने कहा कि कटकमसांडी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में फुटबॉल के प्रति युवाओं के जुनून और उनकी प्रतिभा को निखारकर उन्हें मंजिल तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. यह टूर्नामेंट कटकमदाग की धरती से शुरू हुआ और भविष्य में इसे जिला स्तर पर ले जाकर राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय फलक पर ग्रामीण प्रतिभाओं को उभारकर लाना लक्ष्य है. ग्रामीण क्षेत्र में खेल-खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए विगत पांच वर्षों से सदर विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है. टूर्नामेंट के पहले दो मैच बांका बनाम महूडर और पसई बनाम पिपराडीह के बीच हुआ. टूर्नामेंट के उद्घाटन से पूर्व चार स्थानीय महिला टीमों में रोमांचक मुकाबला हुआ. उसमें आदर्श उच्च विद्यालय, कटकमदाग और फतहा बालिका टीम विजयी हुई. रेफरी की भूमिका में वकील कुमार, अशोक कुमार, विकास कुमार, पप्पू कुमार, सचिन कुमार, अनुज राम, कार्तिक कुमार और जीतेंद्र कुमार थे.

**हौसला अफजाई** — सरस्वती युवा क्लब की ओर से दस दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

# चलंगा को हराकर पाटीदरी टीम बना चैंपियन

### हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलू है, हार से ही खुलते है सफलता के द्वार : पूर्व विधायक



नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** सरस्वती युवा क्लब चलंगा की ओर से आयोजित दस दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट रविवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ. फाइनल और अंतिम मैच में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव सहित मुखिया संघ के अध्यक्ष व मलकोको मुखिया विजय यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर आदि शामिल हुए. मेजबान चलंगा व बरकट्ठा के पाटीदरी टीम के बीच खेले गए अंतिम और फाइनल मैच रोमांचक पूर्ण रहा. जिसमे पाटीदरी टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में मेजबान चलंगा को पराजित कर खिताब पर कब्जा किया. उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि खेल जीवन मे अनुसाशन सिखाता है. खेल से शारिरिक व मानसिक विकास होता है. उन्होंने कहा कि हार जीत खेत के दो पहलू है. जिसमे एक टीम को जीत तो दूसरे को हार का सेहरा बांधना पड़ता है. हार ही जीवन की सफलता का मूल मंत्र है. जो आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है. बशर्ते खेल को खेल भावना से खेली और देखी जानी चाहिए. जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि फुटबॉल सामूहिक एकता का परिचायक है. जो एक दूसरे के बीच मेल मिलाप और सहयोग की भावना जागृत करता है. भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने विजेता टीम को बधाई व पराजित टीम को भविष्य की शुभकामनाएँ दिया. टूर्नामेंट सफल बनाने में आयोजक मण्डल अध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष मुन्ना यादव, उपाध्यक्ष दिनेश पंडित, कोषाध्यक्ष अनुज यादव, सचिव विनय यादव, उप सचिव मेघलाल सिंह आदि ने महती भूमिका निभाया. मौके पर युवा भाजपा नेता संतोष यादव, अमर यादव, विजय यादव, भोला रजक, बीरेंद्र यादव, मनोज राणा, सचिन यादव, मोनु यादव, अविनाश यादव सहित आदि सैकड़ों की संख्या में कई लोग मौजद थे.

# डीसी ने कोलेबिरा प्रखंड के पर्यटन स्थलों का किया निरीक्षण







**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले के पर्यटक स्थल को विकसित करने की दिशा में उपायुक्त एवं जिला प्रशासन कृत संकिल्पत है। पर्यटक स्थल में डेवलपमेंट के कार्य होने से आजीविका का साधन बना रहा है, वहीं प्रर्यटको का हर दिन पर्यर्टक स्थल में आगमन होता रहेगा। जिले के कई प्रकृति पर्यटन स्थल अत्यंत मनोरम है कि पर्यटकों को आपने ओर आकर्षित करता है। उपायुक्त के दिशा-निर्देश में जिला प्रर्यटन संर्वधन समिति के माध्यम से जिले के वैसे पर्यटक स्थल जहां पर्यटकों का अधिक संख्या में आना जाना लगा रहता है, उन पर्यटक स्थलों को चिन्हित करते हुए विकास के कार्य को धरातल पर क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जा रहा है इसी के तहत रविवार को उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत भंवरपहाड़ जागरनाथ मंदिर, कोलेबिरा डैम के बुढ़ा महादेव शिव मंदिर एवं कल्हाटोली स्थित बाघचण्डी मंदिर का भ्रमण कर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का जायजा लिया, उन्होंने कई विकास कार्य करने हेतु उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही उपायुक्त ने बानो प्रखंड के प्रसिद्ध केतुंगा धाम भी पहुंचे वहां पहुंचकर उन्होंने केतुंगा धाम न्यास समिति के सदस्यों के संग बैठक कर धाम को पर्यटन स्थल में विकसित करने के लिए चर्चा की। वहीं केतुंगाधाम न्यास समिति बानो द्वारा उपायुक्त महोदय को पर्यटन स्थल केतुंगाधाम के विकास एवं सुंदरीकरण कराने की दिशा में विभिन्न कार्यों की मांग हेतु ज्ञापन सौंपा। जिस पर उपायुक्त ने मांग के तहत कार्य करने का आश्वासन दिया। उपायुक्त , सिमडेगा द्वारा केलाघाघ, वनदुर्गा मंदिर, बाघचण्डी मंदिर, दनगद्दी, केतुंगाधाम, भंवरपहाड़ एवं अन्य पर्यटक स्थलों को वृहद्ध पैमाने पर विकसित करने की दिशा में एक-एक कर जिले के सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया जा रहा है। तथा उपायुक्त द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र बानो एवं जलडेगा प्रखंड का भी भ्रमण किया गया। उन्होंने प्रखंड भ्रमण कर जलडेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से प्रखंड संचालन एवं अन्य विधि व्यवस्था से संबंधित विभिन्न समस्याओं के बारे जानकारी लिया। मौके पर कार्यपालिका अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के जे.पी. चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, एवं अंचलाधिकारी कोलेबिरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी बानो, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी जलडेगा, समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने जिले में संचालित विभिन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**



सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला संचालन समिति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने जिला कार्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 का अनुमोदन, आत्मा कार्यालय सिमडेगा में कार्य पदाधिकारी एवं कर्मियों का वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अवधि विस्तार अनुमोदन से संबंधित विचार विमर्श किया गया। जिला संचालन समिति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने आत्मा शासकीय निकाय विभाग अंतर्गत पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। साथ ही उपायुक्त ने जिले में बीज वितरण से संबंधित कार्यों की जानकारी लिया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिले में मूंग, रागी एवं मूंगफली की बीज का वितरण किया गया है। मूंग का वितरण 15 हेक्टर भूमि के लिए 53 किसानों के बीच किया गया है, रागी का 1768 किसानों के बीच 1750 एकड़ एवं मूंगफली का 150 यूनिट एक एकड़ के लिए 190 किसानों के बीच बीज का नियमित वितरण किया गया है। बैठक में उपविकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा,जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केंद्र बानो एवं अन्य उपस्थित थे।

## कोलेबिरा विधायक को मिला 3 अन्य विस का अतिरिक्त प्रभार

**सिमडेगा।** भारतीय कांग्रेस द्वारा कोलेबिरा विधायक नमन विसेल कोगाड़ी को अपने विधानसभा के अलावा अन्य चार विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया है इस संबंध में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे के द्वारा विधायक को जानकारी देते हुए बताया है कि संगठनात्मक ढांचा को मजबूती प्रदान करने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कोलेबिरा के अलावा तीन विधानसभा क्षेत्र को मजबूती देने का जिम्मेवारी सौंपी है। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को गठबंधन सरकार एवं पार्टी को ढ़ांचा गत बल देने के लिए प्रशासन और सरकारी संस्थानों के साथ स्थानीय मुद्दों पर बैठक करते जनसुनवाई करते हुए अपने कार्यकताओं को जानकारी दी जाए।जिन विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई है वो कोलेबिरा,तोरपा,तमाड़ एवं पोटका दिया गया है।

## ठेठईटांगर में याद किए गए स्व. राजीव गांधी

**नवीन मेल संवाददाता**





**ठेठईटांगर।** प्रखंड में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम एव विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के मौजूदगी में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । साथ ही विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के पहल पर ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल में मरीजों के बीच फल फ्रूट ब्रेड का वितरण किया गया विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि स्व राजीव गांधी ऐसे युवा प्रधानमंत्री थे जिन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों को अत्यधिक प्रभावित किया था। राजीव गांधी बहुत ही उदार प्रवृति वाले व्यक्ति थे। श्रीमती इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी इनकी कंधे पर आ गई थी जिसकी वजह से इन्हें राजनीति में आना पड़ा था स्व श्री राजीव गांधी ने रेडियो और टेलीविजन पर राष्ट्र के नाम संदेश दिया। वह उनका पहला नीतिगत संबोधन था जो कि विज्ञान, टेक्नॉलाजी और राष्ट्र के स्वाभिमान को व्यक्त करता था। उस भाषण में राजीव गांधी के शासन का मूलमंत्र इस प्रकार प्रकट हुआ एक साथ मिलकर हमें एक ऐसा भारत बनाना है जो 21वीं सदी का आधुनिक भारत बने। यह कहना गलत नहीं होगा कि आज जिस भारत में हम सांस ले रहे हैं। जिस आधुनिक भारत का लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। जिस भारत पर आज पूरी दुनिया की नजरें इनायत हैं। जिसे कल का विश्वशक्ति माना जा रहा है और कहा जा रहा है कि एक बार फिर भारत पूरे विश्व को एक नई राह दिखाएगा यह राजीव गांधी की ही देन है। इन्हें आधुनिक भारत का शिल्पकार भी कहा जाता है।मौके पर मौजूद अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, कांग्रेस प्रखण्ड प्रवक्ता सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंखयक प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद, कांग्रेस कोषाध्यक्ष मोहमद कय्यूम आलम, सुजीत डुंगडुंग, हरीश, सहबाज अली, हासिम हलीम, असजद अफरीदी, आसिफ आलम, आदि उपस्थित थे।

## चरित्र के बिना शिक्षा अधूरी हैः अपूर्व दास

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोडरमा।** अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल की झुमरी तिलैया शाखा द्वारा स्थानीय विवेकानंद विद्यालय असनाबाद में 19 और 20 अगस्त को बिहार झारखंड राज्य स्तरीय दो दिवसीय युवा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया. शिविर का उद्घाटन कोलकाता से आए केंद्रीय कार्यालय के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद रंजन दास ने किया. 19 अगस्त को शिविर के संध्याकालीन सत्र में स्वागत भाषण सचिव अजय पांडे ने दिया. इस सत्र में जमशेदपुर से आए हुए आरके मिशन स्कूल के प्राचार्य अपूर्व दास ने संबोधन करते हुए कहा कि स्वामीजी की शिक्षा की मूल बात चरित्र निर्माण है, चरित्र के बिना शिक्षा अधूरी है. रामचंद्र मिश्र ने कहा कि आज लोग विकास और भ्रष्टाचार को एक-दूसरे का पर्याय मानने लगे हैं लेकिन भारत के इतिहास में कई दौर ऐसे रहे हैं, जब हम समृद्धि के चरम पर थे और देश का भ्रष्टाचार से परिचय तक नहीं था. हमारा देश महान लोगों का देश था. कोलकाता से आए तुहिन चटर्जी ने कहा महामंडल का गठन ही स्वामीजी की चरित्र निर्माणकारी शिक्षा को युवाओं तक पहुंचाने के लिए हुआ है. विजय सिंह ने युवाओं से नचिकेता के समान आत्म श्रद्धा जगाने की अपील की और कहा कि आत्म श्रद्धा जगा कर युवा अपना मनचाहा भविष्य गढ़ सकते हैं. सत्र के अंत में प्रमोद रंजन दास ने अपने आशीर्वचन में युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं को चरित्रवान व्यक्ति बनाएं और अपने जीवन को सार्थकता प्रदान करें. 20 अगस्त की सुबह 5:30 बजे ध्वजारोहण अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह के द्वारा किया गया और युवकों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया. शारीरिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त मनः संयोग, जीवन गठन, चरित्र निर्माण, चरित्र के गुण, नए पाठ चक्र की आवश्यकता, स्वामी विवेकानंद की जीवनी एवं ऐसे अन्य विषयों पर कक्षाएं ली गई. इसमें प्रशिक्षक की भूमिका में बलराम मिश्रा, पिंटू कुमार, गजानन पाठक, शशि कुमार, धर्मेंद्र सिंह, अजय पांडे, अजय अग्रवाल एवं तरुण चक्रवर्ती रहे.

## सीटू के बैनर तले मजदूरों का धरना कल, चलाया गया प्रचार अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर कन्स्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीडब्लूएफआई) के देशव्यापी आह्वान पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर आंदोलन होगा. मंगलवार 22 अगस्त को श्रम कल्याण परिसर में श्रम अधीक्षक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया जाएगा. मौके पर मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर ज्ञापन भी सौंपे जायेंगे. आंदोलन को सफल बनाने के लिए झुमरीतिलैया के विभिन्न वार्डों, टोलों में जागरूकता सह प्रचार अभियान चलाया गया. अभियान का नेतृत्व सीटू नेता और निर्माण कामगार यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भारतीय निर्माण उद्योग कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार देने वाला क्षेत्र है. जहां लगभग 51 मिलियन लोग काम करते हैं और देश की जीडीपी में लगभग 11% का योगदान देते हैं लेकिन आज निर्माण क्षेत्र में लगे मजदूरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. महंगाई रोज बढ़ रही है. मजदूरों के लिए परिवार चलाना मुश्किल हो गया है. मजदूरी बढ़ाया नहीं जाता. मजदूरों के रजिस्ट्रेशन के लिए श्रमाधान पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा है, जिसके कारण उनका लेबर कार्ड नहीं बन रहा है. कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं. इन्हीं समस्याओं को लेकर मंगलवार को धरना का आयोजन किया गया है. इसके साथ साथ सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है. जागरूकता अभियान में यूनियन के नगर अध्यक्ष नागेश्वर दास, शम्भू पासवान, राजेन्द्र पासवान आदि शामिल रहे.

## कांग्रेसियों ने मनायी राजीव गांधी की 79वीं जयंती, अर्पित की पुष्पांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 79 वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई. मौके पर पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई. लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि राजीव गांधी अक्टूबर 1984 से दिसंबर 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे. राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को हुआ था. आज उनकी 79वीं वर्षगांठ है. जब देश आजाद हुआ था, तब स्वर्गीय राजीव गांधी सिर्फ 3 साल के थे और आजादी के 37 सालों बाद 40 की उम्र में वह देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने. लोकसभा में 400 से ज्यादा सीटें जीतकर एक रिकॉर्ड बनाया. वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव नारायण वर्णवाल ने कहा कि देश में बिजली, तकनीकी और कंप्यूटर बहाल करने पर राजीव गांधी का फोकस रहा. आज देश में इतनी तेजी से कंप्यूटर बढ़ रहा है तो इसका श्रेय पूर्व पीएम राजीव गांधी को जाता है. मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि तुलसी मोदी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान, जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा, जिला उपाध्यक्ष फहीम खान, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष राजू सिंह, जिला आमंत्रित सदस्य सरोज मेहता जिला सचिव सदानंद पांडे, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, जिला सचिव दशरथ पासवान समेत कई पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

आस्था

### सिमडेगा में पूर्व मंत्री ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

## जागरण में भक्ति गीतों पर खूब झूमे श्रद्धालु





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा कांवरिया सेवा संघ की ओर से 19 अगस्त से आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा बांसजोर के तरगा के पास कांवरियों को जमाने के उद्देश्य से भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम झारखंड पार्टी की ओर से आयोजित करवाई गई जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री एनोस एक्का के द्वारा विधिवत रूप से रिबन काटकर किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि सिमडेगा जनजातीय क्षेत्र है जहां पर भगवान भोलेनाथ की हमेशा कृपा बनी रहे और यही प्रयास और यही सोच को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम किया गया उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों का आवाहन किया कि सभी लोग इसी प्रकार एक सूत्र में बंधकर इस कावड़ यात्रा को युगो युगो तक ऐतिहासिक बनाते रहे इसमें झारखंड पार्टी की ओर से हर वर्ष बढ़-चढ़कर सहयोग दिया जाएगा ताकि कांवरियों को किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत ना हो। इस मौके पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक फिल्मी आधुनिक नागपुरी सहित विभिन्न भाषाओं के बोल बम के भक्ति गीतों से उपस्थित कांवरियों को झूमने पर विवश कर दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री के अलावा झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का, झारखंड पार्टी के प्रखंड प्रभारी बेलास एक्का, निकोल्सन कोंगाडी, राजेश महतो सुनील साहू कामेश्वर साहू नुवल हेरेंज रवि बड़ाईक, आशीष कुमार सिंह, रसाल खलखो, भोला दास ,लल्लन प्रसाद पिंटू सिंह सहित काफी संख्या में लोगों की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका रही।

## मणिपुर की घटना को लेकर झामुमो ने किया केंद्र सरकार के खिलाफ सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** रविवार को झामुमो सिमडेगा के जिला समिति द्वारा प्रखंड के कुटुनिआ मण्डली में मणिपुर में हुए हिंसात्मक घटना को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ और मणिपुर राज्य सरकार के खिलाफ सभा का आयोजन किया गया। मौके पर दो मिनट मौन होकर मणिपुर के हिंसात्मक घटना में शिकार होकर जान गवाने वालों के लिए शांति एवं देश में शांति की कामना की गई।और जनता के समस्याओं से भी अवगत हूए और हर संभव मदत करने की भरोसा दिलाई।मौके पर झा मु मो जिला अध्यक्ष अनिल कन्डुलना ने सभा को संबोधित करते हुए कहा वर्तमान समय में केंद्र सरकार तरह तरह की साज़िश रचकर आदिवासियों को खत्म करना चाहती है। मणिपुर की घटना पुरे मानवता को शर्मशार कर देने वाली घटना है जिसमें केंद्र सरकार का तीन महीने तक मौन रहकर तमाशा देखना आदिवासीयों के खिलाफ साजिश ही प्रतीत होती है। आज देश में आदिवासी कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।भारत के पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की घटना एक यौन उत्पीड़न का मामला है। इसमें भीड़ ने महिलाओं का बलात्कार किया और नग्न करके महिलाओं को घुमाया। ये घटना दो महीने पहले हुई थी। इस घटना के सामने आने के बाद नेशनल और ग्लोबल लेवल पर सबका ध्यान अपनी ओर केंद्रित किया। महिलाओं से जुड़ा वीडियो कुछ सप्ताह पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने कुछ गिरफ्तारियां भी की हैं।डबल इंजन सरकार की उदासीन रवैया को जनता कभी माफ नहीं करेगी।झामुमो जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेकेट्टा ने कहा हमले का वीडियो सामने आने तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर हिंसा पर कोई भी बयान नहीं दिया। लेकिन मानसून सत्र के पहले दिन उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस घटना ने ₹भारत को शर्मसार कर दिया है।

### सदर अस्पताल में खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की भीड़ अस्पताल में लगी रही

# जिले में डेंगू की दस्तक, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
वायरल बुखार के साथ अब डेंगू के मरीज भी सामने आने लगे हैं, जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को चिकित्सकों के द्वारा बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। पिछले दिनों तीन मामले जिला अस्पताल में पहुंचे जिनका सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। मरीज को बुखार आने पर चिकित्सक द्वारा एनएस-1 एंटीजन व आइजीजी व आइजीएम एंटीबाडी जांच कराई गई, जिसमें डेंगू पाया गया। इसके बाद तीनों मरीजों की एलाइजा की जांच के लिए सैंपल भेजे गए हैं। हालांकि अस्पताल में अभी डेंगू का कोई मरीज भर्ती नहीं है। इसके अलावा वायरल से संबंधित खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की भीड़ भी अस्पताल में लगी रही। वायरल के चलते डेंगू की दस्तक के बाद चिकित्सक भी अलर्ट हो गए हैं।




**चिकित्सक ने दी सलाह :** फिजीशियन डा. अरसद अंसारी ने बताया कि वायरल के चलते अब डेंगू के लक्षण मरीजों में दिखने लगे हैं। इस बीमारी में 4 से 7 दिनों के बाद किसी भी व्यक्ति में लक्षण दिखते हैं। डेंगू के खून में फैलने के बाद जोड़ों में दर्द के साथ तेज बुखार, ब्लड प्रेशर कम होने के साथ आंखों का लाल होना, भूख न लगना, ठंड लगना, सिर दर्द के साथ अन्य कई दिक्कतों होने लगती हैं। गढ़वा में जितने भी डेंगू के मरीज मिले हैं वह बाहर से सफर कर लौटे हैं। इस बीमारी से बचाव के लिए अपने आसपास पानी एकत्रित न होने दें और साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखें तथा मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी के साथ अन्य रोकथाम वाली चीजों का प्रयोग करें और अगर जरा भी दिक्कत हो तो तुरंत डाक्टर की सलाह लेकर अपनी जांच कराएं।

**डेंगू से निपटने के लिए तैयारी पूर्ण :** सीएस ने बताया कि डेंगू के मरीज सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। अस्पताल में डेंगू से संक्रमित मरीजों के लिए अलग से वार्ड बना हुआ है तथा इस घातक बीमारी से बचाव के लिए विभाग के द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। गढ़वा में जितने भी लोगों का डेंगू लक्षण निकला है वह बाहर से मजदूरी कर लौटे हैं फिलहाल अस्पताल में एक भी डेंगू के मरीज नहीं है।

# जिसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली गयी थी वह घर पहुंचा तो जिंदा निकला

### बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को कर दिया गया था मृत घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिसे लोगों ने मरा जानकर अंतिम संस्कार करने की पूरी तैयारी कर दी थी उसके एंबुलेंस से अपने घर पहुंचते ही हाथ पैर हिलने शुरू हो गये। गांव के लोग जब तक उसे शमशान ले कर जाने की तैयारी करते उससे पहले ही लोग उसे जिंदा देख हैरान हो गए। यह देख घर वालों ने खुशी में रोना शुरू कर दिया। परिवार को यह पता था कि नितेश अब नहीं रहा लेकिन यह हरकत देखकर रहस्य बन गया। जानकारी के अनुसार जिला अंतर्गत मझिआंव थाना के खजूरी गांव निवासी उदय विश्वकर्मा का पुत्र नीतीश कुमार (24) की बाइक 13 अगस्त को मझिआंव खजूरी मुख्य मार्ग पर बोकया गांव के पास विद्युत पोल से टकरा गई थी, जिसमें नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद उसका इलाज पलामू जिला के मेदनीनगर के एक निजी क्लीनिक में चल रहा था। 13 अगस्त से लेकर 19 अगस्त की दोपहर तक उसकी हालत काफी गंभीर थी। उसके शरीर का एक अंग भी काम नहीं कर रहा था। परिजनों ने बताया कि निजी क्लीनिक के लोगों के द्वारा बुलाकर कहा गया कि पैसा का भुगतान कीजिए। और आप अपने मरीज को लेकर जा सकते हैं। जब मरीज के परिजनो ने पूछा तो निजी अस्पताल के चिकित्सक ने कहा कि आपका मरीज अब नहीं बचेगा वह लगभग मर चुका है। यह बात सुनकर नितेश के पिता उदय विश्वकर्मा की आंखें नम हो गईं। कुछ देर के बाद वह अपने गांव में फोन कर जानकारी देते हुए कहा कि नितेश की मौत हो चुकी है। अंतिम संस्कार की तैयारी कीजिए। हम लोग अस्पताल से घर लौट रहे हैं। यह बात सुनकर गांव में अंतिम संस्कार की सामग्री एकत्रित कर ली गई। पिता ने बताया कि वे लोग मेदनीनगर अस्पताल से निकल कर एक निजी एंबुलेंस से अपने घर जब पहुंचे। एंबुलेंस का दरवाजा जैसे ही लोगों ने खोला तो देखा कि उसका हाथ पैर हिल रहा है। लोग उसे सदर अस्पताल भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त

### प्रदेश महासचिव अजय वर्मा को किया सम्मानित



**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के प्रांगण में रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन की प्रखंड इकाई का गठन जिला अध्यक्ष ललित राम की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से समरेश कुमार रवि को अध्यक्ष, नरेंद्र अनमोल, अजय राम और राजा कुमार को महासचिव, अरुण राम, कमलेश कुमार, संतोष राम उपाध्यक्ष, प्रताप कुमार राम, अमृत कुमार, रामजी राम को संगठन सचिव, संतोष कुमार को प्रवक्ता, श्याम बिहारी राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके पर अजय वर्मा को भीम आर्मी का प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर भीम आर्मी के जिले से आये पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजय वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश भर में घूम कर शोषितों-वंचितों को गोलबंद करके सामाजिक न्याय का नारा बुलंद करूंगा। गरीबों के मान सम्मान पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सिराज खान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गिरिजा नंदन उरांव, प्रदेश संगठन सचिव दीपक कुमार, जिला अध्यक्ष ललित राम, उपाध्यक्ष फैयाज खान, राहुल कुमार रंजन, संगठन सचिव प्रवीण कुमार, जिला सचिव पंकज कुमार, मीडिया प्रभारी चंद्रभूषण कुमार, प्रवक्ता साजिद खान, छोटन सिंह, कामेश्वर दास, जस्मुद्दीन अंसारी, मारूफ अंसारी, लालेश्वर राम, अतेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### बंशीधर मंदिर व शिव मंदिर में पूजा अर्चना की



**श्री बंशीधर नगर।** रांची फेडरेशन 8 के अध्यक्ष आर के चौधरी, सेंट्रल कमेटी सदस्य ए के पाठक, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, यूनिट निदेशक मनोज केशरी ने रविवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद जायन्ट्स ग्रुप के सदस्यों की उपस्थिति में राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर परिसर में आगंतुक सदस्यों ने 15 फलदार पौधे लगाये। मौके पर नगर अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, डॉ धर्मचंदलाल अग्रवाल, सचिव अनूप कुमार निराला, शम्भूनाथ सौदागर, अशोक जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, गोपाल जायसवाल, राहुल जायसवाल, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, उमेश कुमार, शुभम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### पदाधिकारी ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**डंडई।** योगदान देने के बाद नए जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने प्रथम विजिट में डंडई और मेराल में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,स्वास्थ्य उप केंद्र तथा राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय केंद्र का औचक जांच की। इस दौरान उन्होंने डंडई प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय केंद्र तथा पास के ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कार्य संतोषजनक पाया गया। जांच के क्रम में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के चिकित्सक डॉक्टर रीना भारती के द्वारा आयुष्मान भारत के तहत आयोजित वृद्ध स्वास्थ्य कैंप में भाग लिए।

### प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा जल मीनार बना चर्चा का विषय, ग्रामीणों ने कहा

# नल जल बनी लूटपाट की योजना

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा जल मीनार योजना पिछले 20 दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है। जलमीनार पर न तो कार्यकारी एजेंसी का नाम लिखा हुआ है और ना ही उस पर मद का ही जिक्र है। इतना ही नहीं, उक्त योजना 15वें वित्त आयोग के वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक प्लान में न तो शामिल है और न ही 2023-2024 के ही वार्षिक प्लान में है।

वित्तीय वर्ष 23 -24 की बात तो दूर फिलहाल तो 2022-23 के ही वार्षिक प्लान के अनुसार पूरे प्रखंड में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ली गई योजनाओं के प्रक्रियाधीन होने के कारण उक्त प्लान की योजना अभी तक प्रभावी नहीं हो पायी है। जल मीनार योजना के साथ-साथ अन्य तरह के पक्के कार्य की मुख्य कार्यकारी एजेंसी 15वें वित्त आयोग होता है। 15वें वित्त आयोग के वार्षिक प्लान में निहित पक्का कार्यों को अभिकर्ता का चयन कर धरातल पर उतरने का काम किया जाता है।






उधर जानकारी को लेकर प्रमुख पति घुरविगन बैठा, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान के साथ-साथ पंचायत की मुखिया धनवंती देवी और पंचायत सचिव सुदर्शन राम से भी कार्यान्वित योजना के बारे में जानकारी ली गई तो उक्त लोगों के द्वारा इस बारे में किसी भी तरह की जानकारी नहीं होने की बात बताई गई। कार्यान्वित जल मीनार योजना अभी तक सिर्फ और सिर्फ लावारिस बनकर रह गयी है। वहीं जल मीनार से प्रत्येक दिन पानी पी रहे पास पड़ोस के लोगों का कहना है कि हम सभी पिछले 15, 20 दिनों से जल मीनार से पानी पी रहे हैं लेकिन अभी तक उस पर कहीं भी किसी का नाम लिखा हुआ नहीं दिखाई दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि जल मीनार योजना सिर्फ और सिर्फ लूटपाट की योजना बनकर रह गयी है। उक्त योजना को धरातल पर उतारने में अधिकतम एक लाख दस हजार रुपये तक ही राशि खर्च होती है, जबकि उसके आलोक में ढाई लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जाता है। शेष राशि बंदरबांट का शिकार होकर रह जाती है। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत में अभी तक दो दर्जन से भी अधिक जल मीनार योजना धरातल पर उतरी लेकिन उनमें महज दो चार को छोड़ शेष सभी के सभी जलमीनार खराब होकर पड़े हुये हैं। योजना को पदाधिकारी और अभिकर्ता आपस में राशि की बंदरबांट करने के उद्देश्य से धरातल पर उतारने का काम करते हैं। ढाई लाख रुपये की लागत से अगर दूसरी तरह की विकास योजना को धरातल पर उतारा जाता तो वह काफी कारगर और फायदेमंद होता। साथ ही कहा कि इससे पूर्व पंचायत में जितने भी जलमीनार लगाए गए हैं वे दो-तीन महीने तक ही ठीक ठाक ढंग से चले हैं। उसके बाद वह स्वतः खराब हो जाता है। उसके लिए किसी भी तरह के सरकारी पैसे की व्यवस्था नहीं होने के कारण उसका मरम्मती कार्य नहीं हो पता है। पंचायत के भुइयां टोला, बाजार टोला, पश्चिम भुइयां टोला, बैगा टोला सहित कई जगहों पर बरसों से खराब पड़े जल मीनार इसके जीता जागता उदाहरण हैं।

## बिजली चोरी पर सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**श्री बंशीधर नगर।** विधुत अभियंता गुणवंत कुमार ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर विद्युत चोरी के मामले में सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चलाये गये छापेमारी अभियान में अवैध रूप विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर हेन्हों मोड़ स्थित सबिता कुमारी, बंशीधर रोड निवासी सुरेंद्र चंद्रवंशी की पत्नी संध्या देवी, रोजन शाह उर्फ रंजन शाह, चेचरिया रेलवे क्रासिंग के पास गुड्डू प्रसाद, चेचरिया रेलवे लाइन के उस पार नौसाद खान, चेचरिया निवासी सुरेंद्र प्रसाद तथा ब्लॉक मोड़ निवासी विजय उरांव के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 डी धारा 135 तथा 138 के तहत आवश्यक कार्रवाई की गयी है।

यहां बता दें कि बिजली विभाग की ओर से जिले में अवैध बिजली कनेक्शन वाले लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिजली विभाग द्वारा अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों पर न केवल जुर्माना किया जा रहा है, बल्कि पुलिस थाने प्राथमिकी भी दर्ज करायी जा रही है। इसके बावजूद लोग बिजली की चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## दिनदहाड़े किसान के घर का ताला तोड़कर की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
थाना क्षेत्र के बरछिया ग्राम से रविवार दो पहर अज्ञात चोरों ने मजदूर किसान रामकुमार उरांव, पिता बढ़न उरांव के घर का ताला तोड़ कर नकद सहित जेवरात की चोरी कर ली। घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया कि हम सभी परिवार सुबह घर में ताला लगाकर खेत पर धान रोपने चले गए थे। लगभग 11 बजे पड़ोसियों के द्वारा जानकारी मिली की घर का मुख्य दरवाजा पर लगा ताला टूटा हुआ है। घर पहुंच कर अंदर प्रवेश किया तो सभी कमरे का दरवाजा खुला पाया। कमरे में रखा बड़ा बक्शा खुला है और उसमें रखा सारा सामन बीखरा पड़ा हुआ था। चोर पूरे घर को खंगालते हुए बड़े बक्शे में रखे 40 हजार रुपये नकदी और लगभग 50 हजार रुपये के जेवरात ले भागे। घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को आवेदन के माध्यम से देने की बात कही।

# स्कूल की जमीन पर मकान का निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड**
शिक्षा के क्षेत्र में राज्य का गौरव नेतरहाट आवासीय विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इस संबंध में निर्माण कार्य के लगभग दो महीने बाद नेतरहाट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने अंचल कार्यालय में चिट्ठी लिखकर कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

अंचल अधिकारी को लिखे पत्र में प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान ने बताया कि मुख्य विद्यालय के पीछे वाली जमीन पर प्रबिंदर सिंह के द्वारा अनाधिकृत तौर पर मकान का निर्माण कराया जा रहा है, इसलिए निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि प्रबिंदर सिंह के द्वारा नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सामग्री आपूर्ति का कार्य किया जाता है



ऐसे में विद्यालय की जमीन पर ही गृह निर्माण कराना कई तरह के सवाल खड़े करते है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि विद्यालय के जिम्मेदार के साथ मिलकर इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा हो, यदि मामले की जांच की जाए तो कई नए खुलासे हो सकते है। वहीं इस संबंध में महुआडांड़ सीओ अमरेन डांग ने बताया कि मामले को लेकर संबंधित हल्का कर्मचारी से जांच रिपोर्ट मांगी गई है, यदि विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण किया गया है तो निश्चित तौर पर निमार्णाधीन मकान को तोड़ दिया जाएगा और विधि सम्मत कारवाई की जाएगी।

**बैठक** — श्रमिक रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन की गढ़वा जिला ईकाई का किया गया गठन

# अनिता देवी को सर्वसम्मति से बनाया गया जिलाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
राष्ट्रीय असंगठित श्रमिक रसोईया वेलफेयर एसोसिएशन की गढ़वा जिला ईकाई का गठन हुआ। सर्वसम्मति से अनिता देवी को जिलाध्यक्ष बनाया गया। रविवार को बुनियादी विद्यालय परिसर में हुई बैठक की अध्यक्षता किरण देवी ने की। बैठक की शुरुआत मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर की गई। संगठन के संरक्षक एवं संस्थापक तैयब अंसारी उत्तर प्रदेश स आये प्रदेश सचिव ज्ञानती देवी, सहसचिव फुलवंती देवी भवनाथपुर प्रखण्ड के शिक्षक उमेश कुमार अनिल यादव एवं मंगलेश कुमार उपस्थित थे।




जिला इकाई के बैठक में विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से बखोरी राम को प्रदेश संरक्षक,अनीता देवी को जिला अध्यक्ष गढ़वा, किरण देवी को खरौंधी प्रखंड का अध्यक्ष एवं शिव प्रसाद को खरौंधी प्रखंड का संरक्षक मनोनीत किया गया ।संगठन संथापक तैयब अंसारी द्वारा मनोनीत सदस्यों को मनोनीत पत्र दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अंसारी ने कहा कि सम्पूर्ण देश में कार्यरत रसोइयों से 11 माह कार्य कराए जाते हैं एवं मानदेय मात्र 10 माह का ही दिया जाता है। भारत के प्रत्येक प्रदेशों में परिषदीय विद्यालयों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों, सरकारी, अर्द्ध सरकारी एवं एडिट विद्यालयों में करत रसोइयों को नियमितकरण / स्थाई करते हुए भारत सरकार के द्वारा निर्धारित न्यूनतम मासिक मानदेय अधिनियम 1968 के एवं उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में सामान्य कार्य सामान्य मानदेय के तहत संगठित श्रम एक न्यूनतम निर्धारित मानदेय 12 अक्टूबर सन 2022 के आदेश के क्रम में देश के समस्त कार्यरत रसोइयों को न्यूनतम मानदेय 20000 बीस हजार रुपए मासिक दिया जाए। 2005 से अब तक का अंतर बकाया मानदेय जोड़कर लाखों रुपये का भुगतान किया जाए तथा सभी महिला कार्यरत रसोइयों को मातृत्व अवकाश, मेडिकल की सुविधा, 14 आकस्मिक अवकाश उपलब्ध कराते हुए उम्र के आधार पर निष्कासित कार्यरत रसोइयों को 500000 रुपये ग्रेच्युटी नकद धनराशि का भुगतान करते हुए 10 हजार रुपये मासिक पेंशन उपलब्ध करायी जाए, रसोइयों के निष्कासन पर उनके ही परिवार के लोगों को वरीयता के क्रम में रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए, रसोइयों का सेवा काल 62 वर्ष निर्धारित किया जाये। बखोरी राम प्रभारी झारखंड द्वारा कहा गया कि सरकार हमारी बातों पर विचार नहीं करती है तो आने वाले समय में पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

जिला अध्यक्ष अनीता ने कहा कि रक्षा बंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर रसोइयों का रुका हुआ मानदेय नहीं मिला तो जिला पदाधिकारी गढ़वा के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से आशा देवी, प्रमिला कुवर, राजमती, सितमती, संध्या देवी, पुनम देवी, संगीता देवी, प्रमिला देवी, चम्पा देवी, पाना देवी, दुर्गावती देवी, मिना देवी, सुनैना देवी, कमोदा देवी, फुलमती देवी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यरत रसोइयां बहनें उपस्थित थीं।

## विधायक ने लिया जीयर स्वामी का आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
विंध्य क्षेत्र अंतर्गत श्री बंशीधर नगर प्रखंड के पाल्हे जतपुरा गांव में संत जीयर स्वामी महाराज के चातुर्मास्य स्थल पर शनिवार की देर रात भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। यहां जीयर स्वामी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक भानु ने कहा कि हम सभी बड़भागी हैं कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में देश के महान तपस्वी जीयर स्वामी महाराज का चातुर्मास्य व्रत व श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हो रहा है। यहां की धरती इतने बड़े तपस्वी को पाकर धन्य हो गई। हम सबों के पूर्व जन्मों का ही प्रतिफल है कि श्री स्वामी जी महाराज का पांच माह का सानिध्य प्राप्त हुआ है। प्रतिदिन स्वामी के श्रीमुख से भागवत कथा सुनने को जिला सहित दूर-दूर से काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण पहुंच रहे हैं। मौके पर प्रवीण सिंह, राजा सिंह, यज्ञ समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, यज्ञ समिति के संरक्षक शंभूनाथ शुक्ल, रामानंद पांडेय, सह कोषाध्यक्ष शिवनारायण चौबे, मीडिया प्रभारी रजनीश कुमार मंगलम, सह मीडिया प्रभारी राधे रमण चौबे, विभूति भूषण चौबे, उमेश शुक्ला, प्रशांत चौबे, नवनीत शुक्ला आदि उपस्थित थे।

ज्ञान की बात
राष्ट्रीय नवीन मेल

आप अपनी स्वयं की जिंदगी के कलाकार हैं। इस पर कलाकारी दिखाने का मौका किसी और को ना दें।' - अज्ञात



# सोशल मीडिया और बच्चे

**इसमें** कोई शक नहीं कि कंप्यूटर ने हमें बहुत मार्डन बना दिया है। हम बहुत आगे भी बढ़ रहे हैं लेकिन कंप्यूटर के सबसे लेटेस्ट वर्जन यानी कि मोबाइल ने हमारी नई पीढ़ी की विशेष रूप से बच्चों की मानसिक ग्रोथ को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है। यह गहरी चिंता का विषय है कि सोशल मीडिया के चलते हमारी नई पीढ़ी का विशेष रूप से बच्चों का भविष्य क्या होगा साथ-साथ उठने-बैठने और बच्चों को संस्कार देने के जमाने चले गए। बच्चे व्हाट्सएप से कौन सी चीज कहां से पढ़ते हैं और कहां फारवर्ड करते हैं, कुछ पता नहीं। पिछले दिनों ब्रिटेन में मोबाइल इस्तेमाल करने वाले आठ साल तक के बच्चों की मानसिकता बहुत तेजी से बदलने का उल्लेख एक मेडिकल पत्रिका में किया गया था। आज के जमाने में बच्चे सबकुछ मोबाइल और सोशल मीडिया से सीख रहे हैं। स्मार्टफोन, टीवी और तरह-तरह की कार्टून फिल्मों की भाषा और उनका व्यवहार देखकर बच्चे भी यही सबकुछ सीख रहे हैं। यह जरूरी है कि पैरेंट्स जागरूक हो जाएं। स्क्रीन से मेरा मतलब मोबाइल, लेपटॉप, स्मार्टफोन या स्मार्ट टीवी देखने से स्मार्टनेस नहीं आ जाती। कई बच्चे इंग्लिस के अभद्र शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जो वीडियो व खबर देख रहे हैं उसका कंटेंट ही इतना अभद्र है कि बच्चे वही सीख रहे हैं। मोबाइल या सोशल मीडिया पर जो कुछ चल रहा है उसे देखकर हमें न केवल खुद सावधान रहना है बल्कि बच्चों को भी सावधान करना है। ऐसे लगता है कि तीन साल से लेकर दस साल तक के बच्चे मोबाइल के एडिक्ट हो चुके हैं। यह बात अमरीका के साइंस विशेषज्ञों ने घोषित की है। उसी लोहे से हथियार बनता है, उसी लोहे से सब्जी और सूत काटने का इस्तेमाल किया जाता है। इस्तेमाल करने का तरीका अलग-अलग है। सोशल मीडिया में यूज होने वाले वीडियो कंटेंट और जो डायलॉग लिखे जा रहे हैं उसकी भाषा को लेकर कोई रेगुलेटरी जरूर बनानी होगी। वैसे तो हर अच्छी चीज के दो पहलू होते हैं लेकिन पिछले दिनों मोबाइल के प्रति बच्चों की लत के चलते हत्याएं तक हो चुकी हैं। एक बच्चे ने अपनी मां को चाकू इसलिए मार दिया था कि वह उसे पब्जी खेलने से मना करती थी। एक छोटे बच्चे ने अपनी बहन की हत्या भी इसलिए की। ऐसे एक नहीं दर्जनों कारण हैं जो सुर्खियां बनकर उभर रहे हैं। भारत जैसे देश में जहां राम-राम, नमस्ते, शतश्रीअकाल जैसे शुभ संस्कारों यानी भाषा प्रचलित थी अब वहां मोबाइल पर जिस तरह माता-पिता से बच्चों का और बच्चों का माता-पिता से जो व्यवहार दिखाया जा रहा है, जो टपोरी भाषा का इस्तेमाल उनके बीच में किया जा रहा है वह स्क्रीन पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता लेकिन जब वह बच्चे देखेंगे और सुनेंगे तो अच्छे संस्कारों की आशा नहीं की जा सकती। बहुत कम परिवार हैं जहां संस्कारों को सुरक्षित रखा जा रहा है। ज्यादा सुविधाएं और ज्यादा मॉर्डन होने के चक्कर में हम सबकुछ गंवा रहे हैं। विशेष रूप से नई पीढ़ी को नये संस्कार कैसे देने हैं यह समझाना और बताना बहुत जरूरी हो गया है। छोटे बच्चों को कंट्रोल करना आसान नहीं लेकिन अगर सबकुछ यूं ही चलता रहा तो नई पीढ़ी कहां जायेगी? महत्वपूर्ण बात यह होनी चाहिए कि नई पीढ़ी की वैचारिक ऊर्जा को अगर बढ़ाना है तो उसमें हमारे संस्कारों व संयुक्त परिवारों की सीख का भी ध्यान रखकर आगे बढ़ना होगा वरना आधुनिकता के चक्कर में सब तरफ फूहड़ता और अभद्रता का बोलबाला ही रहेगा। समय रहते इस विषय में कुछ करना होगा।

**नई पीढ़ी की वैचारिक ऊर्जा को अगर बढ़ाना है तो उसमें हमारे संस्कारों और संयुक्त परिवारों की सीख का भी ध्यान रखकर आगे बढ़ना होगा वरना आधुनिकता के चक्कर में सब तरफ फूहड़ता और अभद्रता का बोलबाला ही रहेगा। विशेष रूप से नई पीढ़ी को नये संस्कार कैसे देने हैं ये समझाना व बताना बहुत जरूरी हो गया है।**

# भारत की आर्थिक छलांग के लिए यूपी महत्वपूर्ण क्यों?





आर.के.सिन्हा

**आप** उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में आज दिन या रात में कभी भी जाएं तो आपको एक दशक पहले की तुलना में अभूतपूर्व अंतर दिखाई देगा। नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे। यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। नये उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आई, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकले। गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है। यूपी में गरीबी में सर्वाधिक कमी वाले जिले महराजगंज (29.64%), गोंडा (29.55%), बलरामपुर (27.9%), कौशांबी (25.75%), लखीमपुर खीरी (25.33%), श्रावस्ती (24.42%), जौनपुर ( 26.65%), बस्ती (23.36%), गाजीपुर (22.83%), कुशीनगर (22.28%), और चित्रकूट (21.40%) हैं। जो लोग यूपी को जानते हैं वे आपको बतायेंगे कि इन जिलों की हालत पहले बहुत खराब थी। इसलिए यदि भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी से दिल को छू लेने वाली ऐसी सुखद खबर आ रही है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक शुभ संकेत है। बीमारू (हिंदी में बीमार) शब्द का प्रयोग अक्सर बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है। आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य,शिक्षा , कुपोषण, सड़क, बिजली, पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं। भारत को यदि 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाना भी अति आवश्यक है। यह भी सत्य है कि नये परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पहले के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भारत के आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बड़ी भूमिका के निर्वहन में यूपी, समाज के विभिन्न स्तरों के साथ राजनीतिक नेतृत्व के जरिए योगदान दे सकता है। यदि उत्तर प्रदेश नेतृत्व करे तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन सकता है। यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दावा किया कि 2015-2016 से 2019-2021 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक

**यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा।**

**इन दिनों**

गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चला है कि इस अवधि के दौरान 13.5 करोड़ लोगों में से अकेले यूपी में 3.43 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह एक चौंका देने वाली संख्या है। 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों पर केंद्रित रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से गरीबों की संख्या में कमी का इशारा करती है। गरीबी कम होने के मामले में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य यूपी के बाद ही आते हैं। सरकार ने दावा किया है कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि राज्य भर के गांवों में गरीबों की संख्या तेजी से घटी है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता सरीखे मानकों पर भी बेहतरीन परिणाम दिखे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट पर आगरा के उद्यमी और रोटरी क्लब के प्रमुख मनीष मित्तल कहते हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में उत्साहजनक माहौल है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। मेरा विश्वास करें, हमारा व्यवसाय अच्छा चल रहा है और हम आर्थिक विकास में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। काम के इच्छुक लोगों के लिए काम की कोई कमी नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30.40%से घटकर 2019-21 में 18.45%रह गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3.81%से गिरकर 2019-21 में 2.20%हो गई है। राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25.20% से घटकर 2019-21में 15.97% हो गई है। इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34.24% के मुकाबले 2019-21 में 17.95% था। इसके अलावा पीने के पानी से वंचित लोगों की संख्या 2015-16 में 2.09%के मुकाबले 2019-21 में 0.93% हो गई। इसमें कोई दोराय नहीं कि कभी विकास के पैमाने पर पिछड़े यूपी में आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। खैर, आज दुनिया भी यह मानने लगी है कि उत्तर प्रदेश अब गरीब और बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि एक ऐसा राज्य है जहां पिछले छह वर्षों में 5.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह दुख की बात है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें गरीबी तो दूर कर नहीं पाई, लेकिन खोखला नारा जरूर देकर गईं। सपा के नारे जातिवाद और अराजकता के चंगुल में फंसकर भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए जबकि बसपा शासन में यूपी विकास की दौड़ में अन्य राज्यों से काफी पीछे रह गया। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्षों में जो विकास और जनकल्याण के कार्य दिखे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। लेकिन , पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव स्पष्ट दिख रहा था। उन्होंने किसानों और व्यापारियों का भरपूर शोषण किया, युवाओं के साथ अन्याय भी किया और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाला। जैसा कि हम जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच साल में एक ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य बनाया है। यह राज्य समेत यहां के निवासियों की क्षमताओं को बेहतर संभावनाओं में बदलने का एक सुअवसर है।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा छत्रपति शिवाजी की*

**इस** अपमानजनक संधि के रूप में शिवाजी को अपने 23 किले और अपने पुत्र संभाजी को औरंगजेब को सौंपना पड़ा। 1666 में औरंगजेब के बुलावे पर जब शिवाजी अपने पुत्र के साथ उसके दरबार में गये तो वहाँ उन्हें सबसे पीछे खड़ा करके उनका अपमान किया गया। शिवाजी के विद्रोह करने पर उन्हें कैद कर लिया गया और आगरा के किले में बंदी बना लिए गये। वहाँ अपनी चतुराई से दोनों पिता-पुत्र फलों के टोकरों में छिप कर कैद से बाहर आ गये। इसके बाद चार महीने के अंदर ही शिवाजी ने अपनी ताकत को दोबारा बटोर कर फिर से मुगलों पर आक्रमण करके अपने सभी किले वापस ले लिए।

**ब्रिटिश विद्रोह:** 1670 के बाद से ब्रिटिश शासक भी शिवाजी के विरोधियों की सूची में आ गये और मुंबई (बॉम्बे) पर मराठा साम्राज्य पर आधिपत्य करके उसे ब्रिटिश शासन से मुक्त कर दिया।

**छत्रपती शिवाजी:** 1674 तक शिवाजी ने अपने सभी पहले के जीते किले वापस ले लिए थे जो पुरंदर संधि में गंवाये थे। इसके बाद महाराष्ट्र में स्वतंत्र हिन्दू राज्य का गठन किया। इसके साथ ही शिवाजी का विधिवत राज्याभिषेक हुआ और उन्हें छत्रपती की उपाधि दी गई। इसके बाद 1677-80 की अवधि में उन्होने दक्षिण राज्यों के बड़े हिस्सों को अपने नाम कर लिए और 4 अप्रैल 1880 को उनका देहांत हो गया।

*(समाप्त)*

### *आइये सुने कृष्ण भक्त मीरा की कथा*

मीराबाई भक्तिकाल की एक ऐसी संत हैं, जिनका सब कुछ कृष्ण के लिए समर्पित था। यहां तक कि कृष्ण को ही वह अपना पति मान बैठी थीं। भक्ति की ऐसी चरम अवस्था कम ही देखने को मिलती है। आइए जानें मीराबाई के जीवन मीराबाई के बालमन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी थी कि किशोरावस्था से लेकर मृत्यु तक उन्होंने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना।

*(क्रमशः)*

# अर्थव्यवस्था में डगमगाते चीन की फिर कोई चालाकी तो नहीं?




ऋतुपर्ण दवे

**दुनिया** के पास अब तमाम वो कारण हैं जिससे यह मानने में कोई गुरेज नहीं कि चीन की अर्थव्यवस्था एक बार फिर बहुत बुरे दौर में है। कोरोना वायरस को लेकर पहले से दुनिया भर में शक की निगाहों से देखे जाने वाले चीन ने भी इस महामारी के चलते जबरदस्त मंदी का दौर देखा। लेकिन तब इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया क्योंकि हर कहीं मांग और आपूर्ति की श्रृंखला धीमी पड़ गई थी। यह भी सच है उस समय बाजार से ज्यादा लोगों को जान की परवाह थी। इस कारण भी एक तरह से पूरी दुनिया ने ये समझौता कर लिया था कि पहले जान फिर जहान। लेकिन कोविड के धीमा पड़ते ही जब पूरी दुनिया अपनी बरबाद अर्थव्यवस्था को लेकर तमाम तरह के जतन में जुट गई तब चीन में ऐसा क्या हुआ कि पूरी अर्थव्यवस्था जबरदस्त डगमगाने लगी? अगर केवल एक वर्ष का अन्तर देखें तो बीते जुलाई के मुकाबले इस बार 2.1 प्रतिशत गिरावट आई। जुलाई 2022 में यह 14.5 प्रतिशत थी जबकि इस बार 12.4 प्रतिशत पहुंच गई। इतना ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पिछले साल के आंकड़े ही सारी कहानी बयां करते हैं। आयात और निर्यात दोनों में गिरावट के चलते चीन की विकास दर 1976 के बाद पहली बार घटकर 3 प्रतिशत पर आ गई जो कोविड के दौर को छोड़कर सबसे कम थी। परदे के पीछे कहीं न कहीं चीन की सत्ता का खेल भी समझ आता है। गौरतलब है कि चीन ने परमाणु शस्त्रागार की जिम्मेदारी संभालने वाले दो टॉप जनरलों को सफाई का मौका दिये बगैर सीधे बर्खास्त कर दिया। इसे क्या समझा जाए कि बर्खास्त सैन्य जनरलों की जगह कम अनुभव वाले अधिकारियों को बिठाना भ्रष्टाचार से लड़ने की मजबूरी है या वजह सत्ता में बने रहने की जिद? पूरी दुनिया को पता है कि वहां की स्थानीय सरकारें कर्ज के बोझ तले दबी हैं, भ्रष्टाचार रोकने के लिए रेगुलेटर कंपनियों पर नकेल कसने की कोशिशें जोरों पर हैं। वहां युवाओं में बेरोजगारी भी अपने रिकॉर्ड स्तर पर है। अर्थजगत के जानकारों का मानना है कि ऐसे हालात थोड़े और समय तक रहे तो चीन के आर्थिक विकास की दर और नीचे जा सकती है। चूंकि वहां खर्चों में पहले ही लगाम लगी है ऐसे में उत्पादन और घटा तो बेरोजगारी अपने चरम पर होगी। मामला केवल सप्लाई और डिमांड तक होता तो भी बात समझ आती। मौजूदा आर्थिक हालात इसी से समझ आते हैं कि चीनी रीयल एस्टेट कारोबार भी जबरदस्त मुश्किलों से घिरा है। सबसे बड़ी रीयल एस्टेट कंपनी एवरग्रैंड लगभग दिवालिया हो चुकी है। सरकार इसे ऑक्सीजन देकर किसी तरह जिन्दा रखे है और कोशिशें हैं कि फिर उठ खड़ी हो। यदि आईएमएफ के आंकड़ों को देखें तो कहानी साफ है। 2021 में चीन की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की रफ्तार में थी जो 2022 में 3 प्रतिशत पर आ टिकी। अब 2023 में यह 5.2 प्रतिशत तक बढ़ना अनुमानित है। बावजूद इसके चीन अपनी अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने खातिर कोई कदम उठाता नहीं दिखता। निश्चित रूप से 18 ट्रिलियन डॉलर की चीनी अर्थव्यवस्था अभी काफी सुस्त है। इसे परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स8 यानी पीएमआई से भी समझना होगा जो एक मिश्रित सूचकांक होता है। इससे मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर का आकलन होता है। इसमें विभिन्न कारोबारों से जुटे प्रबंधकों की रायशुमारी तथा उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अंकों से किसी भी कारोबारी गतिविधि का विस्तार और सफलता पता चलती है। आंकड़ों के लिहाज से 50 को आधार माना जाता है। जहां आंकड़े 50 से ऊपर होते हैं वहां मान लिया जाता है कि कारोबार विस्तार की ओर है। जहां ये नीचे चले जाते हैं वहां पतन की तरह देखा जाता है। चीन का जून में पीएमआई सूचकांक 50.5 था जो जुलाई में 49.1 पर जा गिरा। ये व्यापार के लिहाज से अच्छा नहीं है। अभी जुलाई में घरों की बिक्री में 33 प्रतिशत तक की गिरावट आई जो रियल एस्टेट के हालातों का इशारा है।


**परदे के पीछे कहीं न कहीं चीन की सत्ता का खेल भी समझ आता है। गौरतलब है कि चीन ने परमाणु शस्त्रागार की जिम्मेदारी संभालने वाले दो टॉप जनरलों को सफाई का मौका दिये बगैर सीधे बर्खास्त कर दिया।**

**अर्थव्यवस्था**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# पहाड़ी जीने के तरीकों पर सोच बदलनी होगी



ललित गर्ग

**पहले** उत्तराखंड और अब हिमाचल प्रदेश की आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं, क्या पहाड़ी जीवन असंभव हो जायेगा या हमें नाजुक पहाड़ों पर सुरक्षित एवं निष्कंटक जीने के लिये नये तरीके से जीना सीखना होगा। इन पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल की तबाही चिंतित करने वाली है। पहाड़ों में यह पहली बार नहीं है कि इतनी तबाही हुई है। इससे पहले भी देश के पहाड़ी राज्यों में ऐसी तबाही होती रही है। इनमें न सिर्फ बड़ी संख्या में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, बल्कि निजी और सरकारी संपत्तियों को भी बड़ा नुकसान होता जा रहा है। ऐसे हालात में सवाल यही उठता है कि बार-बार की आपदाओं के कारण हो रही तबाही को न्यूनतम करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हमने सबक क्या लिया? क्या पहाड़ों पर सामान्य धरती यानी मैदानी क्षेत्रों की तरह विकास योजनाओं, सड़क, भवन निर्माण, टनल, औद्योगिक उपक्रम, पर्यटन आदि को आकार देना उचित है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारणों की पड़ताल जरूरी है। पहाड़ों पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगातार हो रहे भूस्खलन की एक बड़ी वजह हैं। प्रोजेक्ट के दौरान टनल बनाने के लिए विस्फोट किये जाते हैं। भारी मशीनों के इस्तेमाल से पहाड़ों पर तेज कंपन होता है। हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन को भी भूस्खलन के बढ़ते मामलों की एक वजह माना जा सकता है। पिछले साल फरवरी में नासा ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक क्लाइमेंट चेंज से हिमालयी के ग्लेशियर झील वाले इलाकों में जून से सितंबर के दौरान लैंडस्लाइड बढ़ सकती है। साथ ही इससे बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ सकता है। लेकिन ऐसे पूर्व अनुमानों से हमने क्यों नहीं सबक लिया? हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है। इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बर्बादी लेकर आया है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उम्मीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया। हमने पहाड़ों को बाजारवाद के हवाले कर दिया है, वहां पर जिस तरह का आधारभूत ढांचा गत क्षेत्र से लेकर आवास क्षेत्र, होटलों आदि तक में अंधाधुंध निर्माण कार्य किया है और पहाड़ों को एक तरफ खोदा है और दूसरी तरफ उन पर क्रंक्रीट का निर्माण कार्य करके बोझ बढ़ा दिया है उससे प्रकृति द्वारा निर्मित इन मनोहर स्थानों का स्वरूप बदल रहा है। पिछले दिनों हमने बद्रीनाथ तीर्थ की यात्रा के आधार नगर जोशीमठ की हालत देखी थी कि किस प्रकार यह शहर दरकने लगा है। उससे पहले श्री केदारनाथ धाम में आयी विनाश लीला को भी देखा था। यह सब पहाड़ों पर बोझ बढ़ाने का ही नतीजा है और पहाड़ों को बेहिसाब तरीके से काटने व खोदने का ही नतीजा है। अगर कालका-शिमला राजमार्ग पर सोलन तक की दूरी में ही दस जगह भूस्खलन होता है तो हमें सोचना पड़ेगा कि गलती कहां हुई है।

**हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है।**

**पहाड़ी जीवन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### कल्याण सिंह की पुण्य तिथि को हिंदू गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की दूसरी पुण्य तिथि 21 अगस्त को हिंदू गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी।
योगी आदित्यनाथ सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री और कल्याण सिंह के पोते संदीप सिंह ने कहा कि कल्याण सिंह पूरे राज्य में 'देश के प्रति उनके योगदान के लिए' जाने जाते थे। सिंह ने कहा कि 21 अगस्त को शहर के नुमाइश ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में उनके लगभग 50,000 प्रशंसक होंगे। गृह मंत्री अमित शाह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा राज्य भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। कल्याण सिंह के बेटे और भाजपा सांसद राजवीर सिंह ने कहा, अब से, हम कल्याण की याद में हर साल 21 अगस्त को हिंदू गौरव दिवस मनाएंगे। हमने अलीगढ़ में रामघाट रोड का नाम बदलकर रामघाट-कल्याण मार्ग करने का भी प्रस्ताव रखा है। इसे चार लेन सड़क के रूप में विकसित करने के लिए 517 करोड़ रुपये का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है।

### पति ने पत्नी समेत तीन लोगों को मारी गोली, दो की मौत

**मुरैना।** मुरैना के बागचीनी थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब एक युवक ने अपनी पत्नी, साली और साले पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलीबारी की घटना में पत्नी और साली की मौत हो गई, जबकि साले की हालत गंभीर है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हो ईलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी अनुसार बागचीनी क्षेत्र निवासी त्रिलोक परमार की पत्नी का अपनी सास से किसी बात पर विवाद हो गया था। जिसके बाद महिला ने अपने भाई और बहन को अंगदपुरा गांव से बुलाया था। रविवार को तीनों ने त्रिलोक की मां के साथ मारपीट की और फिर वहां से अंगदपुरा जाने के लिए बस स्टैंड पहुंचे थे। इस बीच मां के साथ मारपीट की जानकारी मिलते ही त्रिलोक आगबबूला होकर स्वजनों के साथ हाथ में कट्टा और बंदूक लेकर बस स्टैंड पहुंच गया। यहां आरोपित ने बस स्टैंड पर पहुंचते ही अपनी पत्नी समेत साली और साले को गोलियों से भूना दिया। मौके पर ही त्रिलोक की पत्नी और साली की मौत हो गई। जबकि त्रिलोक का साला गंभीर हालत में है, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बेकाबू स्कूटी पेड़ से टकराई, किशोर की मौत

**कानपुर।** कोहना थाना क्षेत्र में रामचंद्र चौराहे के पास शनिवार रात अनियंत्रित स्कूटी एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में स्कूटी सवार एक बच्चे की जान चली गई और उसके दो साथी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार सुबह सहायक पुलिस आयुक्त अकमल खान ने रविवार को बताया कि सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने रविवार को शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। सहायक पुलिस आयुक्त अकमल खान ने कि पुराना कानपुर कोहना थाना के मछुवानगर निवासी गोपी कश्यप का 12 वर्षीय बेटा प्रिंस कश्यप अपने पड़ोसी शिवा कश्यप और विशाल कश्यप के साथ शनिवार की शाम कहीं मोटर साइकिल से गया था। देर रात कर्बला चौराहे से विष्णुपुरी की तरफ आते समय रास्ते में स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर रोड के किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा गयी। हादसे में स्कूटी पर सवार तीनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। खबर मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। इलाज के दौरान प्रिंस ने दम तोड़ दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर कार्रवाई में जुट गई।

# अयोध्या आने को आतुर है पूरी दुनिया: मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी। लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मनगरी अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के प्रस्तावित लोकार्पण को देखते हुए पूरे नगर को सजाने-संवारने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को एकदिवसीय अयोध्या दौरे से लौटे मुख्यमंत्री ने रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक कर वहां संचालित अवस्थापना विकास संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के सुरक्षा प्रबंध की कार्ययोजना पर विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अतिशीघ्र अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का लोकार्पण होना है। पूरी दुनिया की दृष्टि अयोध्या की ओर है। हर आस्थावान अयोध्या आने को आतुर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में धर्मनगरी अयोध्या का विकास त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप किया जा रहा है। अयोध्या में पुरातन संस्कृति सभ्यता के संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने के अनुसार सभी नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री मोदी की भावनाओं के अनुरूप तैयार अयोध्या के समग्र विकास की हर परियोजना शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर लोकार्पण से पूरी अवधपुरी को सजाया जाए। मठ-मंदिरों की रंगाई-पुताई कराई जाए। पूरे शहर में एक समान थीम पर फसाड लाइटिंग कराई जाए। नगर की गलियों-भीतरी मार्गों की सड़कों को बेहतर बनाया जाए। नगर में कहीं भी जलभराव न हो और नालियां ढकी हुई हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या के मूल निवासियों के लगभग 100 गुना अधिक संख्या में श्रद्धालुओं, पर्यटकों की उपस्थिति हो रही है। ऐसे में नगर विकास विभाग को स्वच्छता के लिए विशेष प्रबंध करने होंगे। अयोध्या में अतिरिक्त स्वच्छता कर्मियों की तैनाती की जाए। जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ और राम पथ के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूरा कराने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय पार्किंग स्थल एवं दुकानों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही, पेयजल, टॉयलेट, चेंजिंग रूम आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्ट्रीट वेंडर्स मुख्य मार्गों के किनारे बेतरतीब ढंग से दुकानें न लगाएं। हर एक स्ट्रीट वेंडर का पंजीयन जरूर किया जाए। नगर में संचालित अंडर ग्राउंड केबलिंग के कार्य को समयबद्ध पूरा कराए जाने पर बल देते हुए सीएम ने कहा कि अयोध्या नगर निगम और विकास प्राधिकरण के निमार्णाधीन भवन का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए।

### डाक टिकट संग्रह को बढ़ावा देगी दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना

**मीरजापुर।** फिलेटली (डाक टिकट संग्रह) को बढ़ावा देने के लिए डाक विभाग कक्षा छह से लेकर नौ तक के छात्रों को 500 रुपये से छह हजार रुपये प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप देगा। दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के तहत डाक टिकट में शोध व रुचि बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। डाक विभाग के मुताबिक 15 व 16 अक्टूबर तक प्रतियोगिता होने की उम्मीद है। वहीं दो नवंबर तक परिणाम जारी हो सकता है।
फिलेटली स्कॉलरशिप स्कीम में आवेदन करने वाले सामान्य वर्ग के छात्रों का पिछली कक्षा में 60 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति-जनजाति के छात्र-छात्राओं का 55 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। इसमें कक्षा छह से 9वीं तक प्रत्येक कक्षा में चयनित 10-10 विद्यार्थियों को छात्रवृति मिलेगी। वहीं पात्रता के लिए आवेदक को संबंधित स्कूल में स्थित फिलेटली क्लब का सदस्य होना चाहिए।

## जेयू विवाद: निर्दोषों के शिकार होने की आशंका

**एजेंसी। कोलकाता**




कोलकाता के प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के एक नए छात्र की रैगिंग से हुई मौत के मामले में गिरफ्तारियों की संख्या बढ़ने के साथ, इस प्रक्रिया में किसी निर्दोष व्यक्ति के पीड़ित होने की आशंका ने विश्वविद्यालय के छात्रों को परेशान कर दिया है।
कई छात्रों ने संकाय सदस्यों से आग्रह किया है कि वे शहर के पुलिस अधिकारियों से संवेदनशील तरीके से जांच करने का अनुरोध करें, ताकि एक भी निर्दोष छात्र पीड़ित न हो।संकाय सदस्यों का एक वर्ग, इन घबराए हुए छात्रों के बीच विश्वास जगाने की कोशिश करने के अलावा, शहर पुलिस में अपने संबंधित स्रोतों से भी संपर्क कर रहा है और पुलिस से संवेदनशीलता बनाए रखने का अनुरोध कर रहा है। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ये संकाय सदस्य छात्रों के सच्चे मित्र हैं। हम ऐसी स्थिति में छात्रों की चिंता को समझते हैं और उनकी सराहना करते हैं। लेकिन हम भी किसी समय छात्र थे और हम आज भी अपने छात्र दिनों की यादों में खोए हुए हैं। इसलिए जब भी हम किसी शैक्षणिक संस्थान से संबंधित कोई जांच करते हैं, तो हम विशेष सावधानी और संवेदनशीलता बरतते हैं। हमारा उद्देश्य अपराधी को दंडित करना है न कि किसी छात्र का करियर बर्बाद करना।"
मामले में जेयू के 12 वर्तमान व पूर्व छात्र पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस बीच राजभवन ने शनिवार देर रात एक बयान जारी कर गणित के संकाय सदस्य डॉ. बुद्धदेव साव की नियुक्ति जेयू के अंतरिम कुलपति के रूप में की।

## कांग्रेस अल्पसंख्यकों को दंगों का डर दिखाती है: नरोत्तम मिश्रा

**एजेंसी। भोपाल**



मध्य प्रदेश में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दिग्विजय सिंह द्वारा दंगों की आशंका संबंधी बयान पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर भी तंज कसा है। नरोत्तम मिश्रा ने रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दिग्विजय सिंह द्वारा मप्र में नूंह जैसे दंगों की आशंका जताए जाने संबंधी बयान पर निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस की सियासत का सिर्फ इतना फसाना है। बस्ती भी जलवाना है और मातम भी मनाना है। कांग्रेस की इस राजनीति को पूरा देश जानता है। कांग्रेस अल्पसंख्यकों को दंगों का डर दिखाकर वोट की राजनीति करती है। दिग्विजय सिंह ने दंगे करवाने का पेटेंट ले रखा है। राहुल और कांग्रेस केवल हिंदू और हिंदत्व की बात करते हैं। ये कांग्रेस की मूल राजनीति है। जिसको देश देख-समझ रहा है। इसके अलावा रविवार को कॉंग्रेस चुनाव समिति की बैठक में अजय सिंह के अनुपस्थिति पर भी गृहमंत्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये कमलनाथ की चक्की है। कमलनाथ जी की चक्की आज कल अजय सिंह जी जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पीसने का काम कर रहीं है। जो कमलनाथ को पसंद नहीं है वो कांग्रेस की औपचारिक बैठकों से गायब होते दिखेंगे। कांग्रेस केवल परिकल्पना करते हैं धरातल पर कुछ नहीं करते हैं। दिग्विजय सिंह के 10 साल के राज में गद्दे में सड़क है या सड़क में गद्दे बता पाना मुश्किल था। उनकी सरकार में बिजली कभी-कभी आती थी।

## मॉर्निंग वॉक के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक की गोली मारकर हत्या, पुत्र की हत्या के थे गवाह

**एजेंसी। बेगूसराय**

बिहार के बेगूसराय में हत्या और गोलीबारी का सिलसिला लगातार जारी है। पुलिस एक मामले का उद्भेदन कर भी नहीं पाती है कि अपराधी दूसरी घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दे रहे हैं।
रविवार की सुबह भी बेखौफ अपराधियों मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले एक सेवानिवृत्त शिक्षक की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के फतेहा पंचायत स्थित फतेहा रेलवे हॉल्ट के समीप की है। मृतक की पहचान फतेहा निवासी स्व. नथुनी चौधरी के पुत्र जवाहर चौधरी के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जवाहर चौधरी प्रतिदिन सुबह में टहलने के लिए गांव से फतेहा रेलवे हॉल्ट की तरफ निकलते थे। आज भी वह टहलने के लिए घर से निकाल कर जा रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन नकाबपोश अपराधियों ने गोली मार दी, जिससे घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया तथा दहशत की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलते ही तेघड़ा डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद एवं बछवाड़ा थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस टीम मामले की छानबीन और अपराधियों की गिरफ्तारी में जुटी हुई है। लेकिन हत्या को लेकर गांव में काफी आक्रोश है।
ग्रामीणों ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर अपराधियों ने जवाहर चौधरी के छोटे पुत्र नीरज चौधरी की नौ फरवरी 2021 की रात गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस परिवार का जमीन को लेकर गांव के पूर्व सरपंच से विवाद चल रहा था। इसी में नीरज की हत्या हुई थी। जवाहर चौधरी उस मामले में चश्मदीद गवाह थे और न्यायालय में गवाही होनी थी। इसी गवाही को रोकने के लिए अपराधियों ने जवाहर चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के संबंध में एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने 70 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक जवाहर चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी।

### अपराधियों ने ठेकेदार की गोली मारकर की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित पावर हाउस के समीप बाइक सवार अपराधियों ने रविवार को सुबह एक इंजीनियर सह ठेकेदार को गोली मार दी और एनएच 28 के रास्ते मुजफ्फरपुर की ओर भाग गये। गंभीर हालत में ठेकेदार को निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को किया करोड़ों का भुगतान

**एजेंसी। रायपुर**




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती ह्यह्यसद्भावना दिवसह्यह्य के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रुपये की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में पंचायत मंत्रा रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नगरीय विकास विभाग मंत्री डॉ. शिव डहरिया, आदिम जाति जनजाति विकास विभाग मंत्री मोहन मरकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदवी नेताम ,लोकसभा सांसद दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ शासन संसदीय सचिव, विधायक समेत अनेक जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के हितग्राहियों को योजना की दूसरी किश्त के रूप में 1810 करोड़ रुपये का भुगतान किया। इस राशि को मिलाकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 24.30 लाख किसानों को अब तक 21 हजार 912 करोड़ रुपये की इनपुट सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को दूसरी किश्त के रूप में 168.63 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया। इस राशि को मिलाकर योजना के 5.6 लाख हितग्राहियों को अब तक 758.03 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। बघेल ने राजीव युवा मितान क्लबों को 66.21 करोड़ रुपये का भी अंतरण किया। युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए राज्य में गठित किए 13 हजार 242 क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

## गलत बयानबाजी कर गरीबों में भ्रम ने फैलाये सरकार : गिरिराज

**एजेंसी। बेगूसराय**




केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बिहार सरकार द्वारा मनरेगा में 11 सौ करोड़ बकाया रहने के आरोप का खंडन किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार की सरकार बौखलाहट में है और गरीबों में भेद पैदा कर रही है, सरकार भ्रम फैलाना बंद करे। बताते चलें कि शनिवार को बेगूसराय में आयोजित प्रेसवार्ता में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा था कि केंद्र सरकार के यहां मनरेगा के मटेरियल मद में 11 सौ करोड़ बकाया है। सरकार 23 जून से मजदूरों का मजदूरी भी नहीं दे रही है। इसके बाद आज गिरिराज सिंह ने उस आरोप का जोरदार खंडन किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि केंद्र के पास मनरेगा के मजदूरों का एक भी रुपया बकाया नहीं है। मटेरियल मद में भी 11 सौ करोड़ नहीं, सिर्फ 67 करोड़ बाकी है। बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और मंत्री श्रवण कुमार को मालूम होना चाहिए की 2006-07 से 2013-14 तक की सरकार ने बिहार को मात्र 9649 करोड रुपये दिए थे। जबकि, नरेन्द्र मोदी की सरकार 33764 करोड़ रुपए दे चुकी है, इसलिए सच बताएं। इस वित्तीय वर्ष में अभी तक 1369 करोड़ रूपया दिया गया। पिछला बकाया 836 करोड़ दिया गया, यह नरेगा सॉफ्टवेयर पर स्पष्ट है। सामग्री निधि में 67 करोड़ रुपया बकाया है, इसलिए विभाग और नरेन्द्र मोदी की सरकार को बदनाम करने की साजिश रचना बंद करें। क्योंकि साजिश का पदार्फाश हो गया है। कोई काम करने के बदले बिहार सरकार बौखलाहट में है। हत्या हो रही है, उस पर अंकुश लगाने के बदले लोगों को बरगला रहे हैं।

**घोसी उपचुनाव**

### बसपा ने नहीं उतारा अपना उम्मीदवार , भाजपा को मिलेगा फायदा

# अरविंद राजभर ने बढ़ाई दारा की मुश्किलें

**एजेंसी। लखनऊ**



घोसी विधानसभा उप चुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। उधर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अलग हुए बागी गुट ने अरविंद राजभर को सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के बैनर तले पर्चा दाखिल करवाकर दारा सिंह चौहान के वोटों में सेंध लगाने की कोशिश की है। दूसरी तरफ बसपा ने अपने उम्मीदवार की घोषणा न कर भाजपा के लिए मैदान खाली कर दिया है।
भीतरघात की संभावना भी दारा सिंह चौहान के साथ ही समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार सुधाकर सिंह के लिए भी मुसीबत बन सकते हैं। अलग-अलग मतदाताओं का मानना है कि दारा सिंह को किसी विचारधारा से मतलब नहीं है। वह आए दिन पार्टी बदलते रहते हैं। जो कार्यकर्ता विधान सभा के आम चुनाव में उनका विरोध किये, वही फिर उनके प्रचार में लगें, यह काफी मुश्किल है। बसपा की भी विधानसभा क्षेत्र में मजबूत पकड़ रही है। पिछली बार चुनाव में भी उसके उम्मीदवार वसीम इकबाल को 54,248 वोट मिले थे।
ऐसे में बसपा से उम्मीदवार न उतारे जाने की स्थिति में उनके मतदाताओं का ज्यादातर भाजपा के साथ जाने की उम्मीद जतायी जा रही है। सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी द्वारा प्रत्याशी उतारे जाने से दारा सिंह चौहान की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। वहीं दूसरी तरफ बसपा द्वारा उम्मीदवार की घोषणा न होने से सुधाकर सिंह की धड़कनें बढ़ रही हैं। अभी तक मतदाता भी असमंजस में हैं, जो दोनों उम्मीदवारों की धड़कनों को और बढ़ा रहे हैं। वैसे पिछले चुनाव में दारा सिंह चौहान भाजपा से सपा में आ गये थे और घोसी से ही चुनाव लड़े थे। उस वक्त उन्हें 108,403 मत मिले थे। दूसरे स्थान पर रहे भाजपा उम्मीदवार विजय राजभर को 86,214 मत मिले थे। बसपा उम्मीदवार ने 54248 मत पाये थे।इससे पीछे 2017 में फागू चौहान ने भाजपा से यहां विजय पताका लहराया था। इसके बाद उन्हें राज्यपाल बना दिया गया था, फिर 2019 में उप चुनाव हुए थे। तब भाजपा के उम्मीदवार विजय राजभर ने जीत हासिल की थी। सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर मऊ जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र के बगल के रतनपुरा ब्लॉक के रहने वाले हैं। महेंद्र राजभर 2017 यूपी विधानसभा चुनाव में बाहुबली मुख्तार अंसारी से महज 6000 वोटों से हारे थे। जमीनी स्तर पर गांव-गांव में इन नेताओं की काफी पकड़ है। ऐसे में यह राजभर वोटों को प्रभावित कर सकते हैं। सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के नेता अपने लोगों को यह समझाने में लगे हुए हैं कि दारा सिंह चौहान भले ही चुनाव हार जाएं लेकिन ओम प्रकाश राजभर का मंत्री बनना तय है। इस चुनाव से सरकार बनना या बिगड़ना नहीं है। ऐसे में अपने बीच से और राजभर नेता निकलने चाहिए। यही समझा कर यह लोग एनडीए का चुनावी खेल बिगाड़ने पर लगे हुए हैं। भाजपा नेता उत्पल राय का कहना है कि यहां कोई ताकत नहीं है, जो भाजपा उम्मीदवार को हरा सके। हर कार्यकर्ता जी-जान से दारा सिंह चौहान को जिताने में लगा हुआ है। लोग दारा सिंह चौहान की चर्चा कर रहे हैं।

### पत्नी की हत्या के बाद डॉक्टर ने थाने किया सरेंडर

**उत्तर 24 परगना।** उत्तर 24 परगना जिले के बागदा ब्लॉक के हेलेंचा में अपनी पत्नी की हत्या के बाद रविवार को एक डाक्टर ने थाने में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपित डाक्टर का नाम अरिंदम बाला है। वे एसएसकेएम अस्पताल से एमडी कर रहे हैं।
स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उत्तर 24 परगना जिले के नीलगंज की निवासी रत्नात्मा दे से तकरीबन दो वर्ष पहले अरिंदम का विवाह हुआ था। शादी के बाद अरिंदम और रत्नात्मा के बीच झगड़े शुरू हो गए। अशांति के कारण रत्नात्मा अपने मायके चली गई थी।
शनिवार रात अरिंदम बाला अपनी पत्नी रत्नात्मा को घर वापस लाए थे। अरिंदम अपने भाई और पिता से खाने के लिए कहकर ऊपर चले गए। तब परिजनों को कुछ महसूस नहीं हुआ। रविवार सुबह अरिंदम दूसरी मंजिल से नीचे आए और अपने पिता और भाई को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है। इसके बाद बगदा थाने जाकर सरेंडर कर दिया।

# हॉकी इंडिया ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कैंप के लिए 39 संभावितों का किया ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के एसएआई सेंटर में 21 अगस्त से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 39 सदस्यीय मुख्य संभावित समूह की रविवार को घोषणा की। यह शिविर खिलाड़ियों के लिए चीन में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले महत्वपूर्ण हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने और टीम में जगह बनाने का एक बड़ा मौका होगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगझाऊ एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरूआत 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ करेगी।

भारत को पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। हाल ही में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ एशियाई खेलों में उतरेगी। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत अजेय रहा, उसने अपना पहला गेम चीन के खिलाफ 7-2 से जीता। जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला और मलेशिया को 5-0 से हराया, साथ ही दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत दर्ज की। सबसे रोमांचक मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ रहा, जहां भारत ने ग्रुप-स्टेज गेम में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 4-0 से हराया। नॉकआउट राउंड में भारत ने सेमीफाइनल में जापान को 5-0 से हराया और फाइनल में शानदार वापसी करते हुए मलेशिया के खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की। आगामी राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, पिछले कुछ महीनों में, हमने दिखाया है कि हम एक टीम के रूप में आगे बढ़ रहे हैं और लगातार सीख रहे हैं। शिविर हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि हम हांगझाऊ एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत कर रहे हैं, जो पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए स्थान सुरक्षित करने का हमारा मार्ग हो सकता है।

इस बीच, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, शिविर हमारे लिए कुछ क्षेत्रों में काम करने और एक टीम के रूप में मिलकर काम करने का अवसर होगा। हमने हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में ठोस टीम प्रदर्शन किया और हमारे लिए उसी गति को जारी रखना महत्वपूर्ण है।



### कोर-संभावित समूह

**गोलकीपर:** कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान

**डिफेंडर:** जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत

**मिडफील्डर:** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मो.राहील मौसीन, मनिंदर सिंह

**फॉरवर्ड :** एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

## NEWS इन ब्रीफ

### एचएस प्रणय, सेन और सात्विक-चिराग की जोड़ी से पदकों की आस



**कोपनहेगन।** फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सोमवार से यहां शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप में भारत के पदक दावेदारों की अगुआई करेंगे। सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी पर लगी होंगी जो इस समय दुनिया की दूसरी नंबर की जोड़ी है। देश की सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ी पिछले चरण में जीते गये कांस्य पदक के रंग को बेहतर करना चाहेगी।

### स्पेनिश रेस वॉकर मार्टिन ने पहला स्वर्ण जीता



**बुडापेस्ट (हंगरी)।** स्पेन के अल्वारो मार्टिन ने शनिवार को यहां पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक जीतकर 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक जीता। पहले दिन सुबह के सत्र में यह एकमात्र फाइनल था और खराब मौसम के कारण शुरूआत में देरी हुई। हालाँकि, जब मार्टिन एक सामरिक दौड़ के साथ आये तो उन्होंने देरी को अपना ध्यान भटकाने नहीं दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 5 किमी की दूरी तय करके खुद को आगे बढ़ाया और 1:17:32 के इस सीजन के विश्व-अग्रणी परिणाम के साथ किसी प्रमुख प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता।

### भारत की अनाहत सिंह को एशियाई जूनियर स्क्वाश में स्वर्ण पदक



**डेलियान (चीन)।** भारत की अनाहत सिंह ने यहां 16 से 20 अगस्त तक हुई एशियाई जूनियर स्क्वाश व्यक्तिगत चैंपियनशिप के अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल ही अनाहत ने रविवार को हुए फाइनल में हांगकांग की एना क्वोंग को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अनाहत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में मलेशियाई खिलाड़ियों क्रमशः डॉयस ली और विटनी इसाबेल को हराया था। पिछले साल थाईलैंड में दिल्ली की अनाहत ने इस प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता था। अनाहत ने 2019 में मकाऊ में अंडर-13 वर्ग में भी कांस्य पदक जीता था। अनाहत बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

### आईपीएल 2024 : राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका

# लसिथ मलिंगा अब मुंबई इंडियंस में होंगे शामिल !

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 के लिए अभी से फेंचाइजियों ने तैयारी शुरू कर दी हैं। कई टीमों ने अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किए हैं। इस बीच राजस्थान रॉयल्स के लिए बुरी खबर सामने आई है। उनके तेज गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा टीम का साथ छोड़ रहे हैं और मलिंगा अपकमिंग सीजन में मुंबई इंडियंस में शामिल हो सकते हैं।




राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2022 में अपना बॉलिंग कोच नियुक्त किया था। उनके कार्यकाल में टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और लंबे वक्त बाद साल 2022 में फाइनल तक का सफर तय किया था। लेकिन, अब रिपोर्ट्स के मुताबिक, मलिंगा राजस्थान रॉयल्स का साथ छोड़ने वाले हैं और बतौर बॉलिंग कोच मुंबई इंडियंस का हिस्सा बनने वाले हैं। आईपीएल 2008 से लसिथ मलिंगा ने अपने इंडियन प्रीमियर लीग के करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने पूरे आईपीएल करियर के दौरान मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व ही किया। हालांकि, आईपीएल 2021 में उन्होंने रिटायरमेंट के बाद आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स के साथ बतौर गेंदबाजी कोच जुड़े थे। उनकी कोचिंग में फ्रेंचाइजी ने आईपीएल 2022 का फाइनल खेला। लसिथ मलिंगा ने आईपीएल में 122 मुकाबले खेले, जिसमें उन्होंने 19.80 के औसत से 170 विकेट चटकाए. ऐसे में ड्रेसिंग रूम में उनके होने से युवा खिलाड़ियों को काफी सपोर्ट मिलता है।

# अब, हैदराबाद विश्व कप 2023 मुकाबलों में चाहता है बदलाव

**एजेंसी। मुंबई**

आगामी आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के दौरान नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव के कुछ ही दिनों बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को आयोजन के कार्यक्रम में बदलाव के लिए हैदराबाद से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मैचों का आयोजन इस साल अक्टूबर-नवंबर में होगा। यह अनुरोध हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से तब आया है, जब स्थानीय पुलिस ने पूर्व चैंपियन पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच होने वाले मैच सहित बैक-टू-बैक मैचों की मेजबानी पर चिंता जताई है। हैदराबाद के उप्पल में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम 9 अक्टूबर को न्यूजीलैंड बनाम नीदरलैंड मुकाबले की मेजबानी करने वाला है, इसके बाद अगले दिन पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच मैच होगा। हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) 12 अक्टूबर को होने वाले पाकिस्तान-श्रीलंका मैच के साथ 45 मैचों में से केवल तीन की मेजबानी करने वाला है। लेकिन



बीसीसीआई ने सुरक्षा संबंधी परेशानियों से बचने के लिए अन्य कार्यक्रमों के साथ टकराव को समायोजित करने के लिए नौ मैचों के कार्यक्रम में बदलाव किया है। पाकिस्तान बनाम श्रीलंका मैच को उसकी मूल तारीख 12 अक्टूबर से आगे बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दिया गया। ऐसा 1992 विश्व कप विजेताओं को 14 अगस्त को अहमदाबाद में मेजबान भारत के साथ होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के लिए किया गया था। हैदराबाद से कई रिपोर्टों के अनुसार, एचसीए ने दो मैचों के बीच पर्याप्त अंतर सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम में बदलाव के लिए एक आधिकारिक अनुरोध भेजा है। हैदराबाद पुलिस ने एचसीए को सूचित किया है कि बैक-टू-बैक मैचों के आयोजन के परिणामस्वरूप वे पाकिस्तान टीम को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में विफल हो सकते हैं, इसके लिए स्टेडियम और टीम होटल में पर्याप्त संख्या में सैनिकों को तैनात करने की भी आवश्यकता होगी। जाहिर तौर पर, पाकिस्तान-श्रीलंका मैच को आगे बढ़ाने से पहले एचसीए से सलाह नहीं ली गई थी। अब यह देखना होगा कि बीसीसीआई इस अनुरोध पर कैसे प्रतिक्रिया देगा क्योंकि शेड्यूल में पहले बदलाव को लेकर उसे पहले ही विदेशी मीडिया से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

# दूसरे टी20 मैच में अर्शदीप की जगह आवेश ले सकते हैं : सबा करीम





**एजेंसी। नई दिल्ली**

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को डबलिन में दूसरे टी20 मैच में आयरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। इस बीच कुछ विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह की जगह आवेश खान को टीम में शामिल करने का सुझाव दे रहे हैं। टीम इंडिया ने पहला मैच दो रन (डीएलएस मेथड) से जीता और रविवार को दूसरा मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा करना चाहेगी। इस बीच भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज सबा करीम को उम्मीद है कि टीम प्रबंधन युवा टीम में एक या दो बदलाव करेगा। उन्होंने कहा, मुझे एक या दो बदलावों की उम्मीद है क्योंकि यह एक युवा टीम है और एक या दो खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्हें अब तक खेलने का मौका नहीं मिला है। उदाहरण के लिए, आवेश खान उस टी-20 टीम का हिस्सा थे, जिसने वेस्टइंडीज का दौरा किया था लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। इसलिए, ऐसी संभावना है कि आवेश को अर्शदीप की जगह शामिल किया जा सकता है। वहीं, भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर और चयनकर्ता सरनदीप सिंह ने कहा कि टीम प्रबंधन को निश्चित रूप से कुछ बदलाव करने पर विचार करना चाहिए क्योंकि उन्होंने कई नए चेहरों को अवसर प्रदान किया है। नए खिलाड़ियों की बात करते हुए, मैं आवेश खान के बारे में बात करना चाहूंगा। उन्होंने पिछले साल एशिया कप में खेला था और इस साल उन्होंने आईपीएल में शानदार गेंदबाजी की।

# यूएई की न्यूजीलैंड पर ऐतिहासिक जीत, सीरीज में बराबरी

**एजेंसी। दुबई**

कप्तान मुहम्मद वसीम की 29 गेंदों में 55 रनों की जोरदार पारी की बदौलत यूएई ने शनिवार को यहां दूसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज बराबर कर ली। वसीम ने सतर्क तरीके से शुरूआत की और आक्रामक होने से पहले 13 गेंदों में 16 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज ने चार चौके और तीन छक्के लगाए और सिर्फ 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया क्योंकि यूएई ने 143 रनों का पीछा करते हुए मजबूत शुरूआत की। पावरप्ले के अंत में वृत्या अरविंद की 21 गेंदों में 25 रनों की बदौलत यूएई का स्कोर 44/2 था, लेकिन वसीम को उस समय तक कमान संभालनी बाकी थी। पावर-प्ले के बाद पहले ओवर में, वसीम ने अधिक इरादे दिखाना शुरू कर दिया, मिशेल सेंटनर को चौका जड़



दिया और फिर अगले ओवर में काइल जैमीसन की गेंद पर छक्का जड़ दिया। उन्होंने कोल मैककोन्ची पर एक चौका और एक छक्का लगाया और फिर सेंटनर को छक्का जड़कर 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वसीम अपने अर्धशतक के तुरंत बाद आउट हो गए, लेकिन न्यूजीलैंड के लिए मेजबान टीम पर दबाव बनाने के लिए शुरूआत पर्याप्त नहीं थी। आसिफ खान ने बासिल हमीद की कंपनी में एक परिपक्व भूमिका निभाई क्योंकि दोनों ने एक ऐसा स्टैंड दिया जिसने कीवीज को और निराश कर दिया। जबकि यूएई अभी भी जीत की ओर नहीं बढ़ रहा था, 15वें ओवर में स्थिति बदल गई जब आसिफ खान ने जेम्स नीशम को दो चौके मारे। इसके बाद उन्होंने अगले ओवर की पहली गेंद पर टिम साउदी की गेंद पर छक्का जड़कर यूएई को यादगार जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। दो और चौकों के बाद यूएई ने एक उल्लेखनीय जीत का जश्न मनाया, आयरलैंड और अफगानिस्तान के अलावा किसी अन्य टेस्ट खेलने वाले देश पर उनकी पहली टी20 जीत थी। इससे पहले, न्यूजीलैंड ने एक बार फिर शुरूआती विकेट खो दिए क्योंकि तीसरे ओवर में टिम सीफर्ट का विकेट गिर गया और अयान खान ने मिशेल सैंटनर, नंबर 3 पर पदोन्नत, और डेन क्लीवर के विकेट लगातार गेंदों पर लिए। मार्क चैपमैन डटे रहे जबकि यूएई के गेंदबाज दूसरे छोर पर विकेट निकालते रहे। चैपमैन ने 46 गेंदों में 63 रन बनाए और अंतिम ओवर में ही आउट हो गए, लेकिन नीशम की 17 गेंदों में 21 रनों की पारी के अलावा, उन्हें शायद ही कोई समर्थन मिला। 142 का कुल योग, जो किसी गैर-टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ उनका सबसे कम स्कोर था, एक उत्साही यूएई टीम को मात देने के लिए पर्याप्त नहीं था।

### लीग्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 | इंटर मियामी को मेसी ने जिताई ट्रॉफी

# नैशविले को पेनल्टी शूटआउट में 10-9 से हराया

**एजेंसी। वाशिंगटन (यूएसए)**

लियोनेल मेस्सी ने नियमित समय में गोल करके टीम को बढ़त दिलाने के बाद पेनल्टी शूटआउट में पहले शॉट को गोल में बदला जिससे इंटर मियामी ने लीग्स कप फुटबॉल फाइनल में नैशविले एससी को पेनल्टी शूटआउट में 10-9 से हराया। मेस्सी ने मैच के 23वें मिनट में टीम को बढ़त दिला दी। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद से यह सात मैचों में उनका 10वां गोल है। मेस्सी ने टीम के साथी खिलाड़ी रोबर्ट टेलर से पास मिलने के बाद नैशविले के डिफेंडर वाल्कर जिम्मेरमान को छकाते हुए पेनल्टी बॉक्स के बाहर से गेंद को गोल पोस्ट की बायीं ओर मारा, जिसे रोकने का गोलकीपर के पास कोई मौका नहीं था। मेस्सी ने मैच के 71वें मिनट में भी ऐसा ही मौका बनाया था लेकिन गेंद के गोल पोस्ट से टकराने के कारण वह चूक गये। नियमित और अतिरिक्त समय में स्कोर 1-1 की बराबरी पर छूटने के बाद मेस्सी ने पेनल्टी शूटआउट में टीम के पहले प्रयास को गोल में बदला। इंटर मियामी की टीम पहली बार लीग्स कप की चैंपियन बनी है।




एमबापे की मौजूदगी के बाद भी टौलूज ने पीएसजी को बराबरी पर रोका पेरिस। किलियन एमबापे की मौजूदगी भी पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को खराब प्रदर्शन से नहीं बचा सकी और गत चैंपियन ने फ्रेंच लीग फुटबॉल में टौलूज के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एमबापे टीम की शुरूआती एकादश में शामिल नहीं थे। वह 51वें मिनट में ली कांग की जगह मैदान पर उतरे। फ्रांस के इस अनुभवी स्ट्राइकर ने 62वें मिनट में रासमस निकोलाइसेन के फाउल के बाद पेनल्टी को गोल में बदल कर पीएसजी को बढ़त दिला दी। पीएसजी को इसके बाद अपनी बढ़त को बड़ा करने के कई मौके मिले लेकिन टीम हर बार चूक गयी । पीएसजी के लचर खेल का फायदा टोलूज को मैच के 87वें मिनट में मिला। अशरफ हकीमी ने मोरक्को के विंगर जकारिया अबौखलाल ने 87वें में मैदान पर टक्कर मार कर गिरा दिया। अबौखलाल ने पेनल्टी स्पॉट से गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। लीग के अन्य मैच में मोंटपेलियर ने लियोन को 4-1 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी जगह बनायी। लियोन की यह दो मैचों में लगातार दूसरी हार है।




## 2022 में यूपीआई लेनदेन बढ़कर 83.2 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन में कई गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यूपीआई लेनदेन (ट्रांजेक्शन) 2018 में 1,320 प्रतिशत और 2022 में 1,876 प्रतिशत बढ़ गया है। साल 2018 में यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या 374.63 करोड़ थी, जो 2022 में 1,876 प्रतिशत बढ़कर 7,403.97 करोड़ हो गई। वैल्यू के संदर्भ में यूपीआई ट्रांजेक्शन 2018 में 5.86 लाख करोड़ रुपये था, जो 2022 में 1,320 प्रतिशत बढ़कर 83.2 लाख करोड़ रुपये हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस साल फरवरी में भारत आने वाले विदेशी नागरिकों और एनआरआई को भारत में रहते हुए यूपीआई का उपयोग कर भुगतान करने की अनुमति दी थी। यह फैसिलिटी जी-20 देशों के यात्रियों को उनके व्यापारिक भुगतान के लिए चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों- बेंगलुरु, मुंबई और नई दिल्ली में जारी की गई। इसके अलावा, आरबीआई द्वारा उन एनआरआई को यूपीआई एक्सेस प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है जिनके पास अपने एनआरई या एनआरओ खातों से जुड़े अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबर हैं। साथ ही नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने कहा है कि इस फैसिलिटी को 10 देशों- सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, हांगकांग, ओमान, कतर, अमेरिका, सऊदी अरब, यूएई और यूनाइटेड किंगडम के लिए अनुमति दी गई है।

## एफपीआई ने अगस्त में 10,921 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** करीब 1,37,603 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ तीन महीने की लगातार खरीददारी के बाद एफपीआई ने अगस्त में शेयर बेचना शुरू किया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि 18 अगस्त तक एफपीआई निवेश 8,993 करोड़ रुपये है। लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार के माध्यम से थोक सौदे और निवेश शामिल हैं। विजयकुमार ने कहा, नकदी बाजार में एफपीआई ने 10,921 करोड़ रुपये के शेयर बेचे और वे अगस्त महीने में अब तक 10 दिन शेयर बेचे और केवल तीन दिन ही खरीददारी की। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 103 से ऊपर की मजबूती और यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.25 प्रतिशत के आसपास रहना भारत जैसे उभरते बाजारों में एफपीआई प्रवाह नकारात्मक है। एफपीआई पूंजीगत वस्तुओं और बिजली में लगातार खरीदार बने हुए हैं और हाल ही में, उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि एफपीआई की बिकवाली का मुकाबला डीआईआई की खरीदारी से हो रहा है, लेकिन यह बाजार में गिरावट को रोकने के लिए काफी नहीं है। मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड को देखते हुए, एफपीआई द्वारा अल्पावधि में बिकवाली जारी रखने की संभावना है।


## आरबीआई ने विभिन्न बैंकों में लावारिस जमा का पता लगाने के लिए वेबसाइट लॉन्च की

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल उद्गम (अनक?लेम्?ड डिपॉजिट्स - गेटवे टू एक्सेस इनफॉर्मेशन) लॉन्च किया, जिससे लोगों के लिए अपनी लावारिस जमाओं की खोज करना आसान हो जाएगा। आरबीआई द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वेब पोर्टल के लॉन्च से उपयोगकताओं को अपने लावारिस जमा और खातों की पहचान करने में मदद मिलेगी और वे जमा राशि का दावा करने या अपने जमा खातों को अपने संबंधित बैंकों में चालू करने में सक्षम होंगे। फिलहाल, उपयोगकर्ता पोर्टल पर उपलब्ध सात बैंकों के संबंध में अपनी लावारिस जमा राशि का विवरण प्राप्त करने में सक्षम होंगे। पोर्टल पर शेष बैंकों की खोज सुविधा चरणबद्ध तरीके से 15 अक्टूबर 2023 तक उपलब्ध कराई जाएगी। केंद्रीय बैंक ने इस साल 6 अप्रैल को अपने विकासात्मक और नियामक नीतियों पर वक्तव्य के हिस्से के रूप में लावारिस जमा की खोज के लिए एक केंद्रीकृत वेब पोर्टल के विकास की घोषणा की थी। यह पहल बैंकों में लावारिस जमा की बढ़ती मात्रा के बीच शुरू की गई है।

## टीसीएस को हुआ 29,894 करोड़ का नुकसान

# मुकेश अंबानी की रिलायंस कंपनी को फायदा

**एजेंसी। नई दिल्ली**




शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच पिछले सप्ताह टॉप-10 कंपनियों में से सात का कुल बाजार पूंजीकरण 80,200.24 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बीते हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 373.99 अंक या 0.57 फीसदी गिर गया था। टॉप-10 कंपनियों में रिलायंस का बाजार मूल्यांकन बढ़ा है। जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के एम कैप में गिरावट हुई है। बीते हफ्ते टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 29,894.45 करोड़ रुपये घटकर 12,32,240.44 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 19,664.06 करोड़ रुपये घटकर 12,02,728.20 करोड़ रुपये रहा। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 12,347.1 करोड़ रुपये बढ़ा। इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,972.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,76,379.26 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 5,886.09 करोड़ रुपये बढ़कर 17,29,764.68 करोड़ रुपये हो गया। टॉप-10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही। एफपीआई की बात करें, तो उन्होंने अब बाजार में बिकवाली शुरू कर दी है। करीब 1,37,603 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ तीन महीने की लगातार खरीदारी के बाद एफपीआई ने अगस्त में शेयर बेचना शुरू कर दिया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने ये बात कही है। समेकित एनएसडीएल डेटा से पता चलता है कि 18 अगस्त तक एफपीआई निवेश 8,993 करोड़ रुपये है। लेकिन इस आंकड़े में प्राथमिक बाजार के माध्यम से थोक सौदे और निवेश शामिल हैं। विजयकुमार ने कहा, नकदी बाजार में एफपीआई ने 10,921 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। एफपीआई ने अगस्त महीने में अब तक 10 दिन शेयर बेचे और केवल तीन दिन ही खरीददारी की। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स में 103 से ऊपर की मजबूती और यूएस 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड का 4.25 फीसदी के आसपास रहने से भारत जैसे उभरते बाजारों में एफपीआई प्रवाह नकारात्मक है। एफपीआई पूंजीगत वस्तुओं और पावर में लगातार खरीदार बने हुए हैं और हाल ही में, उन्होंने वित्तीय क्षेत्र में बिकवाली शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि एफपीआई की बिकवाली का मुकाबला डीआईआई की खरीदारी से हो रहा है, लेकिन यह बाजार में गिरावट को रोकने के लिए काफी नहीं है। मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड को देखते हुए, एफपीआई द्वारा अल्पावधि में बिकवाली जारी रखने की संभावना है।

## लोन नहीं चुकाने पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने लिया एक्शन

# ऋण को लेकर सनी देओल की प्रॉपर्टी की होगी नीलामी

**एजेंसी। चेन्नई**

केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने लगभग 56 करोड़ रुपये का ऋण और उस पर ब्याज का भुगतान करने में विफल रहने के चलते एक्टर सनी देओल की मुंबई संपत्ति को ई-नीलामी में डाल दिया है। बैंक की ओर से अखबार में जारी विज्ञापन से तो ऐसा ही लगता है। अखबार का विज्ञापन अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। बीओबी ने कहा है कि कर्जदार अजय सिंह देओल उर्फ सनी देओल पर 26.12.2022 से अब तक की वसूली से कम ब्याज और लागत के साथ बैंक का लगभग 55.99 करोड़ रुपये बकाया है। बैंक के अनुसार, जिस संपत्ति को ई-नीलामी में रखा गया है, वह 599.44 वर्ग मीटर है और यह मुंबई के जुहू इलाके में स्थित सनी विला के नाम से मशहूर है। सनी देओल को उधारकर्ता/गारंटर बताया गया है और अन्य गारंटर धर्मेंद्र सिंह देओल और सनी साउंड्स प्राइवेट लिमिटेड हैं। बैंक वित्तीय संपत्तियों के जुड़े अधिनियम के तहत संपत्ति की नीलामी कर रहा है। इस नीलामी के लिए प्रॉपर्टी का रिजर्व प्राइस 51.43 करोड़ रुपये रखा गया है। बीओबी के मुताबिक, संपत्ति का निरीक्षण 14.9.2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच किया जा सकता है। बैंक ने कहा कि उधारकर्ता/गारंटर बिक्री से पहले किसी भी समय बकाया राशि/लागत/शुल्क और खर्च का भुगतान कर सकते हैं। नीलामी नोटिस मुंबई के बैलार्ड एस्टेट बीओबी की जोनल स्ट्रेस्ड एसेट रिकवरी ब्रांच द्वारा जारी किया गया है। जब आईएएनएस ने बीओबी ई-नीलामी विज्ञापन पर उनकी प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की तो सनी देओल फोन पर उपलब्ध नहीं थे।

# ममता सरकार विश्व बैंक से ले रही 2,500 करोड़ रुपये का कर्ज

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल सरकार विश्?व बैंक से 2,500 करोड़ रुपये का कर्ज ले रही है। ममता सरकार इस पूरे पैसे का उपयोग राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए करेगी। राज्य के वित्त विभाग के सूत्रों ने कहा, "ऋण राशि के उपयोग के माध्यम से बुनियादी ढांचे के विकास का फोकस क्षेत्र राज्य में सड़क नेटवर्क और जल परिवहन प्रणालियों में सुधार होगा। वित्त विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार अगले 10 वर्षों में राज्य से निर्यात में सुधार पर जोर देना चाहती है, जिसके लिए तत्काल पारगमन प्रणाली विकसित करना आवश्यक है। इसलिए, इस साल नवंबर में होने वाले आगामी बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट से पहले इस संबंध में काम शुरू हो जाएगा। अधिकारी ने कहा कि समग्र बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा, ऋण राशि का उपयोग लॉजिस्टिक क्षेत्र में लगे लोगों के विशेष प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। राज्य सरकार ने पहले ही 930 किमी क्षेत्र को कवर करते हुए चार आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उसमें से 630 किमी का सबसे लंबा कॉरिडोर उत्तर बंगाल में होगा और बाकी तीन दक्षिण बंगाल में होंगे। अधिकारी ने कहा कि इन आर्थिक कॉरिडोर के विकास से राज्य सरकार संभावित निवेशकों को बंगाल को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करने में सक्षम होगी। उद्योग पर्यवेक्षकों का मानना है कि हालांकि इस तरह की पहल निस्संदेह सकारात्मक कदम हैं, लेकिन बड़े निवेश को आकर्षित करने का कोई भी प्रयास तब तक सफल नहीं होगा, जब तक कि राज्य सरकार की भूमि और विशेष आर्थिक क्षेत्र नीतियों में बदलाव नहीं किया जाता।

## टमाटर के बाद अब प्याज भी सस्ते में देगी सरकार

# आज से 25 रुपये किलो होगी बिक्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**



महंगाई से आम लोगों को राहत देने के लिए सरकार लगातार दखल दे रही है। करीब एक महीने से आम लोगों को इसी कारण सस्ते भाव पर टमाटर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब सरकार सस्ते भाव पर प्याज भी उपलब्ध कराने जा रही है। इसके तहत लोगों को 25 रुपये किलो के भाव पर प्याज मिलेगा। रियायती भाव पर प्याज की बिक्री सोमवार 21 अगस्त से शुरू होगी। सस्ते भाव पर प्याज की यह बिक्री सहकारी एजेंसी नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फंडेरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड यानी एनसीसीएफ के द्वारा की जाएगी। एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एनसीसीएफ सोमवार से 25 रुपये किलो के रियायती भाव पर प्याज की बिक्री करेगी। इससे पहले शनिवार को सरकार ने प्याज के निर्यात पर पाबंदी लगाने की जानकारी दी थी। केंद्र सरकार ने देश से प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी का भारी-भरकम शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। निर्यात पर यह पाबंदी 31 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगी। केंद्र सरकार के इस कदम को प्याज की कीमतों में तेजी की आशंका करे दूर करने के प्रयासों से जोड़ कर देखा जा रहा है। ऐसी आशंकाएं जताई जा रही थीं कि टमाटर के बाद प्याज भी आम लोगों की मुसीबतें बढ़ा सकता है और सितंबर से इसकी कीमतों में भारी तेजी देखी जा सकती है। यही कारण है कि सरकार ने पहले से ही तैयारियां तेजी कर दी है, ताकि आने वाले महीनों में फेसटिव सीजन के दौरान लोगों को महंगाई ज्यादा परेशान न करे। प्याज की कीमतों को नियंत्रित रखने के प्रयासों के तहत सरकार ने इसके बफर स्टॉक की लिमिट भी बढ़ा दी है। पहले प्याज के लिए बफर लिमिट 3 लाख मीट्रिक टन तय की गई थी। तय टारगेट के हिसाब से खरीद हो जाने के बाद सरकार ने अब इसे बढ़ाकर 5 लाख टन कर दिया है। सरकार ने सहकारी एजेंसियों एनसीसीएफ और नाफेड दोनों को अतिरिक्त 1-1 लाख टन प्याज खरीदने को कहा है। दूसरी ओर सरकार ने बफर स्टॉक से प्याज को बाजार में भेजने की शुरूआत कर दी है। अभी तक सुरक्षित भंडार से करीब 1,400 टन प्याज बाजार में उतारा जा चुका है। यह घरेलू बाजार में प्याज की मांग को पूरा करने और पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखना सुनिश्चित करने के लिए है, ताकि घरेलू बाजार में प्याज के भाव भी टमाटर की तरह आसमान पर न पहुंच जाएं। इससे पहले टमाटर के भाव लोगों को परेशान कर चुके हैं। देश के विभिन्न शहरों में टमाटर के भाव एक समय 200-250 रुपये किलो तक पहुंच गए थे। उसके बाद एनसीसीएफ और नाफेड ने सस्ते भाव पर टमाटर बेचने की शुरूआत की थी। पहले टमाटर 90 रुपये किलो के भाव में बेचे जा रहे थे। अब आज से इसकी कीमतें घटाकर 40 रुपये किलो कर दी गई हैं। टमाटर व अन्य सब्जियों के भाव बढ़ने से जुलाई में खुदरा महंगाई की दर 7 फीसदी के पार निकल गई थी।

## विदेश

# अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी लोगों का वोट बदल देगा जीत-हार का समीकरण

**एजेंसी। वाशिंगटन**




संयुक्त राज्य अमेरिका में सभी पंजीकृत मतदाताओं में से लगभग 1 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी न केवल अपनी बढ़ती संख्या लगभग 40 लाख के कारण बल्कि अपने बढ़ते प्रभाव और समृद्धि के कारण भी एक शक्तिशाली राजनीतिक ताकत बन गए हैं। अक्सर बैटलग्राउंड या स्विंग स्टेट्स में प्रमुख प्लेयर माने जाने वाले भारतीय-अमेरिकियों का प्रभाव मतपेटी पर स्पष्ट है। वे नवंबर 2020 की राष्ट्रपति पद की कड़ी प्रतिस्पर्धा में मतदान करने के लिए बड़ी संख्या में आए थे। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स ने समुदाय को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 2020 के डेमोक्रेटिक प्राइमरी के दौरान, उम्मीदवारों को भारतीय-अमेरिकियों से पर्याप्त वित्तीय सहायता मिली। सितंबर में, भारतीय-अमेरिकियों ने एक रात में जो बाइडेन अभियान के लिए रिकॉर्ड 33 मिलियन डॉलर जुटाए। और वीकेंड में, अनुमान लगाया गया था कि हैरिस के लिए एक कार्यक्रम ने कम से कम 2 मिलियन डॉलर से 3 मिलियन डॉलर और जुटाए होंगे। अमेरिकी वर्तमान जनसंख्या सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, 71 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकियों ने 2020 चुनाव में मतदान किया, जो 2016 की तुलना में नौ प्रतिशत की वृद्धि है। लगभग 1.3 मिलियन भारतीय-अमेरिकियों ने एरिजोना, फ्लोरिडा, जॉर्जिया, मिशिगन, उत्तरी कैरोलाइना, पेंसिल्वेनिया, टेक्सस और विस्कॉन्सिन में मतदान किया। ये ऐसे राज्य हैं जिनकी अमेरिका में दो प्रमुख पार्टियों में से किसी के प्रति कोई स्पष्ट निष्ठा या झुकाव नहीं है। पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय की सुमित्रा बद्रीनाथन ने कहा, ₹चुनिंदा स्विंग राज्यों में, भारतीय-अमेरिकी आबादी जीत के अंतर से अधिक है जिसने 2016 की राष्ट्रपति पद की दौड़ में हिलेरी क्लिंटन और ट्रम्प को अलग कर दिया था।₹ भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेट का समर्थन किया है, 2016 के एग्जिट पोल से संकेत मिला कि पांच में से चार (79 प्रतिशत) एशियाई अमेरिकियों ने हिलेरी क्लिंटन को वोट दिया, जबकि केवल 18 प्रतिशत ने डोनाल्ड ट्रम्प को वोट दिया।

## रूस के बुराटिया गणराज्य में नदी में बाढ़ के चलते आपातकाल घोषित

**मॉस्को।** रूस के बुराटिया गणराज्य में एक बांध टूटने, नदी से पानी बहने और रेलवे ट्रैक के क्षतिग्रस्त होने के बाद आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई। क्षेत्रीय प्रमुख ने रविवार को यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, बुराटिया के प्रमुख एलेक्सी त्सिडेनोव ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर कहा कि उन्होंने सेवेरो-बाइकाल्स्की जिले की स्थिति पर एक आयोग का गठन किया, जहां कोल्ड रिवर और बैकाल-अमूर मेनलाइन (बीएएम) भारी वर्षा से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि राहत प्रयासों के समन्वय के लिए एक मुख्यालय का गठन किया गया है और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए सड़क और निर्माण उपकरण का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्तर कम हो रहा है और लोगों को कोई खतरा नहीं है।

## फैसला — चुनाव में अपनी हार को पलटने के लिए कानून के उल्लंघन का है आरोप

# जॉर्जिया की अदालत में आज आत्मसमर्पण करेंगे ट्रंप

**एजेंसी। वाशिंगटन**



पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास जॉर्जिया राज्य की अदालत में एक आपराधिक मामले में आत्मसमर्पण करने के लिए 22 अगस्त तक का समय है और स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि वे प्रक्रिया के कुछ सबसे हानिकारक हिस्सों को माफ करने की योजना नहीं बना रहे हैं। एक पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के फ्रंट और प्रोफाइल शॉट्स। लेकिन इस मामले का ट्रंप के लिए कहीं अधिक गंभीर प्रभाव है, उनके अन्य तीन अभियोगों की तुलना में कहीं अधिक। मैनहट्टन में पहले मामले में दोषी पाए जाने पर जेल की सजा होने की संभावना नहीं है। अन्य दो में दोषसिद्धि - 6 जनवरी को उनकी 2020 की हार को पलटने के प्रयास और वर्गीकृत दस्तावेजों को संभालने के लिए जेल की सजा हो सकती है, लेकिन राष्ट्रपति चुने जाने पर ट्रम्प खुद को माफ कर सकते हैं। और यदि मामले 20 जनवरी, 2025 तक हल नहीं हुए, जब वह निर्वाचित होने पर पद ग्रहण करेंगे, तो वह उन्हें रोकने में सक्षम हो सकते हैं, क्योंकि वे दोनों न्याय विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं, जो उस स्थिति में उनके अधीन होगा। लेकिन फुल्टन काउंटी का मामला अलग है। यह न तो मैनहट्टन मामले जितना हल्का है और न ही मामले के दौरान या बाद में राष्ट्रपति चुने जाने की स्थिति में ट्रम्प इसे बंद कर पाएंगे या खुद को माफ कर पाएंगे। यह एक राज्य का मामला है और संघीय निरीक्षण या नियंत्रण के अधीन नहीं है और जॉर्जिया राज्य क्षमा नियम बेहद प्रतिबंधात्मक हैं। यह ट्रम्प का चौथा अभियोग है, और एक वयस्क फिल्म स्टार को गुप्त धन के भुगतान के संबंध में व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के लिए उनके खिलाफ न्यूयॉर्क राज्य के एक मामले में कुल मिलाकर 91 - 34 आरोपों का सामना करना पड़ा। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को पलटने के 6 जनवरी के प्रयासों के संबंध में उनके खिलाफ लाए गए संघीय मामले के संबंध में। गोपनीय दस्तावेजों सहित उनके राष्ट्रपति पद के आधिकारिक कागजात के गलत प्रबंधन के संबंध में एक दूसरे संघीय मामले में 40 आरोप और 2020 के चुनाव में अपनी हार को पलटने के लिए 18 सह-अभियुक्तों के साथ काम करके रैकेटियरिंग पर राज्य कानूनों का उल्लंघन करने के लिए फुल्टन काउंटी द्वारा उनके खिलाफ 13 आरोप दायर किए गए। फुल्टन काउंटी के अभियोग से पूर्व राष्ट्रपति को सबसे अधिक चिंता होनी चाहिए, लेकिन उन्होंने इस पर एक विशिष्ट प्रतिक्रिया दी है - यह एक राजनीतिक जादू-टोना है और अभियोजक सभी डेमोक्रेट हैं या डेमोक्रेट द्वारा नियुक्त किए गए हैं और पक्षपाती हैं।

## पेज एक के शेष

### 510 प्लस टू स्कूलों में ...

प्लस टू स्कूलों में फिलहाल 11 विषयों की पढ़ाई होती है। इनमें हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास, रसायन शास्त्र, भौतिकी, जीव विज्ञान, गणित और वाणिज्य विषय के लिए सभी स्कूलों में एक-एक पद सृजित हैं। समिति की अनुशंसा को अप्रूवल मिलने के बाद स्कूलों में और दो-दो पदों का सृजन होगा।

झारखंड में कुल 635 प्लस टू स्कूल हैं। इनमें से 510 प्लस टू स्कूलों में पद स्वीकृत हैं, जबकि 125 स्कूलों को प्लस टू के लिए अपग्रेड किया गया है। अपग्रेड स्कूलों के लिए अब तक शिक्षकों के कोई पद स्वीकृत नहीं किये गये हैं। प्लस 2 स्कूलों में 11वीं और 12वीं में करीब 276979 बच्चे पढ़ते हैं। इन छात्रों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के कुल 5610 पद स्वीकृत हैं, लेकिन कार्यरत महज 2490 ही हैं।

**किस जिले में हैं कितने प्लस टू स्कूल :** पलामू 31, धनबाद 17, बोकारो 21, कोडरमा 18, सिमडेगा 13, गिरिडीह 27, हजारीबाग 38, पश्चिमी सिंहभूम 36, पाकुड़ 16, पूर्वी सिंहभूम 20, रांची 37, रामगढ़ 12, सरायकेला खरसावां 18, साहिबगंज 16, देवघर 26, दुमका 23, जामताड़ा 11, गढ़वा 23, गोड्डा 26, गुमला 19, लातेहार 16 और लोहरदगा में 12 प्लस टू स्कूल हैं।

### कमल भूषण हत्याकांड...

द्वारा छोटू के घर की कुर्की की खबर को जोर-शोर से फैलाया गया। छोटू के घर पर कोतवाली डीएसपी और कुछ पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया,जो कुर्की की कारवाई में लगे रहे। जबकि एसएसपी ने सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार को जूरी भेज दिया। इस बीच जैसे ही छोटू कुजूर को अपने घर के कुर्की जब्ती की जानकारी मिली वह अपने कुछ करीबियों को फोन करने लगा। इसके बाद टेक्निकल सेल की मदद से उसे दबोचा गया।

सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड से ठीक पहले 30 मई 2022 को कमल भूषण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कमल भूषण की हत्या की साजिश में उनका दामाद राहुल कुजुर भी शामिल था। मामले में पिछले साल कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की मदद से रांची पुलिस ने कमल हत्याकांड में शामिल चार अपराधियों राहुल कुजूर ,डब्लू कुजूर , ख्वाइश अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया था। लेकिन कमल भूषण हत्याकांड का मुख्य आरोपी छोटू कुजूर एक साल से फरार चल रहा था। जेल से बाहर रहते हुए छोटू को दूर में कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या भी दो माह पूर्व करवा दी थी। कमल भूषण के बाद उनके अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या से उनके करीबी और परिवार वाले दहशत में रह रहे थे। कमल भूषण के बेटे पवन कुमार को लगातार पूर्व में भी धमकियां मिलती रही थी।

### ऑपरेशन डबल बुल केस में...

में बूढ़ापहाड़ इलाके में भाकपा माओवादियों के शीर्ष कमांडरों व सशस्त्र कैडरों की मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में पोलित ब्यूरो सदस्य व ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो के सचिव प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने की योजना बनायी गई थी। इसके योजना के तहत भी माओवादी सुरक्षाबलों को निशाना बनाना चाहते थे।

### सांसदों की ...

क्षेत्र में किस तरह लागू कराया और इसका जनता पर क्या प्रभाव पड़ा है, इसका भी आकलन किया गया है। भाजपा के उच्च सूत्रों के अनुसार पांच से छह सीटों पर आने वाले चुनाव में नये चेहरे सामने आ सकते हैं। पिछले चुनाव में बड़े अंतर से बाजी मारने वाले सांसदों का भी टिकट कट सकता है। केवल मोदी लहर के नाम पर पार्टी चुनाव में नहीं उतरने वाली है। उम्मीदवारों के चयन में किसी तरह समझौता नहीं करने जा रही हैं। पार्टी के अंदरखाने कई सीटों को लेकर अटकलें लगायी जा रही है। धनबाद के सांसद पीएन सिंह का मामला उम्र को लेकर फंस सकता है। भाजपा के अंदर धनबाद के कई दावेदारों ने भी लॉबिंग शुरू कर दी है। वहीं चतरा, पलामू, लोहरदगा, दुमका की सीट को लेकर भी अटकलें हैं। लोकसभा की पांच आदिवासी सीटों पर पार्टी की विशेष नजर है। इसमें खूंटी, लोहरदगा और दुमका भाजपा के पास है। भाजपा ने आदिवासी सीटों पर बहुत ही कम अंतर से चुनाव जीता है। चर्चा है कि राज्य के कुछ दिग्गज नेता अपनी नयी जमीन तलाश रहे हैं। अपनी सीटें बदल सकते हैं। वहीं सिंहभूम और राजमहल पर यूपीए का कब्जा है। इन सीटों पर भी पार्टी अपना पिछला उम्मीदवार बदल सकती है।

इसके साथ ही भाजपा मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, असम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल और यहां तक कि अपने सबसे मजबूत गढ़ गुजरात में भी कई वर्तमान सांसदों का टिकट काटने जा रही है। गुजरात में पार्टी के कई दिग्गज राज्य सभा सांसद इस बार लोक सभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं और उन्हें वर्तमान सांसदों का टिकट काट कर ही टिकट दिया जाएगा।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इनमें से कुछ सांसदों का टिकट उम्र के फैक्टर की वजह से काटा जा रहा है लेकिन ज्यादातर सांसद ऐसे हैं जो अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय नहीं रहे हैं। पार्टी की नजर ऐसे सांसदों पर भी बनी हुई है जो 2014 और 2019 में एक ही सीट से लगातार दो बार चुनाव जीत चुके हैं।

हालांकि इनमें से कई सांसदों ने पार्टी आलाकमान का रुख भांपकर आला नेताओं तक दौड़ लगाना शुरू कर दिया है तो वहीं कई सांसद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में अपने संपर्कों का इस्तेमाल कर टिकट बचाने की कोशिश में लग गए हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### अमित शाह की कांग्रेस को चुनौती, बोले-

# हिम्मत है तो 50 साल का रिपोर्ट कार्ड दें

**केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने मप्र सरकार के 20 वर्षों का कामों का रिपोर्ट कार्ड जारी किया**



**एजेंसी। भोपाल**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को भोपाल प्रवास के दौरान कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि हमने मध्य प्रदेश को 20 साल में विकसित राज्य के रूप में आगे ले जाने काम किया है। आत्म निर्भर मध्य प्रदेश की नींव इन वर्षों में रखी गई। उन्होंने कांग्रेस के लोगों से पूछा कि आपने मध्यप्रदेश के साथ कितना न्याय किया, इसका हिसाब दीजिए। आंकड़े लेकर नौ करोड़ जनता के सामने आइए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में करीब कल्याण महाअभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का गठन 1956 में हुआ, तब से 2003 तक कांग्रेस का शासन रहा। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को 53 साल में बीरारू राज्य बनाया। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि 'हिम्मत है तो आपके 50 साल का रिपोर्ट कार्ड लेकर आइए। 2004 से 14 में जब सोनिया-मनमोहन सरकार थी, मध्यप्रदेश को एक लाख 58 हजार करोड़ रुपये सिर्फ 10 साल में दिए। मोदी सरकार ने नौ साल में आठ लाख 30 हजार करोड़ रुपये मध्यप्रदेश को देने का काम किया। उन्होंने इस मौके पर मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार के 20 साल (2003-2023) का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बेहद मेहनती बताते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि 'हमने एक बीमारू राज्य को देश के सबसे विकसित राज्य में पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आने वाले अमृतकाल का समय मध्य प्रदेश के लिए बेमिसाल साबित होगा। हर क्षेत्र में एमपी आगे बढ़ रहा है। यहां सभी अंचलों तक विकास पहुंचाया है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2024 में लोकसभा की पूरी सीट हमें जनता देगी।

शाह ने कहा कि 2003 में बंटाधार की सरकार को हटाकर उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में 20 साल में विकास के कार्य हुए हैं। मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। मैं मध्य प्रदेश की जनता को कहने आया हूं कि यह गरीबी से मुक्ति का चुनाव है। आबादी के 10 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। दिग्विजय- कमल नाथ जवाब दें कि अजा- अजजा के मात्र एक हजार करोड़ रुपये खर्च करते थे, आज हमारी सरकार इस वर्ग पर 64 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। स्वास्थ्य का बजट 580 करोड़ से बढ़कर 16 हजार करोड़ हुआ। सर्व शिक्षा अभियान का बजट बढ़ा है। पहले सड़कों में गड्ढे थे या गड्ढे में सड़क थी, समझ में नहीं आता था। कांग्रेस ने किसानों को गुमराह किया। जिसने खेत नहीं देखा, वो कमल नाथ एमएसपी की बात करते हैं। मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 40 हजार हो गई है। उन्होंने ललकारते हुए कहा कि कांग्रेस हमारे रिपोर्ट कार्ड का जवाब दे और हिम्मत है तो पचास साल का हिसाब दे। मनमोहन सरकार ने मात्र एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये दिये और मोदी सरकार ने आठ लाख 31 हजार करोड़ दिये। राशन कांग्रेस के चट्टे-पट्टे ही खा जाते थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने योजना बनाने में कटौती नहीं की और बजट देने में भी कमी नहीं की। पहले टुकड़े-टुकड़े में विकास होता था। अब समुचित विकास होता है। 80 लाख शौचालय बन चुके है, 10 लाख 87 हजार सिलेंडर वितरित किए हैं। 31 हजार करोड़ की लागत से नर्मदा एक्सप्रेस वे का निर्माण किया है।

## उत्तराखंड : गंगोत्री हाइवे पर बस खाई में गिरी, 07 यात्रियों की मौत

**गंगोत्री धाम के दर्शन बस से लौट रहे थे यात्री, 27 घायलों का किया गया रेस्क्यू**

**राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर जताया दुख, कहा-बहुत पीड़ादायक है**



**एजेंसी। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड में गंगोत्री दर्शन कर लौट रही गुजरात के यात्रियों से भरी बस रविवार को दोपहर बाद गंगनानी के पास अनियंत्रित होकर के गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 07 यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 27 यात्री घायल हो गए। इन सभी को रेस्क्यू कर चिकित्सालयों में भेजा गया है। बस में लगभग 33 यात्रियों और बस स्टाफ सहित कुल 35 लोग सवार बताए गए हैं। अभी सभी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। लापता हुए कुछ लोगों को खोजने के लिए अभी रेस्क्यू कार्य जारी है। प्रदेश सरकार की ओर से गंगोत्री राज्य मार्ग उत्तरकाशी बस दुर्घटना को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री से उत्तरकाशी जा रही बस के गंगनानी में दुर्घटना को दुखद बताते हुए प्रशासन को त्वरित राहत बचाव के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने इस घटना में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार बताया। उन्होंने प्रशासन को त्वरित रूप से राहत और बचाव कार्य संचालित करने और घायलों के उपचार के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने जनपद उत्तरकाशी में हुई वाहन दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने इस दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। इस दुर्घटना की सूचना पर जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी पुलिस टीम, एसडीआरएफ, एनडीआरफ, फायर सर्विस, 108 एम्बुलेंस मौके पर मौजूद हैं। घटना स्थल पर रेस्क्यू कार्य अभी किया जा रहा है ताकि लापता लोगों को खोजा जा सके।

## NEWS इन ब्रीफ

### पीएम ने राजीव गांधी को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की जन्म-जयंती पर मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इसके अलावा संसद भवन के सेंट्रल हॉल में भी दिवंगत नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य नेता मौजूद रहे।

### गडकरी कार सुरक्षा रेटिंग से जुड़े कार्यक्रम को कल करेंगे लांच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को 'भारत नई कार मूल्यांकन कार्यक्रम' (भारत एनसीएपी) लांच करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में 3.5 टन तक के मोटर वाहनों के सुरक्षा मानकों को बढ़ाना है। इससे ग्राहकों को वाहन की दुर्घटना सुरक्षा और तुलनात्मक मूल्यांकन करने में आसानी होगी। सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार कार निमार्ता स्वेच्छा से ऑटोमोटिव उद्योग मानक (एआईएस) 197 के अनुसार अपने कारों का परिक्षण करा सकते हैं। इसके आधार पर कार को वयस्क और बाल सुरक्षा की दृष्टि से स्टार रेटिंग दी जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर प्रशासन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रहा : महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन कश्मीरी कर्मचारियों को आतंकवादी समर्थक करार देकर चुनिंदा तरीके से सेवा से बर्खास्त कर रहा है। महबूबा की यह प्रतिक्रिया जम्मू-कश्मीर बैंक द्वारा राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा होने के आरोप में अपने मुख्य प्रबंधक सज्जाद अहमद बजाज को बर्खास्त किए जाने के एक दिन बाद आई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, कश्मीरी कर्मचारियों को आतंकवादी समर्थक और आईएसआई समर्थक बताकर चुनिंदा तरीके से बर्खास्त करना सामान्य हो गया है। उन्होंने कहा, जब सरकार जज और ज्यूरी की भूमिका निभा रही होती है तो आरोपी को अपनी बेगुनाही साबित करने का मौका नहीं दिया जाता।

## आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा सक्रियता से सूचना प्रदान करने सहित सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने कहा कि सार्वजनिक जवाबदेही एक महत्वपूर्ण विशेषता है जो कर्तव्य धारकों और अधिकार धारकों के बीच संबंधों को नियंत्रित करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि शक्ति एवं जवाबदेही साथ-साथ चलती हैं और कहा कि सभी नागरिकों को अधिनियम की धारा-3 के तहत सूचना पाने का अधिकार है। इसी तरह, आरटीआई अधिनियम की धारा-4 में सार्वजनिक प्राधिकरणों के दायित्व के रूप में कर्तव्य का प्रावधान किया गया है। पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोग अधिनियम की धारा-4 के क्रियान्वयन की निरंतर निगरानी करेंगे। सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा-4 सार्वजनिक प्राधिकरणों के दायित्वों से संबंधित है। आरटीआई अधिनियम की धारा 4(1)(बी) उस जानकारी का प्रावधान करती है जिसे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा स्वतः संज्ञान या सक्रिय आधार पर प्रकट किया जाना चाहिए। वहीं, धारा 4(2) और धारा 4(3) इस जानकारी के प्रसार की प्रक्रिया निर्धारित करती है। शीर्ष अदालत ने सूचना का अधिकार अधिनियम के उस प्रावधान के प्रभावी क्रियान्वयन के अनुरोध वाली किशन चंद जैन की याचिका पर एक फैसले में यह बात कही, जो सार्वजनिक प्राधिकारियों को अपने कामकाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी का स्वतः खुलासा करने का प्रावधान करता है।

### कांग्रेस कार्य समिति के गठन की घोषणा

## सचिन पायलट और थरूर को भी मिली जगह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के गठन का ऐलान किया। इसमें शशि थरूर और सचिन पायलट को भी जगह मिली है। दोनों पहली बार इसमें शामिल हुए हैं। सीडब्ल्यूसी में 39 सदस्य, 18 स्थायी आमंत्रित, नौ विशेष आमंत्रित और पदेन सदस्य एवं प्रभारियों के नाम शामिल हैं। सीडब्ल्यूसी में मल्लिकार्जुन खड़गे के अलावा सोनिया गांधी, डॉ. मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, एके एंटनी, अंबिका सोनी, मीरा कुमार, दिग्विजय सिंह, पी. चिदम्बरम, तारिक अनवर, ललथनहावला, मुकुल वासनिक, आनंद शर्मा, अशोक चव्हाण, अजय माकन, चरणजीत सिंह चन्नी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कुमारी शैलजा, गैखंगम, एन रघुवीरा रेड्डी, शशि थरूर, ताम्रध्वज साहू, अभिषेक मनु सिंघवी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, जीतेन्द्र सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सचिन पायलट, दीपक बाबरिया, जगदीश ठाकोर, जीए मीर, अविनाश पांडे, दीपादास मुंशी, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन, कमलेश्वर पटेल और केसी वेणुगोपाल शामिल हैं।

**स्थायी आमंत्रित :** वीरप्पा मोइली, हरीश रावत, पवन कुमार बंसल, मोहन प्रकाश, रमेश चेन्निथला, बीके हरिप्रसाद, प्रतिभा सिंह, मनीष तिवारी, तारिक हमीद कर्रा, दीपेन्द्र सिंह हुडडा, गिरीश राया चोदनकर, टी सुब्बारामी रेड्डी, के राजू, चंद्रकांत हंडोरे, मीनाक्षी नटराजन, फुलो देवी नेताम, दामोदर राजा नरसिम्हा और सुदीप रॉय थुरमन शामिल हैं।

**विशेष आमंत्रित :** पल्लम राजू, पवन खेड़ा, गणेश गोदियाल, कोडिककुनिल सुरेश, यशोमति ठाकुर, सुप्रिया श्रीनेत, प्रणिति शिंदे, अलका लांबा, वामशी चंद रेड्डी।

**पदेन सदस्य :** श्रीनिवास बीवी अध्यक्ष आईवाईसी, नीरज कुन्दन अध्यक्ष एनएसयूआई, नेट्टा डिसूजा अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, सेवादल के मुख्य संगठक लालजी देसाई।

**प्रभारी :** डॉ. ए चेल्लाकुमार, भक्त चरण दास, डॉ. अजय कुमार, हरीश चौधरी, राजीव शुक्ला, मनिकम टैगोर, सुखविन्दर रंधावा, माणिकराव ठाकरे, रजनी पटेल, कन्हैया कुमार, गुरदीप सप्पल, सचिन राव, देवेन्द्र यादव, मनीष चतरथ।

## चीनी घुसपैठ की राहुल की टिप्पणी पर भाजपा का पलटवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने रविवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि चीन ने लद्दाख में लोगों की जमीन छीन ली है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम आपसे क्या उम्मीद कर सकते हैं? जवाहरलाल नेहरू के समय में चीन ने 1962 के युद्ध से पहले और बाद में (भारत की) कितनी जमीन पर कब्जा किया था, क्या आपको राहुल गांधी जी याद है? वह दौरे से पहले एजेंडा तय करते हैं। केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार का जिक्र करते हुए प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी, यह आपकी सरकार की आधिकारिक लाइन थी कि अरुणाचल प्रदेश से लद्दाख तक भारत-



चीन सीमा पर सड़कें, पुल नहीं बनाए जाएंगे क्योंकि चीन चिढ़ जायेगा। संसद के अंदर आपके रक्षा मंत्री ए.के. एंटनी ने कहा था कि हम बुनियादी ढांचे का निर्माण कर चीन को परेशान नहीं करना चाहते हैं। तो, यह आपका अतीत है। उन्होंने कहा, आपने राफेल में क्या किया? दुनिया ने देखा। आपने लद्दाख के बारे में बिल्कुल गलत कहा है। (नरेंद्र) मोदी सरकार लद्दाख के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और बहुत कुछ कर रही है। हम जानते हैं कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग आपके साथ चलते हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि देश का मनोबल ना तोड़ें।" इससे पहले लद्दाख में राहुल गांधी ने कहाः यहां, चिंता की बात यह है कि चीन ने जमीन छीन ली है और लोग प्रभावित हैं। लोग कह रहे हैं कि चीनी सेना (भारतीय क्षेत्र में) घुस आई है। राहुल गांधी ने कहा, "प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारत ने एक इंच जमीन नहीं खोई है, लेकिन लद्दाख में यह सच नहीं है।"

### जागरुकता वॉट्सऐप-ईमेल से आधार कार्ड शेयर करना पड़ सकता है भारी

## आधार सेंटर से करायें डिटेल अपडेट

**आरएनएम। नई दिल्ली**

यदि आप किसी के कहने पर आराम से बिना सोचे समझे वॉट्सऐप या ईमेल से अपना आधार कार्ड शेयर कर देते हैं तो यह आपको भारी पड़ सकता है। यूनिक आइडेंटिटी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इससे सावधान रहने को कहा है। क्योंकि धोखाधड़ी करने वाले आपको ऑनलाइन आधार कार्ड अपडेट करने का लालच देकर कहते हैं कि आप ऑनलाइन मोड जैसे वॉट्सऐप या जीमेल से आधार कार्ड का डिटेल भेजिए। और उनके झांसे में आकर लोग आधार कार्ड डिटेल शेयर कर देते हैं। जबकि ऐसा करना सुरक्षित नहीं होता है। धोखाधड़ी करने वाले यहीं से फ्रॉड की शुरूआत करते हैं इस तरह के तमाम




धोखाधड़ी के मामले सामने आने के बाद यूनिक आइडेंटिटी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने स्पष्ट किया है कि उसकी तरफ से कभी भी उपभोक्ता से आधार अपडेट के नाम पर जीमेल या वॉट्सऐप से आधार या फिर अन्य डिटेल नहीं मांगी जाती है। आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए आपको कंपनी का ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करना होता है, उसी वेबसाइट पर सारे दस्तावेज दर्ज करने होंगे। इसके लिए अलग से वॉट्सऐप या फिर मेल नहीं करना होता है। इसके अलावा उपभोक्ता आधार सेंटर से भी सीधे आधार अपडेट करा सकते हैं।

**अपना आधार अपडेट करने के लिए**

- सबसे पहले आपको यूआईडीएआई की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।
- इसके बाद अपना आधार नंबर डालें।
- फिर आपके ऑफिशियल मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा।
- इसके बाद डॉक्यूमेंट अपलोड करके उसे वेरीफाई करना होगा।
- फिर नीचे ड्रॉप डाउन मेन्यू में डॉक्यूमेंट के स्कैन कॉपी को अपलोड करना होगा।
- फिर आपको एक रिक्वेस्ट नंबर मिलेगा।
- इस नंबर से आप आधार अपडेट की जानकारी हासिल कर सकते हैं।




### बॉक्स ऑफिस पर जलवा बरकरार, 'गदर-2' ने वर्ल्डवाइड 395.10 करोड़ का कलेक्शन किया




**इस** माह रिलीज हुई कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा बिजनेस कर रही हैं। इसमें सनी देओल की गदर-2 ने अपने पहले हफ्ते में टिकट खिड़की पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर परचम लहरा दिया है। फिल्म गदर-2 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 395.10 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म गदर-2 ने दूसरे हफ्ते के शुक्रवार को 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। शनिवार का कलेक्शन आंकड़ा भी जबरदस्त है। गदर-2 को रिलीज हुए 9 दिन हो गए हैं। हालांकि, इतने लंबे समय के बाद भी फिल्म को लेकर लोगों का क्रेज कम नहीं हो रहा है। इसका अंदाजा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के आंकड़ों को देखकर लगाया जाता है। दर्शकों का उत्साह देखते हुए दूसरे हफ्ते में भी पहले हफ्ते की तरह ही दमदार कलेक्शन होने की उम्मीद है। फिल्म ने दूसरे शुक्रवार यानी रिलीज के 8वें दिन 20.50 करोड़ का कलेक्शन किया।

### सोनम कपूर के बेटे वायु के जन्मदिन पर करीना ने जमकर बरसाया प्यार



**एक्ट्रेस** करीना कपूर खान ने रविवार को सोनम कपूर और आनंद आहूजा के बेटे वायु के जन्मदिन पर जमकर प्यार बरसाया। सोनम और उनके बिजनेसमैन पति आनंद आहुजा ने 20 अगस्त, 2022 को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी सबसे अच्छी दोस्त सोनम की बेटे के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सोफे पर बैठे देखा जा सकता है और एक्ट्रेस ने एक हाथ में गुब्बारा पकड़ रखा है। ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में सोनम लाउंजवियर में नजर आ रही हैं और वायु अपनी मां की गोद में बैठा है। करीना ने तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन दियाः खुशी के इस दिन पर जन्मदिन की शुभकामनाएं!

### गैंगस्टर बिश्नोई ने सलमान खान को मारने की सुपारी अपने भाई को सौंपी!

**स्पेशल** सेल के सूत्रों ने दावा किया कि, "गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को मारने की सुपारी अपने भाई और साथी गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को दी है।" सूत्रों ने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान को मारने के लिए तीन बार योजना बनाई थी, लेकिन हर कोशिश विफल रही। सलमान खान को मारने के लिए बिश्नोई द्वारा डिजाइन किए गए इन तीन ऑपरेशनों का नेतृत्व गैंगस्टर संपत नेहरा, दीपक और टीनू ने किया था। सूत्रों ने कहा कि तीनों अपने मिशन में फेल हो गए। इसके बाद,



लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान को मारने का काम किसी और को सौंपने का फैसला किया है। उसने ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए अपने भाई अनमोल को चुना। सूत्रों से यह भी पता चला है कि लॉरेंस के गिरोह ने तुर्की निर्मित जिगाना पिस्तौल के बजाय जर्मनी निर्मित पीएस 30 पिस्तौल का उपयोग करना शुरू कर दिया है। ये पिस्तौलें 8 से 10 लाख रुपये के बीच में आती हैं और गिरोह को ये हथियार विदेश स्थित सहयोगियों से मिल रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि रंजीत दुपला अमेरिका में रहकर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों के संपर्क में है। दुपला पहले पंजाब का एक गैंगस्टर था जो अमेरिका भाग गया था और अब एक अंतरराष्ट्रीय हथियार डीलर है। 2017 में, डुपला को हथियार तस्करी के एक मामले में पंजाब के फरीदकोट की जिला अदालत द्वारा अपराधी घोषित किया गया था।